स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, सोमवार
21 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -239 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net
web portal : swatantrabharat.net

**शुभमन गिल पर स्लोओवर रेट के लिए लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना**





**आज का मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - 40⁰ |
| न्यूनतम तापमान | - 26⁰ |
| सूर्योदय | - 05:36 |
| सूर्यास्त | - 06:33 |

बादल छाये रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति आज से भारत दौरे पर

**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत के चार दिन के दौरे पर आ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और तीनों बच्चे भी इस ट्रिप पर आएंगे। वे इटली का दौरा कर भारत आ रहे हैं। सोमवार सुबह 10 बजे जेडी वेंस दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। इसके बाद वे अक्षरधाम मंदिर जाएंगे और पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प देखने किसी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी जाएंगे। इस दौरे पर जेडी वेंस पीएम मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अमेरिका में भारतीय दूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी जेडी वेंस के लिए डिनर आयोजित करेंगे।

### राउत बोले गठबंधन की अभी कोई बात नहीं

**मुंबई।** राज ठाकरे की पार्टी मनसे और उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी के बीच गठबंधन की चर्चा पर शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा है कि अभी दोनों पार्टियों में कोई गठबंधन नहीं हुआ है और सिर्फ भावुक बयानबाजी चल रही है। राउत ने कहा कि दोनों भाईयों के बीच का रिश्ता अभी टूटा नहीं है। राउत ने कहा कि अभी कोई गठबंधन (मनसे और शिवसेना यूबीटी) नहीं हुआ है, सिर्फ भावुक बयानबाजी चल रही है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे भाई हैं। हम वर्षों तक साथ रहे हैं। हमारा रिश्ता अभी नहीं टूटा है। गठबंधन को लेकर दोनों भाई फैसला करेंगे। उद्धव ठाकरे ने जो कहा है, हम उसे स्वीकार करते हैं कि अगर हमें साथ आने की जरूरत होगी तो हम आएंगे।

### कश्मीर में भारी बारिश से बाढ़, तीन मरे

**रामबन।** जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। लगातार हो रही मूसालाधार बारिश ने जन जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है. जिले के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के साथ हो रहे भूस्खलन ने हालात और भी बदतर कर दिए हैं। खराब मौसम और भारी बारिश के कारण बाढ़ आने की संभावना को देखते हुए रामबन प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। जिला प्रशासन ने रामबन के सभी सरकारी और निजी स्कूल, कॉलेज और तकनीकी शिक्षा संस्थान आज भी बंद रहेंगे।

# निर्वाचन प्रक्रिया और सुधारेगा चुनाव आयोग

### छोटी-छोटी त्रुटियों को भी सूचीबद्ध कर दुरुस्त करेगा

### वोटर लिस्ट को अंतिम रूप देने से पहले राजनीतिक दलों के साथ होगी चर्चा




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चुनाव से जुड़ी छोटी-छोटी त्रुटियों को खत्म करने के लिए जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया है। आयोग ने चुनाव के दौरान अक्सर होने वाली इन त्रुटियों का पहचान की है जिसमें अधिकांश बूथ लेवल पर गठित होने वाली हैं। यह चाहे मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया हो या फिर मतदान के दौरान ईवीएम के रखरखाव, उनके लाने -ले जाने या फिर मॉक पोल, मतदान प्रतिशत आदि से जुड़ी हुई समस्याएं हो सकती हैं। यही वजह है कि आयोग ने इस अभियान की शुरूआत भी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के प्रशिक्षण से शुरू की है। चुनाव आयोग के अनुसार चुनाव से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रियाओं को लेकर एक तय नियम हैं। चुनाव में दौरान इनमें तभी कोई गड़बड़ी होती है जब इनमें से किसी स्टेप का ठीक तरीके से पालन नहीं किया जाता है।

### 50 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा प्रशिक्षण

हाल ही में बीएलओ व बीएलए के शुरु हुए प्रशिक्षण में इन कमजोरियों को नजदीक से देखा भी गया। आयोग के मुताबिक बूथ लेवल पर काम करने वाले अमले और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनावी नियम-प्रक्रियाओं को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस साल के अंत तक बूथ लेवल पर काम करने लाले 50 हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है।

## मणिपुर में बैन संगठनों के नौ सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल घाटी जिलों में कई प्रतिबंधित संगठनों के नौ सदस्यों को पिछले 48 घंटों में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) के दो कार्यकर्ताओं को शनिवार को इंफाल पूर्वी जिले के नोंग्दम गांव के पास नेपेटपल्ली एंड्रो रोड से गिरफ्तार किया गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वे कथित तौर पर जबरन वसूली में शामिल थे। इससे पहले सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को बिष्णुपुर जिले में प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनबा) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। उसी दिन प्रतिबंधित केसीपी (एमएफएल) के दो कार्यकर्ताओं को इंफाल पश्चिम जिले के सलाम ममांग लेइकाई केतुकी लम्पक से गिरफ्तार किया गया।

# चिंताजनक : भारत के खिलाफ बांग्लादेश की नई साजिश

### बॉर्डर के पास बना रहा तटबंध



**नई दिल्ली।** सत्ता परिवर्तन के बाद से ही बांग्लादेश और भारत के बीच संबंध खराब होते जा रहे हैं। अब बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ एक और साजिश रची है। वह दक्षिण त्रिपुरा में मुहुरी नदी के पास एक और तटबंध बना रहा है। इसकी वजह से सीमा से सटे शहरों में बाढ़ की आशंकाएं बढ़ गई हैं। बेलोनिया के सीपीएम विधायक दीपांकर सेन ने इस मुद्दे को उठाते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से तुरंत इसमें हस्तक्षेप करने की मांग क है। एक रिपोर्ट के अनुसार, नदी पर बन रहा यह तटबंध डेढ़ किलोमीटर लंबा और 20 फीट ऊंचा है। सेन ने कहा कि इंदिरा-मुजीब समझौते के अनुसार, किसी भी देश को बॉर्डर के 150 गज के अंदर किसी भी तरह का निर्माण करने की अनुमति नहीं है। इस समझौते के बाद भी बॉर्डर से 50 गज की दूरी और कुछ जगह 10 गज की दूरी पर इस तटबंध का निर्माण किया जा रहा है। इसी समझौते के चलते दक्षिणी त्रिपुरा के इलाकों में बांग्लादेश की आपत्ति के बाद कई प्रोजेक्ट्स भी रोक दिए गए। फिलहाल अभी कोई दिक्कत वाली बात नहीं है। भारत-बांग्लादेश बॉर्डर के पास मुहुरी नदी के नजदीक स्थित शहरों में रहने वाले कम से कम 500 परिवारों को इस तटबंध के निर्माण की वजह से मॉनसून में बाढ़ आने का डर है। बता दें कि तटबंध नदी के पानी के बहाव को रोकता है और इसकी वजह से ही बेलोनिया में बाढ़ आने की आशंका बढ़ गई है।

# सीएम ने परखी पीएम के आगमन की तैयारियां

### योगी ने नयागंज से रावतपुर तक किया मेट्रो सफर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को प्रस्तावित कानपुर दौरे की तैयारियों का जायजा लिया, साथ ही कई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रैली स्थल, तापीय विद्युत परियोजनाओं और मेट्रो रेल परियोजना का निरीक्षण एवं नयागंज से रावतपुर तक सफर भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आम जनता के लिए आवश्यक सुविधाओं और स्वच्छता के इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों को जनसभा में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने 3×660 मेगावाट की नेवेली, घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना का भी निरीक्षण किया। इस परियोजना की कुल लागत 21,780.94 करोड़ रुपये है, जिसमें प्रथम यूनिट (660 मेगावाट) की लागत 9,337.68 करोड़ रुपये है। इस दौरान सीएम ने परियोजना की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को तय समय में पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही, प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी तैयारियां उच्च स्तर की होनी चाहिए।

# हमें बांटना चाहते हैं भाजपा और आरएसएस : ममता

### लोगों से की शांति बनाए रखने की अपील



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने राज्य में 'दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार' शुरू किया है। ममता ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। बनर्जी ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि 'ये ताकतें' उकसावे पर हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पृष्ठभूमि का इस्तेमाल विभाजनकारी राजनीति करने के लिए कर रही हैं। उन्होंने एक खुले पत्र में आरोप लगाया, 'पश्चिम बंगाल में भाजपा और उसके सहयोगी अचानक बहुत आक्रामक हो गए हैं। इन सहयोगियों में संघ भी शामिल है। मैंने पहले संघ का नाम नहीं लिया था, लेकिन अब मुझे उसका नाम बताने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इन सभी ने मिलकर राज्य में दुष्प्रचार अभियान शुरू किया है।' ममता ने कहा, 'ये ताकतें उकसावे पर हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पृष्ठभूमि का इस्तेमाल कर रही हैं। वे इस पृष्ठभूमि का इस्तेमाल विभाजनकारी राजनीति करने के लिए कर रहे हैं। वे 'फूट डालो और राज करो' का खेल खेलने की योजना बना रहे हैं। यह भयावह है।' बनर्जी ने कहा कि दंगों में शामिल 'अपराधियों' से सख्ती से निपटा जा रहा है। उन्होंने कहा, बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए और एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए।

# मुर्शिदाबाद : बाप-बेटे की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में की गई है। वह 12 अप्रैल को की गई हत्या की इस वारदात के बाद से फरार था। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शेख को उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा स्थित उसके ठिकाने से शनिवार को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया 'यह व्यक्ति उन मुख्य आरोपियों में से एक है, जिन्होंने साजिश रचकर 12 अप्रैल को हरगोबिंदो दास और उसके बेटे चंदन दास के घर पर तोड़फोड़ करने और उनकी हत्या करने के लिए भीड़ को उकसाया था।'

# बिहार में कुर्सी के लिए है मोदी-नीतीश की जोड़ी : खड़गे

### कांग्रेस अध्यक्ष ने बक्सर में बोला हमला



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज एक दिवसीय बिहार दौरे पर पहुंचे। उन्होंने बक्सर में जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं बिहार के उन सभी लोगों को नमन करता हूं जिनके विचार आज देश-दुनिया में याद किए जाते हैं। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह आंदोलन भी बिहार के चंपारण से शुरू किया था। यह आंदोलन आजादी की लड़ाई से जुड़ा था। अब हम 'जय बापू, जय भीम और जय संविधान रैली' को लेकर इस महान धरती पर आए हैं और जो कि हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि मैं अपने आप को भाग्यशाली मानता हूं कि आज गंगा जी के तट पर बसे इस क्षेत्र में आने का अवसर मिला, जो संविधान सभा के प्रोटेम अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा जी की भूमि भी है। बिहार की धरती पर महात्मा बुद्ध जी ने तपस्या कर ज्ञान पाया और आज सारी दुनिया बुद्ध जी के शांति संदेश को मानती है। गुरु गोविंद सिंह जी भी इसी धरती पर जन्मे और कई अन्य महापुरुष, समाज सुधारक भी बिहार की धरती से निकले। यहां से कई राजनेता भी आए, जिन्होंने देश के लिए अपना योगदान दिया।कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जोड़ी केवल कुर्सी के लिए है। यह जोड़ी बिहार के विकास के लिए नहीं है। सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि वह एक बार इंडिया गठबंधन की गोद में आते हैं। इसके बाद यहां कुछ दिन गुजारने के बाद लगा कि भाजपा आनेवाली है तो वह इधर से उधर चले जाते हैं।

# नड्डा की सफाई सिर्फ डैमेज कंट्रोल : कांग्रेस

### निशिकांत दुबे-दिनेश शर्मा के बयान का मामला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा की विवादित टिप्पणियों को लेकर रविवार को भाजपा पर निशाना साधा। साथ ही कांग्रेस ने भाजपा पर कई गंभीर आरोप भी लगाते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी. नड्डा का इन बयानों से खुद को अलग करना सिर्फ़ क्षति नियंत्रण है, जबकि असल सवाल यह है कि दोनों सांसदों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। बता दें कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एससी पर सवाल उठाते हुए कहा था कि अगर कानून सुप्रीम कोर्ट को ही बनाना है तो संसद और विधानसभाएं बंद कर दी जाएं। उन्होंने सीजेआई संजीव खन्ना पर भी सीधा निशाना साधते हुए कहा कि वे देश में गृह युद्ध जैसे हालात पैदा कर रहे हैं। वहीं, पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा था कि कोई भी संसद और राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकता। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि एससी और भारत के मुख्य न्यायाधीश पर भाजपा सांसदों की अमानवीय टिप्पणियों के बाद नड्डा का स्पष्टीकरण कोई मायने नहीं रखता।

### निशिकांत पर अवमानना की कार्यवाही की मांग

**नई दिल्ली।** वक्फ अधिनियम मामले में एक वादी का प्रतिनिधित्व करने वाले सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमण को लेटर लिखकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना की कार्यवाई शुरू करने की सहमति मांगी है। दुबे ने कहा था कि इस देश में गृह युद्ध के लिए सीजेआई संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। अटॉर्नी जनरल को लिखे अपने लेटर में वकील अनस तनवीर ने कहा कि दुबे की टिप्पणी बेहद अपमानजनक और खतरनाक रूप से भड़काऊ है।

## ओवैसी ने दी प्रदर्शन जारी रहने की चेतावनी



**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक इसे वापस नहीं ले लिया जाता। तेलंगाना के हैदराबाद स्थित एआईएमआईएम मुख्यालय दारुस्सलाम में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन जारी रहेगा, जैसा कि रद्द किए जा चुके कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन जारी रहा।

# महाराष्ट्र में कानून का शासन है या बाहुबल का?

### अवैध निर्माण को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट की तीखी टिप्पणी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक प्लॉट पर बने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने पर बॉम्बे उच्च न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उच्च न्यायालय ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य में कानून का शासन है या बाहुबल का? इसके साथ ही अवैध निर्माण न हटा पाने के लिए उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र की शहर योजना एजेंसी सिडको को लताड़ लगाई। जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस कमल की खंडपीठ ने इस महीने की शुरुआत में पारित आदेश में कहा कि सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) के अधिकारी अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के इच्छुक नहीं हैं। सिडको ने अदालत को बताया कि जब उन्होंने अवैध निर्माणों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने की कोशिश की, तो उन्हें बोकाडवीरा गांव के सरपंच ने धमकाया। इसके बाद पीठ ने कहा कि अधिकारी अपने वैध कर्तव्यों का पालन करते हुए पर्याप्त पुलिस सुरक्षा पाने के हकदार हैं और अवैध कार्यों को रोकना और कानून का शासन स्थापित करना अधिकारियों का कर्तव्य है।

# तिरुपति के लड्डुओं में ग्वालियर से मिलावट!

### सीबीआई ने तेल और घी कारोबारियों को किया तलब




**ग्वालियर।** देश के सबसे चर्चित तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बीयुक्त तेल और घी मिलाने के तार ग्वालियर से जुड़ते नजर आ रहे हैं। इसी को लेकर दक्षिण भारत से सीबीआई और एसआईटी की जांच टीम ग्वालियर पहुंची। जांच टीम के चार सदस्य ग्वालियर के दाल बाजार में स्थित कारोबारियों के पास पहुंचे, जब इस बात की सूचना का पता लगा तो हड़कंप मच गया। सीबीआई की ये चार सदस्यीय टीम ने दाल बाजार के कुछ तेल और घी कारोबारी को नोटिस देकर तलब किया है।सीबीआई और एसआईटी टीम दो दिन से ग्वालियर में है। कुछ व्यापारी सीबीआई की एसआईटी के बुलाने पर भी नहीं आए तो इंदरगंज थाना पुलिस की मदद से उनको थाने लाकर पूछताछ की गई है। सीबीआई के ग्वालियर आने के बाद से दाल बाजार में कई फर्म के दफ्तर तक नहीं खुले हैं। कुछ खुले हैं तो वहां के मालिक लापता हैं। तिरुपति बालाजी प्रसाद कांड में सीबीआई दक्षिण से लेकर उत्तर भारत तक कार्रवाई कर रही है। दो दिन से सेन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की एसआईटी ग्वालियर के दाल बाजार के आसपास डेरा जमाए हुए है। पता लगा है कि सीबीआई सीपी ट्रेडिंग कंपनी मैना वाली गली के नितिन अग्रवाल उर्फ मोनू, व्यापारी मोहित अग्रवाल, अजीत कुमार राकेश कुमार के वारंट लेकर आई है। इन सभी कारोबारियों का घी और तेल का व्यवसाय है।

### लोकसभा के पूर्व अधिकारी की पुस्तक में दिया गया सुझाव

# संसद में शुरू हो प्रधानमंत्री प्रश्न काल

### साल में कम से कम 100 दिन चले सदन



**नई दिल्ली।** संसद की कार्यवाही को लेकर एक नई किताब में सुझाव दिया गया है कि संसद में बहस के प्रारूप में व्यापक बदलाव और नवाचार की जरूरत है। किताब में कहा गया है कि नेताओं की बार-बार की जाने वाली बयानबाजी के बजाय लोगों की आकांक्षाओं को संसद में बेहतर ढंग से पेश करने और लोगों की समस्याओं के समाधान पर फोकस करने की जरूरत है। किताब में साल में कम से कम 100 दिन संसद की कार्यवाही चलाने और कार्यपालिका को और जवाबदेह बनाने के लिए प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है। लोकसभा सचिवालय में पूर्व अतिरिक्त सचिव रहे देवेंद्र सिंह द्वारा लिखित किताब द इंडियन पार्लियामेंट : संविधान सदन टू संसद भवन में बताया गया है, प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से भारतीय संसदीय इतिहास में एक नए युग की शुरुआत होगी।

# दुनिया में हर सेकेंड 1.63 करोड़ की साइबर ठगी

### भारत में 6 साल में 42 गुना बढ़ी

### इस साल 1.2 लाख करोड़ की ठगी की आशंका



**नई दिल्ली।** इंटरनेट और तकनीक जीवन आसान बना रही हैं, लेकिन साइबर ठगों ने इसे खौफनाक जगह बना दिया है। 2024 में दुनिया में 498 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की साइबर ठगी हुई। यानी हर सेकेंड 1.63 करोड़ की चपट लगी।

भारत में 2023 में 9.2 लाख से ज्यादा शिकायतें आईं, जिनमें 6 हजार करोड़ की चपत लगी। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार साइबर ठगी 6 साल में 42 गुना बढ़ गई। यह तकनीकी ही नहीं, बल्कि आर्थिक व कानूनी चुनौती भी बन गया है। ठगी की रकम की लॉन्ड्रिंग के लिए मनी म्यूल, क्रिप्टोकरेंसी व हवाला नेटवर्क इस्तेमाल हो रहे हैं। सरकारें साइबर सुरक्षा पर अरबों रुपए खर्च कर रही हैं। देश में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ता जा रहा है। लोगों को निशाना बनाने के लिए नए-नए तरीके खोजे जा रहे हैं। धोखाधड़ी के लिए एक नया तरीका डिजिटल हाउस अरेस्ट काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट से पता चला है कि 2023 के दौरान देश में 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी हुई। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने 2025 में भारतीयों से 1.2 लाख करोड़ से ज्यादा की ठगी की आशंका जताई है। यह बिहार के बजट के 50 प्रतिशत के बराबर है। साइबर अपराध अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा हैं। 2024 में दुनिया में साइबर क्राइम से 498 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### भारत के 37 प्रतिशत जिलों में साइबर सेल

साइबर ठगों से लड़ाई महंगी पड़ रही है। सरकारों को पर संसाधनों और मैन पावर पर मोटा निवेश करना पड़ता है। भारत में आई4सी और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल जैसी पहल शुरू हुई हैं। देश में 2024 में 24 हजार अधिकारियों को साइबर अपराध से निपटने की ट्रेनिंग दी है। 33 राज्यों में साइबर फोरेंसिक लैब हैं। हालांकि, 37 प्रतिशत जिलों में अभी साइबर क्राइम सेल नहीं हैं। वहीं 28 हजार करोड़ भारत में भी इस साल साइबर सुरक्षा पर खर्च होने का अंदाजा है जबकि 18.10 लाख करोड़ दुनिया में 2025 में साइबर सुरक्षा पर खर्च होने का अनुमान है।

## अजगैन में सड़क हादसा टला

उन्नावः नवाबगंज के अजगैन कोतवाली क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते होते बचा। सीतापुर से माल लेकर कानपुर जा रहा एक पिकअप वाहन नवाबगंज टोल प्लाजा के पास दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गया। पिकअप चालक अंशू दीक्षित ने बताया कि टोल प्लाजा क्रांस करने के बाद सड़क पर बिखरी पड़ी गिट्टियों की वजह से वाहन का टायर फट गया। तेज गति में चल रहे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पलटने की कगार पर पहुंच गया। हालांकि, चालक की सूझबूझ से वाहन को नियंत्रित कर लिया गया। घटना के बाद वाहन का चेसिस जमीन में धंस गया है। स्थानीय लोगों की मदद से फटे हुए टायर को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। चालक ने बताया कि टायर बदलते ही वाहन को सड़क से हटा लिया जाएगा। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# महिला अपराध पर लापरवाह थाना प्रभारियों पर होगी कार्रवाई





**पुलिस अधीक्षक ने दी कड़ी चेतावनी**

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने रविवार को पुलिस लाइन में कानून व्यवस्था को लेकर अहम बैठक की। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद थे। एसपी ने जनपद में अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारियों को नियमित गश्त और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने को कहा। महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। एसपी ने स्पष्ट किया कि इन मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ितों को न्याय दिलाने में पुलिस की संवेदनशील भूमिका पर जोर दिया गया। थाना प्रभारियों को जनता से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए। वांछित और वारंटी अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के आदेश भी जारी किए गए। एसपी ने डायल 112 सेवाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं में चूक न होने की हिदायत दी। प्रभारी निरीक्षकों को अपने क्षेत्र में डायल 112 वाहनों की सक्रियता की नियमित जांच करने को कहा गया।

## उन्नाव में शराब तस्करी का भंडाफोड़,तस्कर गिरफ्तार

**हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही दो गाड़ियों से अवैध माल बरामद**



स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः पुलिस ने शराब तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर एसओजी टीम और बेहटा मुजावर थाना पुलिस ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही शराब से भरी दो गाड़ियां पकड़ी हैं। मुखबिर की सूचना पर एसओजी और स्थानीय पुलिस की टीम ने एक्सप्रेस वे पर नाकाबंदी की। संदिग्ध गाड़ियों की जांच में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। दोनों गाड़ियों की डिग्गी, स्टेपनी और छिपे हुए हिस्सों में सैकड़ों शराब की बोतलें मिलीं। तस्करों ने बोतलों को इतनी चतुराई से छिपाया था कि सामान्य जांच में पकड़ना मुश्किल था। बरामद शराब की बोतलों पर हरियाणा राज्य में बिक्री हेतु लिखा था।पुलिस के अनुसार शराबबंदी वाले राज्य बिहार में यह अवैध शराब ले जाई जा रही थी। इस मामले में एक बड़े नेटवर्क की आशंका है। पुलिस ने गाड़ियां जब्त कर ली हैं। पकड़े गए तस्करों से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। एसओजी टीम तस्करी के सरगना की तलाश कर रही है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई से तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अधिकारियों ने इस आपरेशन को बड़ी सफलता माना है।

## ट्रक से टकराई बाइक युवक की मौत

स्वतंत्र भारत,संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नावः हरदोई-उन्नाव मार्ग पर पुलिया के पास खड़े ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिछले दिन उन्नाव हरदोई मार्ग पर काली मिट्टी चौराहे के पास पुलिया के पास खड़े ट्रक में सफीपुर से बांगरमऊ की तरफ जा रही बाइक पीछे से टकरा गई। जिससे अज्ञात वाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को फतेहपुर चौरासी सीएचसी लायी जहा डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की बाइक के नंबर से व अन्य दस्तावेजों से अक्षय राजपूत निवासी लोधनहार थाना कोतवाली सदर उन्नाव के रूप् में शिनाख्त की। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर दिया है।

## अनियंत्रित होकर पलटी बोलेरो, छह घायल

स्वतंत्र भारत,संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नावः बारात से वापस आ रही बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे कार में सवार 6 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से चार घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम गुरदासपुर से एक बोलेरो कार से पिछले दिन छुही गांव निवासी ओमप्रकाश, अभिषेक, आदित्य,शिवांजलि रंजीत तथा ग्राम पंडितखेड़ा निवासी सुरेश सफीपुर के एक गेस्ट हाउस बरात में आए थे। वापस लौटते समय कल्याणी नदी के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे कार सवार छह लोग घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां से गंभीर हालत में ओमप्रकाश, अभिषेक आदित्य और शिवांजलि को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## महिला हेल्पडेस्क ने 13 जोड़ों के विवाद सुलझाए

स्वतंत्र भारत,संवाददाता उन्नावः पुलिस की महिला हेल्प डेस्क ने बड़ी कामयाबी पाई है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर वामा सारथी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन और विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं और महिला हेल्प डेस्क की टीम ने सफल काउंसलिंग के जरिए 13 जोड़ों के बीच के विवाद को सुलझाया। इनमें महिला थाना से 7 जोड़े, कोतवाली और गंगाघाट थाना से 2-2 जोड़े तथा हसनगंज औ बांगरमऊ थाना से 1-1 जोड़े शामिल थे। सभी जोड़ों ने बिना विवाद साथ रहने का वादा किया। महिला हेल्प डेस्क प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी , महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह और उनकी टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दो बाइक की भिड़ंत में किसान की मौत

**एक युवक गंभीर रूप से घायल, खेत से लौटते समय हुआ हादसा**

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः जिले के असोहा थाना क्षेत्र में पारा मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक किसान की मौत हो गई।मौरावां थाना क्षेत्र के पारा गांव निवासी शिवमंगल (60) अपने खेत से लौट रहे थे। उनकी बाइक पर एक लड़का और एक लड़की भी सवार थे। पारा मोड़ पर सामने से तेज गति में आ रही बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने शिवमंगल को मृत घोषित कर दिया। एक अन्य युवक की स्थिति गंभीर है। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक शिवमंगल परिवार के एक मात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार से दुर्घटना होने का कारण सामने आया है। पुलिस ने दोषी के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। प्रशासन ने मृतक के परिवार को सरकारी सहायता देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गंभीर रूप से घायल युवक को लखनऊ रेफर किया जा सकता है।

## दिल्ली में मजदूर ने की आत्महत्या

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः दिल्ली में बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पलिया निवासी सोनू (32) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोनू अपनी पत्नी सोनी के साथ दिल्ली में किराए के कमरे में रहकर मजदूरी कर रहा था। शुक्रवार को अज्ञात कारणों से सोनू ने किराए के कमरे में फांसी लगा ली। पति को फंदे पर लटका देख पत्नी की चीखें निकल गईं। पत्नी ने तुरंत पड़ोसियों की मदद से शव को फंदे से उतारा। लेकिन तब तक सोनू की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां अनीता उर्फभगतिन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के पिता की मौत उसके बचपन में ही हो गई थी। उसका छोटा भाई मोनू मुंबई में मजदूरी करता है।

## अवैध हड्डी अस्पताल पर कार्रवाई की तैयारी

स्वतंत्र भारत,संवाददाता उन्नावः जिले के औरास कस्बे में एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां संडीला चकलवंशी मार्ग पर बालाजी हास्पिटल एवं हड्डी अस्पताल बिना किसी पंजीकरण के चल रहा है। अस्पताल के संचालक डाक्टर हयात ने इस बात को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए स्वास्थ्य विभाग में आवेदन जमा किया गया है लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। इसके बावजूद अस्पताल में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कस्बे में एक दर्जन से ज्यादा ऐसे क्लीनिक और अस्पताल चल रहे हैं। ये सभी मानक विहीन हैं। मगर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सिर्फएक दो अस्पताल तक ही सीमित है। मामले का खुलासा तब हुआ जब अस्पताल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अनूप तिवारी ने कहा कि अस्पताल का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लोगों का कहना है कि तिवारी के निर्देश पर चलाया जा रहा अभियान नाकाफी है।

## डबल इंजन की सरकार संविधान की अवहेलना कर रही: कांग्रेस




स्वतंत्र भारत,संवाददाता उन्नावः भाजपा की डबल इंजन की सरकार संविधान की अवहेलना कर रही है। यह आरोप स्थानीय शिवाइन होटल में संवाददाताओं से वार्ता करते हुए कांग्रेस नेताओं ने लगाए। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार संविधान की अवहेलना कर रही है। यदि पूर्ण बहुमत की सरकार होती तो निश्चित ही संविधान में आमूलचूल परिवर्तन हो जाते। कांग्रेस नेताओं ने कहा स्वास्थ्य,शिक्षा, सुरक्षा राज्य सरकारों का संवैधानिक दायित्व है कि सबको निशुल्क और अनिवार्य रूप् से उक्त सुविधा प्राप्त हो मगर आज दोहरी शिक्षा व्यवस्ता ने समाज के गरीब वर्ग की कमर तोड़ दी है। देश की 70 फीसद आबादी जो गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही है वह अपने बच्चों को ना तो शिक्षा दिला पाएगी और ना ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा पाएगी। सुरक्षा का हाल सर्वविदित है। जनपद में 59 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय हैं जब कि लगभघ 350 विद्यालय वित्तविहीन मान्यता के निजी लोगों के हैं। सरकार कोठारी कमीशन की रिपोर्ट भी लागू नहीं कर रही है। कोठारी कमीशन में नेबरहुड विद्यालय की बात कही गई है। जो नजदीकी विद्यालय हैं उसी में बच्चा चाहे गरीब का हो या अमीर का हो चाहे जिलाधिकारी का हो या अर्दली का हो सभी बच्चे उसी स्कूल में पढ़ेंगे। कोठारी आयोग की रिपोर्ट को सरकार क्यों नहीं लागू कर रही है। कानून व्यवस्था की स्थिति बदहाल है। दिनदहाड़े लूट हत्या जैसे अपराध हो रहे हैं न्याय के लिए न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। गेहूं क्रय केंद्र में खरीद नहीं रही है क्यों कि बाहर गेहूं ज्यादा रेट पर बिक रहा है। सरकारी रेट कम है। जिला प्रशासन से मांग है कि सरकार द्वारा गेहूं की खरीद डोर टू डोर होनी चाहिए। जिससे किसान अपनी उपज का दो बोरा गेहूं भी आसानी से बेंच सके। आज टमाटर का भाव 5 रुपये किलो है। जब कि लागत बहुत अधिक है। किसान की हालत बद से बदतर हो रही है। सरकार ढोल पीट रही है कि किसानों की आमदनी दो गुनी कर दी है। जननायक राहुल जी ने देश में न्याय यात्रा करके देश के संविधान की मूलभावना में हमारे विश्वास को मजबूत किया है जो सभी तरह से न्याय को सुनिश्चित करती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जनसहायता पेटिका की स्थापना की जाएगी। जहां हर नागरिक बिना किसी दबाव या संकोच के अपनी बात लिखित दे सकते हैं। किसी भी विभाग के प्रति जनता की प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग को अवगत कराने के बाद समाधान के प्रयास भी होंगे। कांग्रेस का मानना है कि सच्चा जनसेवक वही है जो जनता की आवाज सुने और उसके लिए काम करे। जनसहायता पेटिका भी इसी सोच का एक कदम है। जो पार्टी और आम जनता के बीच सेतु का कार्य करेगी। जनसमस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पदाधिकारी 10 बजे से शाम 5 बजे तक बैठेंगे। संवाददाताओं से वार्ता करने वालों में शहर अध्यक्ष फैज फारूकी, पूर्व प्रवक्ता हनुमंत सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शुक्ल, शिवम अवस्थी, राष्ट्रीय सह संयोजक किसान कांग्रेस, पूर्व उपाध्यक्ष विनय प्रकाश श्रीवास्तव,पीसीसी सदस्य जावेद कमाल आदि थे।

## साध्वी निरंजन ज्योति ने अखिलेश से मांगे जवाब

**करणी सेना की फंडिंग का सबूत दें, रामभक्तों पर गोलीकांड पर क्यों मांगी थी माफी**

स्वतंत्र भारत,संवाददाता उन्नावः एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कई मुद्दों पर सवाल उठाए।उन्होंने कहा कि किसी को भी किसी महापुरुष का अपमान करने का अधिकार नहीं है। साध्वी ने आगरा की करणी सेना की जनसभा का जिक्र किया। उन्होंने अखिलेश यादव से पूछा कि क्या उनके पास करणी सेना को भाजपा की फंडिंग का कोई प्रमाण है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना सबूत के आरोप न लगाएं। उन्होंने पुराने विवादों को भी उठाया। मुलायम सिंह यादव द्वारा रामभक्तों पर गोली चलवाने का मुद्दा उठाया। साध्वी ने पूछा कि क्या इसके लिए कभी माफी मांगी गई। मुजफ्फरनगर दंगों पर भी उन्होंने सवाल किए। साध्वी ने अखिलेश के लड़के हैं गलती हो जाती है बयान पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने भाजपा नेता कल्याण सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने गोलीकांड के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर नैतिकता दिखाई। अंत में साध्वी ने एक राष्ट्र एक चुनाव की वकालत की। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव कराना आर्थिक बोझ है। एक साथ चुनाव से देश को एकजुटता का संदेश मिलेगा और राजनीतिक स्थिरता आएगी।

# कानपुर देहात समाचार

## शिकायतों का निस्तारण समय पर हो -अपर जिलाधिकारी

**उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने लापरवाह कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी**

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** प्रदेश सरकार द्वारा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस एक महत्व पूर्ण पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना है ।इस उद्देश्य को लेकर रसूलाबाद तहसील में अपर जिलाधिकारी दुष्यंत कुमार मौर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न सम्पूर्ण समाधान दिवस में 69 शिकायते पंजीकृत की गई जहाँ अधिकारियों की सख्ती के चलते 3 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया ।अपर जिलाधिकारी द्वारा जहां शिकायतों को समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए वही उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने लापरवाह कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी । पंजीकृत की गई शिकायतों में सबसे ज्यादा 45 शिकायते राजस्व विभाग सहित शेष में अन्य विभागों की रही । इस मौके पर तहसीलदार संतोष कुमार नयाब तहसीलदार अभिनय चतुर्वेदी खण्ड विकास अधिकारी धन प्राप्त यादव खण्ड शिक्षाधिकारी अजब सिंह एसडीओ विद्युत सहादत सलीम चिकित्साधीक्षक डॉ पीयूष त्रिपाठी सीडीपीओ संजय कुमार एडीओ एजी ज्ञान प्रकाश जलनिगम से मनोज कुमार नगर पंचायत से प्रत्युष राजपूत कानूनगो कुंवर सिंह नथन सिंह अनिल कुमार मुश्तफा हुसैन योगेश कुमार नगर सदर लेखपाल रावेंद्र प्रजापति अंकित कुमार अशोक कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।





## वन विभाग की भूमि पर बने मकान को बुलडोजर ने हटाया

**सपा नेताओं ने गांव पहुंच पीड़ित की बात सुन सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी सूचना**

**वन रेंजर ने कहा नोटिस देकर विभाग की भूमि खाली कराई**



**रसूलाबाद कानपुर देहात ।** वन विभाग द्वारा वन की भूमि पर बने मकान को बुलडोजर से गिरा दिए जाने से पीड़ित परिवार त्रिपाल तान कर उसके नीचे रहने की सूचना पर बिल्हौर विधान से समाजवादी पार्टी की नेता रचना सिंह और सपा विधान सभा अध्यक्ष विनय सिंह यादव के साथ नेताओं की टीम ने बिना नोटिस दिए मकान गिराने पर नाराजगी व्यक्त कर प्रकरण को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंचाया । रसूलाबाद क्षेत्र के ग्राम बन्दरहा निवासी राम लक्ष्मण राजपूत के मकान को गत 9 अप्रैल को बन विभाग की टीम ने यह कहते हुए बुलडोजर से गिरा दिया कि यह वन विभाग की भूमि पर बना है । सपा नेताओं का कहना है कि बिना नोटिस सूचना दिए मकान गिराना कानून सम्मत नही है इस लिए वन विभाग के लोगो पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए । पीड़ित राम लक्षण का आरोप है कि उक्त गांव में काफी लोग वन विभाग की भूमि पर मकान बनाकर रह रहे है लेकिन पैसा न दे पाने के कारण सिर्फ मेरा ही घर गिराया गया जो न्यायोचित नही है । बिल्हौर विधान सभा अध्यक्ष विनय यादव व रचना सिंह ने बताया कि यह मामला सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंचा कर पीड़ित की हर सम्भव मदद की जाएगी । सपा विधान सभा अध्यक्ष विनय यादव ने कहा कि वन विभाग की भूमि पर बने मकानों को गिराने की कार्यवाही अक्सर विवादित रहती है खासकर जब परिवारों को बिना नोटिस दिए बेदखल किया जाता है । ऐसी परिस्थितियों में परिवार को त्रिपाल में रहने को मजबूर हो जाते है । वह इस मामले को उच्चाधिकारियों तक ले जाकर न्याय की मांग करूँगा । वन रेंजर रसूलाबाद से जब इस सम्बंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि राम लक्ष्मण राजपूत को विभाग की भूमि खाली करने की नोटिस दी गई और उनके घर नोटिस भी चस्पा की गई और उनके स्वयम के लिखित बयानों में भूमि खाली करने की बात कही गई । इसके बावजूद भी वह मकान बना रहे थे । अन्य लोगो के भी वन विभाग की भूमि पर बने मकानों के सवाल के जवाब पर उन्होंने यह भी बताया कि गांव में टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है रिपोर्ट आने पर उन लोगों के खिलाफ भी विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

## रोडवेज बस से टकराकर पलटी कार

**लखनऊ-कानपुर हाइवे पर हुआ हादसा,कार में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकाला**

उन्नावः अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज में विगत दिवस देर रात 11 बजे हुए सड़क हादसे में लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर एक अनियंत्रित रोडवेज बस ने हरियर कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार हाइवे पर पलट गई। कार में सवार लोग वाहन में फंस गए। राहगीरों और पुलिस की मदद से सभी यात्रियों को कार से बाहर निकाला गया। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद हाइवे पर यातायात प्रभावित हुआ है। जानकारी के अनुसार लखनऊ से कानपुर जा रहा एक परिवार अपनी हरियर कार में सवार था। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य किया। पुलिस ने वाहनों को किनारे कराकर यातायात सुचारू करवाया। घायल यात्रियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष की तेरहवीं में पहुंचे संगठन के पदाधिकारी

**माती कानपुर देहात** बीते दिनों ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण कुमार द्विवेदी के हुए निधन के उपरांत रविवार को उनका तेरहवीं संस्कार श्रद्धाभाव से सम्पन्न हुआए तेरहवीं संस्कार में भाग लेने पहुंचे कानपुर देहात ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि शंकर श्रीवास्तव ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि श्री द्विवेदी सच्चे कर्मयोगी थे जिन्होंने अपने प्रयासों से पत्रकारिता को नई दिशा देने का कार्य किया इसलिए वे सदैव याद रखे जाएंगे।

गौरतलब रहे कि जीवन पर्यंत हिन्दी पत्रकारिता में समर्पित रहकर समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंच कर उसके समाधान का कार्य करने के चलते ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वर्गीय श्रवण कुमार द्विवेदी सभी के बीच खासियत लोकप्रिय माने जाते थे बीते दिनों उनका निधन हो गया था रविवार को उनकी तेरहवीं संस्कार मैं भाग लेने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के साथ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास्तव भी पहुंचे थे अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए हरिशंकर श्रीवास्तव द्वारा कहा गया कि समाज के शिक्षक कर्मयोगी द्विवेदी जी की कार्यशैली सभी के बीच सदैव चर्चा के विषय बनी रहेगी उन्होंने कहा कि संगठन के प्रति वह बेहद ही जिम्मेदारी का परिचय देते रहे उन्होंने कहा कि श्री द्विवेदी के परिवार को जब कभी आवश्यकता महसूस होगी संगठन उनके साथ खड़ा दिखाई देगा।

# पीएम के आने से पहले सीएम ने तैयारियों को परखा, मेट्रो से किया सफर





### ■ 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

**कानपुर।** 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री जनसभा के साथ मेट्रो, घाटमपुर व पनकी पावर प्लांट समेत 19,728 करोड़ रुपये की 225 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। पीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर पहुंचे। सीएम जनसभा के साथ मेट्रो, घाटमपुर व पनकी पावर प्लांट समेत 19,728 करोड़ रुपये की 225 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास की तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री का विमान साढ़े बारह बजे चकेरी एयरपोर्ट पर उतरा, जहां कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सीएम योगी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष के साथ तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य अफसर मौजूद रहे। इसके बाद सीएम हैलीकाप्टर से घाटमपुर स्थित नेयवेली प्लांट पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी घाटमपुर पॉवर प्लांट की पहली यूनिट का लोकार्पण करेंगे। इसको लेकर सीएम योगी ने सबसे पहले घाटमपुर पॉवर प्लांट का जायजा लिया। यहां पर पॉवर प्लांट के अफसरों के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ ने परिसर का निरीक्षण करने के साथ बैठक की। पॉवर प्लांट के अफसरों ने बताया कि इसकी क्षमता 1980 मेगावॉट की है, जिसमें 660 मेगावॉट की तीन इकाई होंगी। पहली यूनिट का 24 अप्रैल को लोकार्पण किया जाएगा, जिसकी क्षमता 660 मेगावॉट है और लागत 9337.68 करोड़ रूपए है। अफसरों ने बताया कि पूरे पॉवर प्लांट की लागत 21780.94 करोड़ रूपए है। परियोजना का संचालन कोयला मंत्रालय भारत सरकार और ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था नेयवेली उत्तर प्रदेश पॉवर लिमिटेड एनएलसीआईएल और यूपीआरवीयूएनएल का संयुक्त उपक्रम है। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने पॉवर प्लांट अफसरों को निर्देश दिए कि बाकी दो यूनिटों के लिए भी तेजी से कार्य किया जाए। सीएम योगी ने यहां पॉवर प्लांट अफसरों के काम को भी सराहा।

## 9 मिनट में मेट्रो का सफर किया पूरा

मोतीझील से कानपुर सेंट्रल तक 7 किमी दूर पर 5 अंडरग्राउण्ड मेट्रो स्टेशन बनाए गए हैं। जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। आज सीएम योगी ने नयागंज से रावतपुर स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया। इस दौरान सफर पूरा करने 9 मिनट लगे। इस दौरान उन्होंने मेट्रो स्टेशन की साफ-सफाई सुरक्षा व्यवस्था और यात्री सुविधाओं को बारीकी से देखा। कानपुर मेट्रो प्रोजेक्ट के अंतर्गत मोतीझील से कानपुर सेंट्रल तक 7 किलोमीटर लंबे रूट पर पांच भूमिगत स्टेशन बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए और मेट्रो संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही न हो। कानपुर मेट्रो शहरवासियों को आधुनिक और सुरक्षित यातायात का विकल्प दे रही है। मेट्रो प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, सांसद देवेन्द्र सिंह भोले, रमेश अवस्थी, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, महापौर प्रमिला पाण्डेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेन्द्र मैथानी मौजूद रहे।

## विपक्षी नेता को किया नजरबंद



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर में आगमन को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस ने रविवार तड़के ही कांग्रेसी नेता विकास अवस्थी के बर्रा आवास पर उनको घर से बाहर नहीं निकलने दिया। विकास अवस्थी ने कहा कि सरकार तानाशाही कर लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। महंगाई, बेरोजगारी व अपराध पर सरकार का नियंत्रण नहीं है।

## अक्षत देकर जनसभा में आने के लिए लोगों को करेंगे आमंत्रित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी जनसभा के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। कार्यकर्ता लोगों को अक्षत देकर जनसभा में आने के लिए आमंत्रित करेंगे। 22 अप्रैल मंगलवार को शाम 4 बजे से कार्यकर्ता सभी विधानसभा क्षेत्रों के मंडलों में जाएंगे। वे बाजारों और घरों में जाकर लोगों को आमंत्रित करेंगे। जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने जिला पदाधिकारियों, मोर्चों और प्रकोष्ठों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। प्रधानमंत्री कुल 11 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इनमें नगर निगम और पीडब्ल्यूडी की सड़कें शामिल हैं। नगर निगम और केडीए की परियोजनाओं का प्रस्ताव डीएम को भेजा गया है। प्रधानमंत्री सीएम ग्रिड योजना फेज.1 का शिलान्यास करेंगे। साथ ही पीडब्ल्यूडी की नर्वल मोड़ से डिफेंस कॉरिडोर रोड और मंधना-बिठूर-परियर मार्ग के चौड़ीकरण का काम भी शुरू करेंगे। वे शताब्दीनगर और अर्रा-बिनगवां में केडीए के विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे।

कार्यक्रम में वीरेश त्रिपाठी, अनुराग शर्मा, संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर, जितेंद्र विश्वकर्मा, अभिनव दीक्षित, जनमेजय सिंह और आकाश शुक्ला सहित कई नेता मौजूद रहे।

### जनसभा व अन्य कार्यक्रम में ये लोग रहेंगे मौजूद

प्रधानमंत्री की जनसभा एवं शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, सांसद रमेश अवस्थी, देवेन्द्र सिंह भोले, अशोक रावत आदि विशिष्टजन मौजूद रहेंगे।

## पनकी प्लांट में सीएम के सामने पेश किया गया थ्री डी मॉडल



**कानपुर।** इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पनकी पावर प्लांट पहुंचे। यहां पर उन्होंने पॉवर प्लांट परियोजना की जानकारी अधिकारियों से ली। प्लांट से किन-किन जिलों में बिजली आसानी से पहुंच सकेगी यह भी जानकारी मुख्यमंत्री ने परियोजना अधिकारियों से ली। वर्तमान में क्या स्थिति है, संचालन में किसी भी प्रकार कोई समस्या आदि तो नहीं है। इस पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया। हालांकि अधिकारियों ने सीएम को बताया कि वर्तमान में आम सोने के बाद बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। प्लांट में लगी विशालकाय चिमनी और यहां पर हाईटेक सिस्टम देख कर मुख्यमंत्री काफी प्रभावित हुए। उनके सामने थ्री डी मॉडल भी पेश किया गया।

## प्रधानमंत्री के आगमन पर चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्व विद्यालय में बनाए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और आम जनता की सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद सीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसभा स्थल पर पेयजल, शौचालय, शेड और चिकित्सा सुविधा की समुचित व्यवस्था की जाए। आपातकालीन स्थिति के लिए मेडिकल टीम और फायर ब्रिगेड को स्टैंडबाय रखा जाए। समीक्षा बैठक में 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में बनाए गए हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल के बीच के मार्ग को ठीक करें, झाड़ी इत्यादि को साफ किया जाए और जरूरत पड़े तो इंटरलॉकिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए। सभा स्थल पर जगह-जगह स्क्रीन लगाया जाए, ताकि लोगों को कार्यक्रम को स्पष्ट रूप से देखने में आसानी हो। सभा स्थल पर बनाए गए 30 ब्लॉकों में 10-10 कार्यकर्ताओं की स्पेशल ड्यूटी लगाई जाए, जिससे आम जनमानस व लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ये पार्टी कार्यकर्ता विशिष्ट लोगों के भाषण के समापन तक पब्लिक का सपोर्ट करें। सभा स्थल एवं पार्किंग स्थल पर शुद्ध पेयजल, गुड़, स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने लाभार्थियों को आवागमन हेतु बसों इत्यादि की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि कम से कम 800 बस के द्वारा लोगों को सभा स्थल तक लाया जाए। इस दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई न हो। सड़क पर आनायास पार्किंग न हो, जिससे लोगों को जाम इत्यादि से लोगों को रूबरू न होना पड़े। पार्किंग व्यवस्था हर हाल में उत्तम हो, ताकि नगर वासियों को भी किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्रधानमंत्री के आगमन तक जनपद में पार्टी संगठन, जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के द्वारा स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाए, जिसके अंतर्गत प्लास्टिक फ्री वातावरणए कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था, गंदगी से निजात दिलाकर कानपुर को स्वच्छ व सुंदर दिखाई देने में योगदान दिया जाए।

### ■ तैयारियों को लेकर सीएम ने की समीक्षा बैठक



### प्रशासनिक अफसर और सिक्यूरिटी पुलिस के बीच बहस

एक प्रशासनिक अफसर और वाहनों के प्रवेश में लगे सिक्यूरिटी पुलिस के बीच काफी बहस हो गई। नौबत यह आ गई कि प्रशासनिक अफसर ने अपने आलाधिकारी को फोन कर यह बताया कि पुलिस अपने अफसरों के वाहनों को तो प्रवेश दे रही हैए लेकिन प्रशासनिक अफसरों के वाहनों को नो एंट्री कर रही। आलम यह था कि नगर आयुक्त, केस्को एमडी, सभी एडीएम की वाहनों को एंट्री नहीं दी गई।

## लॉगआउट के निर्देशन में बहुत कुछ सिखने को मिला

कानपुर। जी5 पर सस्पेंस फिल्म लॉगआउट स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म देखकर दर्शक अपने डिजिटल जीवन की सुरक्षा को लेकर सवाल पूछना शुरू करेंगे। इस फिल्म की कहानी बिस्वपति सरकार ने लिखी है तथा इसका निर्देशन अमित गोलानी ने किया है। निर्देशक अमित गोलानी ने कहा लॉगआउट के निर्देशन में बहुत कुछ सीखने को मिला। यह फिल्म लोगों और डिजिटल दुनिया विशेष रूप से स्मार्टफोन पर उनकी बढ़ती निर्भरता के जटिल संबंध का विश्लेषण करती है। इसमें दिखाया गया है कि फोन पर अत्यधिक निर्भरता किस प्रकार जीवन के हर पहलू में शामिल हो गई है और इसके बिना हम कितना असहाय हो जाते हैं।

## बच्ची को दिखाई अश्लील वीडियो, हुई पिटाई

**कानपुर।** गोविंद नगर के चरणजीत सिंह कॉलोनी में मासूम बच्चियों को ट्यूशन टीचर ने अश्लील फिल्में देखने के लिए प्रेरित किया। इसकी जानकारी जब बच्चियों की मां को हुई तो उन्होंने ट्यूशन टीचर को घर बुलाया। उसके साथ मारपीट करने के बाद गोविंद नगर पुलिस को सौंप दिया।

चरणजीत सिंह कॉलोनी निवासी महिला घरों में काम करती है, जबकि पति प्राइवेट कर्मी हैं। परिवार में कक्षा 4 व 2 में पढ़ने वाली बेटियां और एक छोटा बेटा है। महिला ने बताया कि बर्रा क्षेत्र निवासी एक ट्यूशन टीचर प्रतिदिन शाम को बच्चों को घर पढ़ाने आता है। कुछ दिनों से टीचर घर आने से आनाकानी कर रहा था। महिला के मुताबिकए शुक्रवार को वह काम पर गई थी। हालांकि तबियत खराब होने पर कुछ देर बाद ही वह वापस लौट आई। अंदर कमरे के बच्चे मोबाइल देख रहे थे, छीनने पर उसमें अश्लील सामग्री दिखी। महिला के मुताबिक बच्चियों से कड़ाई से पूछने पर उन्होंने बताया ट्यूशन टीचर ने फिल्मों के बारे में बताया और साथ ही कहा कि यह गेम होता है देखा करो। इसके बाद पीड़िता ने ट्यूशन टीचर को बुलाया और उससे पूछताछ करने के बाद मारपीट की पुलिस को सूचित कर दिया। ट्यूशन टीचर को पुलिस को सौंप दिया गया। एसीपी बाबूपुरवा दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि मामला संदिग्ध है। दोनों पक्षों की आपस में बातचीत हो रही है। पुलिस ट्यूशन टीचर को लाई थी। पूछताछ भी हुई मगर कोई तहरीर महिला की तरफसे नहीं दी गई। जिसके बाद ट्यूशन टीचर को छोड़ दिया गया है। कोई तहरीर आती है तो उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सेवा भारती ने शुरू किया निःशुल्क पाठ्य पुस्तक सेवा केंद्र

**कानपुर।** बर्रा विश्व बैंक के संकट मोचन मंदिर से सेवा भारती कानपुर शिक्षा आयाम द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक सेवा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा का उद्देश्य समाज के निर्धन वंचित बच्चों को निशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा भारती कानपुर के अध्यक्ष डॉ प्रवीण कटियार ने की व मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार राजेश दीक्षित ने महंगी शिक्षा के लिए स्कूलों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सभी से आवाहन किया कि पुरानी पुस्तकें कबाड़ी को ना देकर जरूरतमंद को दान करना सबसे बड़ा पुण्य है। कार्यक्रम में संकट मोचन की सभी मातृ शक्ति के साथ सीमा, डॉ सरोज, किरण, शांति, मिथलेश, मंजू, रीता शुक्ला, किरण, शिक्षा आयाम प्रमुख डॉ अजय गुप्ता, विभाग मंत्री जय भदौरिया, किशोरी, विकास प्रमुख, नीता अवस्थी व मंदिर के महंत उपस्थित रहे।




## सीआरपीएफ जवान की पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत

**कानपुर।** बर्रा में सीआरपीएफ जवान की पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच कर रही है। कर्रही हरदेव नगर के रहने वाले चंद्र विक्रम सिंह भदौरिया सीआरपीएफ में कार्यरत हैं। चंद्र विक्रम के पत्नी रीना सिंह की रविवार भोर में एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक रीना के भाई योगेंद्र सिंह ने बर्रा थाने में सूचना दी कि उनकी बहन ने शनिवार सुबह कॉल करके बताया था कि पति विक्रम सिंह भदौरिया ने उन्हें जहर दे दिया है। वह आनन-फानन में घर पहुंचे तो रीना के ऊपर ससुराल वाले पानी डाल रहे थे, वह पूरी तरह से भीगी हुई और अचेत अवस्था में थीं। भाई ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर रविवार भोर में रीना ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद बर्रा पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची है। मृतक के बच्चे 15 साल के आर्यन, हार्दिक और वर्तिका, सास कमलेश, देवर अजीत और देवरानी अलका सिंह से पूछताछ की है। पूछताछ में सभी के अलग-अलग बयान से पूरा मामला संदिग्ध हो गया है। एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मायके वालों की तहरीर पर मामलें एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी। मायके वालों ने बताया कि पति चंद्र विक्रम सिंह बीते रविवार को छुट्टी पर आए थे। आए दिन पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट करते थे। आरोप है कि कहते थे कि मर क्यों नहीं जाती हो। कई सालों से पति उन्हें प्रताड़ित कर रहे थे।

## कुशाग्र बैंगाहा ने जेईई मेन 2025 में टॉप कर एईएसएल का नाम किया रोशन



### ■ 9 अन्य छात्रों ने भी टॉप रैंक हासिल कर रचा कीर्तिमान

**कानपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने जेईई मेन 2025 में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की है। संस्था की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए शहर के कुशाग्र बैंगाहा ने ऑल इंडिया रैंक 7 हासिल कर संस्था का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही हिमांग वर्श्नेय, रुद्र भारती, तनिषा, आयुष गौतम, ईशान उत्तम, अयांश निरंजन, आदित्य मिश्रा, शौर्य अवस्थी और जयंती दुबे ने भी अपने-अपने कैटेगरी में उच्चतम रैंक प्राप्त की है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई मेन 2025 के नतीजे घोषित किए, जिससे इस वर्ष की अंतिम जेईई परीक्षा का समापन हुआ।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने कहा हमें हमारे छात्रों की जेईई मेन 2025 में शानदार सफलता पर गर्व है। उनकी मेहनत, दृढ़ निश्चय और सही मार्गदर्शन ने इन बेहतरीन परिणामों को संभव बनाया है। आकाश में हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, ताकि छात्र अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें। सभी सफल छात्रों को बधाई और उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं।

## दुकान न खाली करने पर दबंगों ने कारोबारी को बेरहमी से पीटा

कानपुर। दुकान को खाली कराने के लिए कारोबारी को दबंगों ने बेरहमी से पीटा। परिजनों ने घायल कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला बजरिया थाना क्षेत्र का है। कर्नलगंज निवासी शाहीन ने बताया कि उनके पति इरफान अली की बजरिया क्षेत्र में न्यू ईगल ऑटोसेल्स के नाम से दुकान है। शनिवारी दोपहर लगभग तौसीफ, मुन्ना, सफीक, मुन्ना के दामाद अपने आपको को मालिक बताते हुए उनकी दुकान में घुस आए। आरोपियों ने दुकान का शटर बंद किया और फिर उसके पति पर दुकान खाली करने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें बेरहमी से लात घूंसों से पीटा। पति ने किसी तरह से उन्हें सूचना दी। इतनी मार खाने के बाद उनकी हालत खराब हो गई थी। शाहीन मौके पर पहुंची तो इरफान बेहोशी हालत में पड़े थे। शाहीन पति को लेकर अस्पताल पहुंची जहां पर उन्हें भर्ती करके इलाज शुरू किया गया। शाहीन का आरोप है कि उन्होंने पुलिस को तहरीर लिखकर दी। वो घरेलू महिला ने है उन्हें तहरीर कैसे लिखी जाती है इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। उनका आरोप है कि इसी बात का फायदा उठाकर पुलिस ने हल्की धाराएं लगा दी। उन्होंने कहा कि पुलिस उनका साथ दे रही है जिन लोगों ने उनके पति को बेरहमी से पीटा है। इंस्पेक्टर बजरिया अरविंद कुमार शर्मा के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नज़र



### आर्य समाज हरजिंदर नगर में विशाल ऋषि लंगर का आयोजन

**कानपुर** रविवार को हरजिंदर नगर स्थित आर्य समाज में चल रहे 56वे वार्षिक उत्सव के आयोजन के अंतिम दिन प्रधान सुबोध सिंह के नेतृत्व में एक विशाल ऋषि लंगर का आयोजन किया गया कार्यक्रम में घाटमपुर से पधारे आचार्य राम प्रसाद आर्य ने अपने प्रवचनों से वहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया महायज्ञ का आयोजन किया गया महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने नारी सम्मान के लिए जो व्याख्यान दिए थे उनको श्रोताओं के सामने रखा गया कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत एक विशाल ऋषि लंगर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग एक हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिवाकर और उमाशंकर और अजय किशोर गुप्ता नम्रता सिंह गायत्री श्रीवास्तव उदयवीर सिंह वह आर्य समाज के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे



### दिनदहाड़े चोरी के इरादे से घुसा चोर पकड़कर पुलिस को सौंपा

**पत्नी व बच्चों के शोर मचाने पर पड़ोसियों ने पकड़ कर की धुनाई**

घाटमपुर। नगर के आच्छी मोहाल ;पश्चिमीद्धवार्ड के एक घर में रविवार की दोपहर उस समय हलचल मच गई। जब एक चोर दिनदहाड़े पानी पिलाने को कहकर महिला के पीछे पीछे घर के अन्दर घुस गया।इससे पहले महिला कुछ समझ पाती चोर ने उसे व उसके बच्चों को बंधक बनाकर चोरी की घटना अंजाम देने की कोशिश की। महिला व बच्चों के शोर मचाने पर इससे पहले चोर घर के अन्दर से भाग पाए पड़ोसियों ने पकड़ कर उसकी धुनाई के साथ उसी के अंगोंछे से खंभे में बांधने के बाद कस्बा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के समय गैस सिलेंडर सप्लायर घर से कहीं बाहर गए थे।आच्छी मोहाल ;पश्चिमीद्धवार्ड निवासी गैस सिलेंडर सप्लायर नीरज गुप्ता की पत्नी पूजा ने जिसकी जानकारी पुलिस को देते हुए आगे बताया कि पकड़ा गया नौरंगाए बिहूपुर निवासी चोर विशाल निषाद पुत्र राज कुमार पहले घर के बाहर से अन्दर पति के न होने की टोह लेता रहाए बाद में उसने खुद के प्यासे होने व पानी पिलाने को कहकर चोरी की घटना को अंजाम देने की कोशिश की। वहीं पकड़े गए विशाल ने पुलिस को बताया कि उसे चार दिनों से कोई काम नहीं मिल रहा था। कल परिवार वाले ताने मार रहे थे। उसने नीरज के घर को चोरी के इरादे से निशाना बनाने की कोशिश की। तभी पकड़ा गया। कस्बा चौकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि चोर को हिरासत में लिए जाने के साथ कार्यवाही की जा रही है।



### रोजगार मेले में 250 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

घाटमपुर।रविवार को संस्थान कुँण् शिवनाथ सिंह कुशवाहा प्राण्आईण्टीण् आईण् कोटरा मकरन्दपुर मे पूरे भारत के छात्रों के लिए बृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व विख्यात कंपनी टाटा मोर्टस ने सिरकत की।और इस मेले में उत्तर प्रदेशएमध्य प्रदेश राजस्थानएबिहार व भारत के सभी राज्यों से छात्रों ने बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें से 500 छात्रों का कंपनी ने लिखित व मौखिक परीक्षा लेकर 250 छात्रों का फाइनल सेलेक्सन किया।यह रोजगार मेंला कम्पनी और संस्थान की देखरेख में किया गया। जिसमें संस्थान के प्रबंन्धक इन्द्रजीत सिंह कछवाह;ब्लाक प्रमुख घाटमपुरद्ध एवं संस्थान के प्रधानाचार्य आशीष शर्मा व संस्थान के अनुदेशक बलजीत सिंह एवं अनीस कुमार व अंकित तिवारी व धर्मेंद्र कुमार अवस्थी तथा कंम्पनी से आये अधिकारी रामजी और जसवंत के अलावा संस्थान के सभी अनुदेशक मौजूद रहे।

### घाटमपुर ने मौदहा क्रिकेट एकेडमी को 9 विकेट से हराया



घाटमपुर। कैप्टन सुखवासी सिंह जनता महा विद्यालय में रविवार को घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी की व जनपद हमीरपुर के मौदहा क्रिकेट एकेडमी के बीच खेले गए मैच में घाटमपुर ने मौदहा की टीम को नौ विकेट से हराया।मौदहा क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए निर्धारित बीस ओवर में सभी विकेट खो कर 93 रन बनाए जिसमे सैफ ने 47 और अरस्लान सिद्दीकी ने 19 रन बनाए घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी की तरफ से बोलिंग करते हुए कृष्णा ने 3 और शिवम और आर्यन प्रजापति ने दो।दो विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी घाटमपुर ने निर्धारित 10 ओवर में लक्ष्य का पीछा कर लिया जिसमे आशु ने 68 ओर राघव ने 12 रन बनाए मौदहा की तरफ से बोलिंग करते हुए मोहम्मद शहजाद ने 1 विकेट लिया मैंन ऑफ़ द मैच आशु को अफसार द्वारा दिया गया और बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार सैफ को दिया गया। और बेस्ट बॉलर का पुरष्कार कृष्णा को मैच के संयोजक भूप किशोर द्वारा दिया गया

# मुख्यमंत्री ने किया नेयवली पॉवर प्लांट का किया निरीक्षण





**निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने प्लांट अधिकारियों के साथ की बैठकए दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

घाटमपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी आदित्य नाथ रविवार को यमुना पट्टी के 1980 मेगा वाट के घाटमपुर नेयवली पॉवर प्लांट पहुंचे। जहां वह न सिर्फ करीब 40 मिनट तक रुके।बल्कि उन्होंने प्लांट में रुककर टरबाइन व कंट्रोल यूनिट का निरीक्षण भी किया। उन्होंने प्लांट अधिकारियों के साथ बैठक भी की। जिसमें उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर उनके साथ कैबिनेट मंत्री राकेश सचानए सांसद देवेन्द्र सिंह भोलेए विधायक सरोज कुरीलए कानपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष उपेन्द्र नाथ पासवान भी मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री वापस हेलीकॉप्टर से कानपुर के लिए लौट गए। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर कानपुर के चकेरी से उड़कर करीब 12ण्50 पर पॉवर प्लांट में लैंड हुआ। उसके बाद उन्होंने प्लांट की यूनिटों का निरीक्षण किया। इसके बाद प्लांट के अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी लेने के साथ दिशा निर्देश भी दिए। प्लांट के अधिकारियों ने मुख्य मंत्री को बताया कि 660.660 मेगावाट की तीन यूनिटों में पहली यूनिट चालू हो चुकी है। वहीं अन्य यूनिटों के बारे में भी जानकारी दी।करीब कुल 40 मिनट रुकने के बाद उनका काफिला हेलीपैड पर पहुंचा। जहां से वह कानपुर के लिए चले गए।

### पालिका अध्यक्ष पति को एआईएमआईएम ने किया पार्टी से निष्कासित

**उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोपएअनिश्चितकाल के लिए सदस्यता भी की रद्द**



घाटमपुर। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष गजाला तबस्सुम के पति हाफिज अब्दुल अहद को एआईएम आईएम ने पार्टी से निष्कासित करने के साथ अनिश्चितकाल के लिए सदस्यता भी की रद्द कर दी है।उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान का स्वागत करने व एस सी एस टी के अपना दल एस मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य प्रकाश कुरील के स्वागत की अपील के साथ खुद भी स्वागत करने पर ऑल इंडिया मजलिस.ए.इत्तेहादुल मुस्लिमीन ;एआईएमआईएमद्ध ने उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उनके खिलाफ पार्टी के महा सचिव एवं प्रवक्ता सेंट्रल जॉन अध्यक्ष पवन राव अम्बेडकर ने यह कार्रवाई की। इस सम्बंध में पार्टी द्वारा जारी एक आधिकारिक रूप से पत्र में कहा गया है कि हाफिज अब्दुल अहद को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के कारण अनिश्चितकाल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया गया है। साथ यह भी कहा गया है कि यदि पार्टी के किसी भी सदस्य या पदाधिकारी द्वारा हाफिज अब्दुल अहद से संपर्क किया जाता है या अन्य पार्टियों के बैनर तले कहीं भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाया जाता है तो उस सदस्य या पदाधिकारी को भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होना माना जाएगा जिससे उस सदस्य व नेता को भी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से फसल जलकर हुई स्वाहा

माती कानपुर देहात ययमंगलपुर थाना क्षेत्र के हिसावा गांव के पास खेतों में रविवार की दोपहर बाद संदिग्ध हालत में आग लग गईए जिसमें लगभग डेढ़ बीघा गेहूं की फसल सहित 15 बीघा गेहूं की पराली जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे पानी के टैंकर व दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के हिसावा गांव के पास रविवार की दोपहर बाद करीब ढाई बजे खेतों में संदिग्ध हालात में आग लग गई ।किसानों ने खेतों में लपटों को दिखा तो आग बुझाने की कोशिश की।

आग काबू न होने पर मंगलपुर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी जिसमें डेरापुर से पानी के टैंकर व दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया । तब तक तीन किसान रामप्रकाशए की आशुतोष व रामा देवी की लगभग डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जल गईए उनके खेतों में गेहूं के गट्ठे बंधे हुए पड़े थे वहीं किसानों की 15 बीघा से अधिक गेहूं की पराली जलकर राख हो गई । लेखपाल ने मौके पर जाकर नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसीलदार को भेजी है।

### जन्म जयंती पर श्रद्धा भाव से याद किए गए संविधान प्रणेता





**माती कानपुर देहात** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह आयोजन समित द्वारा रविवार को बाबा साहब का 135 जन्म जयंती समारोह इको पार्क में धूमधाम से मनाया गया इको पार्क का हाल बाबा साहब के मानने वालों से खचाखच भरा हुआ था ।सर्वप्रथम बाबा साहब का जयंती कार्यक्रम शुरू होने के पहले बाबा साहब को माल्या अर्पण कर श्रद्धा सुमन समर्पित किए गए और इसके बाद मुख्य अतिथि विजयलक्ष्मी गौतम वह किसी विशेष कार्य की वजह से कार्यक्रम में नहीं आ सकीं तो उन्होंने व्हाट्सएप कॉल द्वारा आए हुए बाबा साहब के समर्थकों को संबोधित किया और भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय सरकार और प्रदेश सरकार की दलित समाज के लिए संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालाएकार्यक्रम में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया जिनका लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में आए हुए दलित समाज के वरिष्ठ जनों का माला पहनसकर और साल भेंट कर तथा बाबा साहब का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यकरा को संबोधित करते हुए उमाशंकर कमल प्रवक्ता अकबरपुर इंटर कॉलेज ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा की बाबा साहब ने दलित समाज के साथ.साथ महिलाओं के उत्थान के लिए काफी संघर्ष किया और आज बाबा साहब की देन है कि महिलाओं को प्रसव काल पर वेतन सहित छुट्टी दी जाती है उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब ने दलित समाज को शिक्षा के लिए प्रेरित किया और संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को कहा जिस पर अमल करके आज दलित समाज अपने अधिकारों के प्रति सजग हो गया है कार्यक्रम को आनंद स्वरूप कुरील ने भी संबोधित किया और कहा कि बाबा साहब के बताए रास्ते पर आज की मोदी सरकार चल रही है। कार्यक्रम को पीसी दोहरेएजगदीश संखवार एकृष्णा गौतम एरामकृष्ण भास्कर आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राघवेंद्र गौतम ने की और संचालन सुभाष शंखवार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के जीवन काल में उन्हें हर तरह से परेशान करने काम किया और यही नहीं उनके देहांत के बाद उन्हें मुंबई में ले जाकर के अंतिम संस्कार किया जिससे बाबा साहब को राजघाट पर समाधि स्थल के लिए जगह नहीं मिल पाई । वारसी जी ने आगे कहा कि पीडीए एक छलावा है और यह लोग भेष बदल करके और नीला अंगोछा डाल करके आपकी आंखों में धूल झोंक रहे हैं ।श्री वारसी जी ने दलित समाज से कहाकि आप लोग इनसे होशियार हो जाइए क्योंकि जब.जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार आई है तब तब दलितों पर बड़े पैमाने पर अत्याचार हुआ है वारसी जी ने कहा कि कानपुर देहात में हरदम संघर्ष करने के लिए वह दलित समाज के साथ खड़े रहे चाहे रोशन मऊ के अरविंद गौतम की हत्या हो या फिर नंगा पुरवा की दलित बेटी के साथ बलात्कार व हत्या हो हर जगह उनकी लड़ाई लड़के उन्हें न्याय दिलाने का काम उन्होंने किया है।उन्होंने कहा कि चुनाव के समय तमाम लोग दलित समाज के वोट लेने के लिए आगे आ जाते हैं लेकिन जब दलित समाज संघर्ष करता है उनकी सरकार नहीं होती है उनके ऊपर अत्याचार होते हैं तब साथ कोई खड़े होने वाला दिखाई नहीं पड़ता है। वारसी जी ने कहा कि अगर आप लोग समाजवादी पार्टी के पीडीए जैसी गलत अवधारणा के चक्कर में न फंसे और इनसे दूरी बनाकर रखें ।यही वह लोग हैं जो तुम्हें वोट नहीं डालने देते थे और यही वह लोग हैं जिन्होंने बहन जी को गेस्ट हाउस कांड में मार देना चाहते थे और यही वह लोग हैं जिन्होंने पार्लियामेंट दलितों के प्रमोशन के बिल को फाड़ के फेंक दिया था ए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रतिभा शुक्ला ने कहा मोदी जी ने बाबा साहब के पंच तीर्थ बनाकर उन्हें इतिहास में अमर कर दिया है उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब देश आजाद हो रहा था उस समय विदेश के पत्रकार आए थे रात हो गई थी नेहरू जी के यहां गए तो नेहरू जी सो रहे थे उनके लोगों ने कहा सुबह बात करना एगांधी जी के यहां गए तो गांधी जी सो रहे थे उनके लोगों ने कहा सुबह बात करना लेकिन जब बाबा साहब के यहां गए तो बाबा साहब जग रहे थे और उन्होंने पत्रकारों से पूछा कि आप लोग क्या पूछना चाहते हैं बताइए तो पत्रकारों ने एक ही सवाल किया कि मुझे आप बताओ इतनी रात गए नेहरू जी सो रहे हैं गांधी जी सो रहे हैं लेकिन आप क्यों जाग रहे तो बाबा साहब ने बड़ा ही अच्छा उत्तर दिया और उन्होंने कहा क्योंकि नेहरू के लोग जाग चुके हैं गांधी के लोग जाग चुके हैं इसलिए वह सो रहे हैं लेकिन मेरे लोग अभी सो रहे हैं इसलिए मैं जाग रहा हूं जिस दिन मेरे लोग भी जाग जाएंगे मैं उस दिन चैन की नींद सो लूंगा इसलिए लोगों ने नारा लगा करके इस बात का जवाब दिया कि बाबा तेरी नेक कमाई तूने सोती
कोम जगाई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे और सब लोगों ने नारा दिया जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे अमर रहेऔर सब ने संकल्प किया लिया कि हम बाबा साहब के बताए हुए रास्ते में चलेंगे और चाहे पेट कट करके पढ़ना पड़े हम अपने बच्चों को पढ़ाएंगे ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्व श्री बबलू भारती एरमेश चंद्र दिवाकर एकृष्णा गौतमए जगदीश शंकर एपीसी दोहरेएआनंद स्वरूप कुरीलए उमाशंकर कमल एरामकृष्ण भास्कर एश्री बाबू शंखवारएराजेंद्र गौतम एशंकर लाल शंखवारए संजय गौतम एश्री राम पासवान एकई नगर पंचायत के सभासद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।आज 20 अप्रैल को मस राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला का भी जन्मदिन था इसलिए समर्थकों ने केक कसट करके उनका जन्मदिन मनाया ।कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों को बाबा साहब का चित्र भेंट किया गया और सबका सम्मान किया गया तथा भीम भोज कराकर सबको विदा किया गया।



### सपा की बैठक में संगठन मजबूत करने पर दिया गया जोर

घाटमपुर। रविवार को सपा की एक बैठक जहानाबाद रोड़ के विडसन रिसार्ट में हुई। विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष राजू वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 2027 के चुनावए संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। आरोप है कि इस सम्बन्ध में बुलाई गई बैठक को प्रशासन द्वारा सरकार के इशारे पर डर कर निरस्त कर वा दी गई। जिस पर विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष राजू वर्मा के द्वारा निजी कार्यालय में बैठक कर सरकार के तानाशाही रवैयापर आक्रोश व्यक्त कर कहा ये देश बाबा साहब के संविधान से चलेगा न कि तानाशाही सेएपावर प्लांट के उद्?घाटन को लेकर कहा गया कि यह सरकार सिर्फ सपा सरकार द्वारा कराए गए कार्यों का ही उद्?घाटन करते हैं। विधान सभा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था का गला घोंटने तथा तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। सपा नेताओं ने प्रशासन से कहा कि वह निष्पक्ष तरीके से कार्य करे। बैठक में मुख्य रूप से सपा वि0स0 अध्यक्ष राजू वर्मा के अलावा ब्लाक अध्यक्ष मनोज यादवए प्रवीण पंकजए अभय उमरावए शिवशंकर पालए शिवा बाबाए गुलाबए छुन्ना पटेल सुनील कुशवाहाए सईद अहमदए राजेश वालए विनोद पालएप्रेम प्रजापतिए राधवेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड बांदा

पत्रांकः— 50/ल0सिं0/जेईटी/निविदा/2025—26 दिनांकः—15.04.2025

**अल्पकालीन ई—टेन्डरिंग सूचना सं0—04/अधि0अभि0/2025—26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से मा0 मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025—26 हेतु निम्नलिखित कार्यो के लिये ऑन लाईन प्री—क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस—बिड/फाइनेन्शियल बिड शासनादेश संख्या 1600/62— 2—2018—2/4(49)/2006 दिनांक 26.08.2019 में दिये गये प्राविधान के अनुसार सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत/सूचीबद्ध ठेकेदारों अथवा लघु सिंचाई विभाग के ऐसे ठेकेदारों जिन्हें 02 वर्ष कार्य का अनुभव हो और उनके विरूद्ध कोई जॉच लम्बित न हो। ऐसे फर्म/ठेकेदार जो समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हो, दिनांक 22.04.2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 28.04.2025 को सायं 05.00 बजे तक निम्नानुसार. रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली निर्माण कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

प्री—क्वालीफिकेषन टेक्निकल बिड दिनांक 29.04.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झॉसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन डाउनलोड की जायेगी, एवं प्री—क्वालीफिकेशन बिड में जॉचोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड दिनांक 01.05.2025 को पूर्वान्ह 11. 00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झॉसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन डाउनलोड की जायेंगी। किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से यदि निविदा खोला जाना सम्भव नही हो पाता है तो तकनीकी खराबी दूर होने या समस्या के समाप्त होने के उपरान्त ही निविदा खोली जायेगी। अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। अनुबन्ध का गठन स्थल अनुमोदन एवं बजट उपलब्ध होने के उपरान्त किया जायेगा।

मा0 मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली निर्माण कार्यः—

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 +स्टेशनरी चार्ज सहित (रू0 में) | सिंचाई विभाग में पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | प्राथमिक विद्यालय बरौली आजम | बबेरू | 2.73 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 2 | उच्च प्राथमिक विद्यालय पल्हरी | बबेरू | 2.73 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 3 | प्राइमरी स्कूल थरथुवा | बबेरू | 2.74 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 4 | उच्च प्राथमिक विद्यालय शिव | बबेरू | 2.71 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 5 | पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहार | बबेरू | 2.65 | | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 6 | उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरहनी | बबेरू | 2.60 | | 0.26 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 7 | पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदेहदू | बिसण्डा | 2.67 | | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 8 | पूर्व माध्यमिक विद्यालय साथी | बिसण्डा | 2.70 | बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 9 | कम्पोजिट विद्यालय पवई | बिसण्डा | 2.73 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 10 | प्राथमिक विद्यालय घूरी | बिसण्डा | 2.73 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 11 | कम्पोजिट विद्यालय चहितारा | बड़ोखर खुर्द | 2.82 | | 0.29 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 12 | कम्पोजिट विद्यालय अंडौली | कमासिन | 2.82 | | 0.29 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 13 | कम्पोजिट विद्यालय पाली | कमासिन | 2.79 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 14 | कम्पोजिट विद्यालय अमलोखर | कमासिन | 2.79 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 15 | कम्पोजिट विद्यालय बुढौली | कमासिन | 2.82 | | 0.29 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 16 | उच्च प्राथमिक विद्यालय मनकड़ी लाखीपुर | कमासिन | 2.79 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 17 | आवासीय परिसर नवोदय विद्यालय दुरेड़ी | बड़ोखर खुर्द | 6.10 | | 0.61 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 18 | जूनियर हाईस्कूल नगनेधी | महुआ | 2.86 | | 0.29 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 19 | नवोदय विद्यालय दुरेड़ी | बड़ोखर खुर्द | 6.06 | | 0.61 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 20 | कम्पोजिट विद्यालय चहितारा | बड़ोखर खुर्द | 2.82 | | 0.29 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 21 | सर्किट हाउस आवास पुल्ड कालोनी टाइप 4 के 3 एवं 4 रूम। | बड़ोखर खुर्द | 2.65 | | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 22 | सर्किट हाउस आवास पुल्ड कालोनी टाइप 4 के 7 एवं 8 रूम। | बड़ोखर खुर्द | 2.65 | | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 23 | उच्च प्राथमिक विद्यालय जखौरा | बड़ोखर खुर्द | 2.71 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 24 | प्राथमिक विद्यालय तरौंड़ा | जसपुरा | 2.74 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 25 | प्राथमिक विद्यालय पटना | बड़ोखर खुर्द | 2.71 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 26 | उच्च प्राथमिक विद्यालय करबई | बड़ोखर खुर्द | 2.69 | | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 27 | पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकचटगन | बड़ोखर खुर्द | 2.62 | | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 28 | उच्च प्राथमिक विद्यालय पंचमपुर | नरैनी | 2.79 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 29 | पूर्व माध्यमिक विद्यालय पोंगरी | नरैनी | 2.78 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 30 | प्राथमिक विद्यालय पौडरा | नरैनी | 2.75 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 31 | प्राथमिक विद्यालय खलारी | नरैनी | 2.83 | | 0.29 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 32 | प्राथमिक विद्यालय कनाय | नरैनी | 2.81 | | 0.29 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 33 | प्राथमिक विद्यालय गोपरा | नरैनी | 2.78 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 34 | राजकीय इंटर कालेज बिलगांव पुरानी बिल्डिंग | महुआ | 2.73 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 35 | राजकीय इंटर कालेज बिलगांव नई बिल्डिंग | महुआ | 2.73 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 36 | उच्च प्राथमिक विद्यालय भवई | महुआ | 2.73 | | 0.28 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 37 | पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरसड़ा बुजुर्ग | महुआ | 2.61 | | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 38 | उच्च प्राथमिक विद्यालय सहेवा | महुआ | 2.61 | | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 39 | उच्च प्राथमिक विद्यालय सौंता स्योढ़ा | महुआ | 2.67 | | 0.27 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |
| 40 | प्राथमिक विद्यालय बरसड़ा खुर्द | महुआ | 2.60 | | 0.26 | 2 माह | 225+225+500 =950.00 | सी एवं उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट सूचना विभाग की वेबसाइट एंव ई—टेण्डर पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी, जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical Evaluation by tender committee will be done offline. Envelope/sealed envelope financial bid will be opened only for those tenders who will qualify the technical bid. The Financial bid will be opened online at on dated 01.05.2025.

उ0प्र0 232579 दिनांक- 17.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिचाई खण्ड, बांदा

### कूलर के करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

**फतेहपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। पहुर गांव में रविवार सुबह एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बिंदुवासिनी (30) के रूप में हुई है। वह अपने घर में सफाई कर रही थी। इस दौरान लोहे के कूलर में उतरे करंट की चपेट में आ गई। जब वह परिजनों के बुलाने पर बाहर नहीं निकली तो अंदर जाकर देखा गया। महिला वहीं गिरी हुई मिली। मृतक महिला के पति अमरनाथ अवस्थी एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करते हैं। उनके दो छोटे बच्चे सात वर्षीय नैनू और पांच वर्षीय शिवांश हैं।

## ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रषासिका को दी श्रद्धांजलि



**फतेहपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रषासिका दादी रतन मोहिनी को ज्वालागंज राजयोग सेवा केन्द्र में दिव्य श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था की मुख्य प्रषासिका दादी रतन मोहिनी ने आठ अप्रैल को 101 वर्ष की षतायु पूर्ण करके परमात्मा की गोद ली। आज उनके स्मृति दिवस पर भाई-बहनों ने उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि दादी रतन मोहिनी का रुझान नौ वर्ष की छोटी सी आयु से ही अध्यात्म की ओर होता गया। अपनी अलौकिक पढ़ाई करते-करते ही उन्होंने आजीवन पवित्र एवं योगी जीवन जीने का दृढ़ संकल्प लिया। ऐसे भारत देष की गौरव स्व परिवर्तन से विष्व परिवर्तन करने वाली दादी जी की स्मृति में सभी ईष्वरीय परिवार एवं ब्रह्मवत्सों ने याद का दीपक जलाते हुए पुष्प मालाएं अर्पित करके आषीर्वाद की कामना करते हुए स्वपरिवर्तन करने का भी दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर संगीता, प्रियंका, सीमा, पारूल, षांति आदि बहनों ने सभी को प्रसाद स्वीकार कराया। दिनेष, चन्द्रपाल, जयषंकर, राम प्रकाष, विष्वनाथ षुक्ला आदि ने सेवा का कार्यभार संभाला।

# कांग्रेस ने दलित हितों को किया अनदेखा : बैजनाथ

- बाबा साहब का का योगदान अतुलनीयः सुरेश
- भाजपा ने संगोष्ठी में बाबा साहब श्रद्धांजलि देकर बताया महापुरुष



**फतेहपुर।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के मनाए जा रहे जन्म जयंती समारोह की कड़ी में आज ज़िला संगठन द्वारा स्थानीय सरदार पटेल प्रेक्षागृह में विस्तारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति जनजाति आयोग उ.प्र. के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश अवस्थी मौजूद रहें। अध्यक्षता संगठन के ज़िला अध्यक्ष मुखलाल पाल एवं संचालन ज़िला उपाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेन्द्र सचान ज्ञानू कर रहे थे।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं .तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की आवश्यकता जताई। कहा कि बाबा साहब ने संविधान के रूप में जो ढांचा देश को दिया है, उससे सदियों देशवासी उनके ऋणी रहेंगे। यह भी कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने बाबा साहब को आवश्यकता के अनुरूप सम्मान नहीं दिया किन्तु मोदी सरकार उनको पूरा सम्मान देने में जुटी हुई है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। संगोष्ठी संयोजक सुशील सिंह चंदेल (ज़िला अध्यक्ष भाजपा प्रधान संघ) ने सभी आगंतुकों और पार्टी जनों का आभार जताया। वहीं संचालन कर रहे डॉ. सचान ने संगठन द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

संगोष्ठी में प्रमुख रूप से पार्टी की खागा विधायक श्रीमती .ष्णा पासवान, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता बबलू, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह समेत पुष्पा पासवान, विनोद कुमार गौतम, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, देवनाथ धाकड़े, जसवंत गिहार, सुनील गुप्ता, सभासद संजय श्रीवास्तव, विक्रम सिंह चंदेल, कुलदीप भदौरिया, अपर्णा सिंह गौतम, रेखा सरोज, अर्चना त्रिपाठी, बैजनाथ वर्मा, डा. शिव प्रसाद त्रिपाठी, स्वरूप राज सिंह ज़ूली, अमित मिश्रा नीटू, अमित त्रिवेदी, मनोज कुमार मिश्र मनु, अजय सिंह उर्फ़ रिंकू लोहारी, पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य बबलू कालिया, श्रीमती ज्ञाना पासवान, श्रीमती सुनीता दिवाकर, राजबहादुर पासवान, राजेश जाटव, कमलेश गौतम आदि भाजपाई मौजूद रहें।

# आदर्श व्यापार मंडल की बैठक में संगठनात्मक ढांचे पर चर्चा

- प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
- युवा उपाध्यक्ष बने महताब आलम



**फतेहपुर।** जनपद में आदर्श व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की पैठ बढ़ती जा रही हैं। संगठन में आज उधन्नापुर में बैठक आयोजित की गई जिसमें संगठन का विस्तार किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग मौजूद रहे। श्री गर्ग ने आम राय के बाद सक्रिय कार्यकर्ता महताब आलम को नगर उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। इसके अतिरिक्त सोनू व जीतू श्रीवास्तव आदि को भी संगठन की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में श्री गर्ग ने बताया कि संगठन को और बेहतर स्वरूप देने और मजबूत बनाने के लिए सभी 36 वार्डों में 11 सदस्यीय टीम बनाई जाएंगी और व्यापारियों की समस्याओं केत्वरित निस्तारण हेतु जिला कार्यालय में एक कर्मचारी को बैठाया जाएगा जो समस्याओं को सुनेगा और फ़िर जिला प्रशासन स्तर पर सघन प्रयास करके उन समस्याओं का निस्तारण कराने का काम किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी दशा में व्यापारिक उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।

आज की बैठक में संकल्प लिया गया की शहर के अंदर की जो प्रमुख सड़के हैं उनमें वृक्षारोपण कर हरियाली कायम की जाएगी और जितने भी वृक्ष लगाए जाएंगे उनकी रखवाली की भी जिम्मेदारी आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी उठाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन के सदस्यता पर जोर दिया गया। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। कार्यक्रम में मौजूद जिला अध्यक्ष अभिनय यादव, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी, उपाध्यक्ष अभय गुप्ता, जिला युवा अध्यक्ष इमरान खान, नगर अध्यक्ष समीर, राजीव गुप्ता, अमित सोनी, बबलू सोनी, शिव कुमार, फैजान, इरशाद अहमद, अनवर, युवा नगर अध्यक्ष आफाक अली आदि तमाम व्यापारी उपस्थित रहें।

## पेट्रोल पंप पर बाइक में लगी आग, मची अफरा-तफरी


**बिंदकी (फतेहपुर)।** पेट्रोल पंप पर तेल डालते ही अचानक बाइक में आग लग गई। आग लगने की घटना से अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने सतर्कता दिखाते हुए अग्निशामक यंत्र से तुरंत आग पर काबू पा लिया। जिससे लोगों ने राहत महसूस की। खुशकिस्मती रही कि कोई हताहत नहीं हुआ केवल बाइक जलकर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार नगर के ललौली रोड स्थित एक पेट्रोल पंप में रविवार को दिन में करीब दो बजे अचानक एक बाइक में आग लग गई। आग लगने की घटना के बाद हड़कंप मच गया। हालांकि पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने सतर्कता दिखाते हुए अग्निशामक यंत्र से आग बुझाने का काम किया। जिससे आग पर तुरंत काबू पा लिया गया वरना दुर्घटना बड़ी हो सकती थी। मामला जानलेवा भी हो सकता था। केवल बाइक का नुकसान हुआ है। बाकी कोई कर्मचारी या अन्य व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। बताया जाता है कि कुछ युवक बाइक लेकर पेट्रोल डालने पेट्रोल पंप आए थे बताया जाता है कि बाइक बहुत दूर से चलकर आई थी जिसके चलते बाइक का इंजन बहुत गर्म था। जैसे ही पेट्रोल डाला गया बाइक में आग पकड़ ली।

## तालाबी नम्बर पर प्लाटिंग की खुली पोल, खरीददारों में मचा हड़कम्प

**-सदर कोतवाली के ग्राम हबीबपुर की गाटा संख्या-149 रकबा करीब साढ़े चार बीघा में सज रहे आशियान**

**-एक प्रापर्टी डीलर ने ठिकाने लगाई जमीन, राजस्व अभिलेखों में खेल से सजाई दुकान**



**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हबीबपुर में हरिहरमान सिंह इंक्लेव के नाम से की जा रही प्लाटिंग की पोल लेखपाल की उपजिला अधिकारी को दी गई रिपोर्ट ने खोल कर रख दिया है। बड़े घराना से ताल्लुक रखने वाले लोगों अवैध हरकतों की परतें खुलने लगी हैं। सूत्र बतातें हैं कि कभी इस भूमि पर साढ़े चार बीघा से अधिक क्षेत्रफल में तालाब हुआ करता है था, जिसका अकूत दौलत जुटाने वालों में लगी होड़ ने नामोंनिशान ही नहीं मिटा दिया, बल्कि अब तालाबी नंबर पर लोगों के आशियाना सजने लगे हैं। लेखपाल की आख्या से खुली पोल को लेकर अब प्लाटों के खरीदार और आशियाना बना कर अपने घर के सपने को साकार करने वालों में खलबली मच गई है।

गौरतलब है कि हबीबपुर मोहाल की वर्तमान गांटा संख्या-149 की पुरानी गाटा संख्या-200 थी। इस जमीन पर भूमिधरी बता कर मान परिवार के लोगों ने हरिहरमान सिंह इंक्लेव के नाम से प्लाटिंग का खूबसूरत नक्शा बनवाया और लाखों रूपये कीमती प्लाटों की बिक्री भी शुरू है। तालाबी नंबर पर प्लाटों की बिक्री का रेट भी आसमान छूने वाले हैं। तमाम लोगों ने इस बस्ती पर आशियाना बनाने के लिये ऐनकेन प्रकारेण प्लाट खरीदा और मकानों का निर्माण भी कराया। बतातें हैं कि इस बीच कुछ अन्य लोग भी प्लाटिंग की खूबियों को सुन कर वहां प्लाट खरीदने के लिये गये और प्लाट भी तय किया, लेकिन जब उन्होने अभिलेखों का मुआयना कराया तो खतौनी में कई नाम अंकित मिले, परन्तु भूमि का आकार पत्र 41 व 45 में ऐसा कोई जिक्र नहीं मिला। मामला उपजिला अधिकारी सदर के सामने पहुंचा तो उन्होने राजस्व लेखपाल व कानूनगो से इसकी पड़ताल कर आख्या मांगी। लेखपाल के स्थलीय सत्यापन व अभिलेखीय सत्यापन की रिपोर्ट जो सामने आई उससे वहां आशियाना बना कर रहने वालों और प्लाटों के खरीदरों में हड़कम्प मच गया। लेखपाल ने अपनी आख्या में स्पष्ट उल्लेख किया है कि ग्राम हबीबपुर की वर्तमान खतौनी (1427-1432) फसली के खाता संख्या-30 की गाटा संख्या- 149 रकबा-0.7770 हे0 भू राजस्व 30.00 रू. बतौर भूमिधरी भरतमान सिंह आदि कई लोगों के नाम अंकित हैं। इसके अभिलेखीय साक्ष्य का परिसीलन करने पर ज्ञात हुआ की उपरोक्त गांटा संख्या जोत आकार पत्र 41 में नई गाटा संख्या-149, पुरानी गाटा संख्या 200/1 व 217/1 से निर्मित है, जबकि गाटा संख्या-200/1 सन् 1359 फसली के खसरा में तालाब के रूप में अंकित है, किन्तु जोत आकार पत्र 45 के खाता संख्या-23 में हरिहरमान सिंह का नाम अंकित है। 1359 फसली में गाटा संख्या-200/1 तालाब अंकित था, जिसे दौरान चकबंदी नया नंबर-149 जोत आकार पत्र 45 में जालसाजी करके हरिहरमान सिंह का नाम अंकित कर दिया गया, जिसका कोई आदेश जोत आकार पत्र 41 व 45 में अंकित नहीं है। लेखपाल की उक्त आख्या में उपरोक्त गाटा संख्या की भूमि को पुनः श्रेणी-6(2) तालाब के खाता में अंकित करने की संस्तुति की गई। यह जानकारी जैसे-जैसे प्लाट खरीदने वालों एवं प्लाट खरीद कर मकान बना कर रहने वालों तक पहुंची रही है, उनके चेहरों का रंग फीका पड़ रहा है। उधर मामले में जब भरत मान सिंह से बात की गई तो सभी राजस्व अभिलेखों में बतौर भूमिधरी अपना पक्ष मजबूत बता रहे हैं, लेकिन 41व 45 में कोई आदेश के कागजात नहीं दिखा सके।

# ...सबके हृदय विराजिये, वाणी करो रसाल

- शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की साप्ताहिक रविवासरीय काव्य गोष्ठी संपन्न



**फतेहपुर।** षहर के मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 381वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन केपी सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे।

काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए केपी सिंह कछवाह ने वाणी वंदना में अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरस्वती मां आइए, रखा आरती थाल, सबके हृदय विराजिये, वाणी करो रसाल।। पुनः कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतर्भावों को प्रस्तुत किया संसार महाभारत-रण है, हर व्यक्ति यहां है कौंतेय। है धन्य उसी का ही जीवन, जो होता माया से अजेय।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया दुखिया या संसार में, सुखिया मिला न कोय। याकै वा सुखिया मिला,भगत राम का जोय।। दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने भावों को मुक्तक में कुछ इस प्रकार पिरोया शांति हेतु करते प्रयास जो, छिपी उसी में भूल। बिना क्रांति के शांति है, ज्यों अंबर का फूल।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये जंक फूड औ खाद्य तेल का, कम प्रयोग ही है बेहतर। घेरे न यदि हमें मोटापा, फिर इससे है क्या बढ़कर।। डॉ शिवसागर साहू ने पढ़ा पंबन सी ब्रिज का हुआ, भारत में निर्माण। सबसे ऊंचा सेतु यह, तले चलें जलयान।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये निर्झर, सरित, सरोवर, सागर और कुओं का दुख जानो। रखो प्रदूषण मुक्त सभी को, जल की कीमत पहचानो।। कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजक ने आभार व्यक्त किया।

## परिवार परामर्श केंद्र की काउंसलर का निधन, हुई शोकसभा



**फतेहपुर।** परिवार परामर्श केंद्र की काउंसलर सरोज शर्मा के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए संस्था के अध्यक्ष एचसी चौहान व सचिव जेएन शुक्ल ने गहरा शोक व्यक्त किया। कहा कि संस्था की एक कर्मठ, साहसी, मेहनती कर्तव्यनिष्ठ महिला की कमी हो गई। जिसका दुःख हम सभी को है। साथी काउंसलर अंजू सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी बहन हमारा साथ छोड़ गई। जो पग-पग पर रास्ता दिखाती थीं। उनको सामाजिक कार्यों का अनुभव अधिक था। उनकी कमी अब कोई पूरी नहीं कर पाएगा, जिसका हमेशा दुःख रहेगा। काउंसलर सरोज शर्मा के पति रामसेवक शर्मा ने कहा कि धर्मपत्नी अकेला छोड़कर चली गई। बड़े पुत्र अंकित शर्मा ने कहा कि मां मेरा गर्व थीं। उनके रहने से वह जिम्मेदारियों से मुक्त थे। मां को खोने का दुख बता नहीं सकता। षोकसभा को छोटे बेटे अमन शर्मा ने भी संबोधित किया। शोक संवेदना में सभी ने अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर धनंजय सिंह, सविता दुबे, दीक्षा शर्मा, शानू शर्मा, आदी शर्मा समेत संस्था सदस्य व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लाखों की नगदी और जेवरात लेकर फरार हुआ प्रेमी जोड़ा

- मौसेरी बहन से हो गया इश्क

**फतेहपुर।** जिले से रिश्तो को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। यहां सगी मौसेरी बहन को एक युवक लेकर भाग गया। इतना ही नही आरोप है कि 60 हज़ार कैश और लाखों के सोने-चांदी के जेवरात भी युगल प्रेमी साथ ले गए। पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया है। परिजन काटने चले गए थे गेहूंः जानकारी के अनुसार खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि विगत 16 अप्रैल की सुबह परिवार के साथ महिला गांव में ही खेतों में गेहूं काटने चली गई थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान घर में उसकी 20 वर्षीय बेटी अकेली थी। जब महिला दोपहर को खेतों से खाना खाने के लिए घर पहुंची तो बेटी गायब थी। आस पड़ोस में जानकारी करने पर पता चला कि किशनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी उसकी बहन का लड़का बृजेश सोनकर सुबह करीब 10 बजे गांव पहुंचा और लड़की को भगा ले गया। आरोपी की धर-पकड़ के लिए दबिशः इतना सुनते ही परिजनों के होश उड़ गए। वहीं घर के बक्से में रखे सवा किलो चांदी के जेवरात और सोने की झुमकी व मंगलसूत्र के साथ 60 हज़ार रुपये कैश भी युवती साथ ले गई है। लड़की की मां ने मामले की तहरीर स्थानीय थाना पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष बच्चे लाल प्रसाद ने बताया कि महिला के शिकायती पत्र के आधार पर अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## खबर एक नज़र

### 31 मई को मनाई जाएगी रानी अहिल्याबाई की जयंती

**- अहिल्या आर्मी भारत एकता मिशन व राष्ट्र उदय पार्टी ने की अपील**

**फतेहपुर।** माता अहिल्याबाई की जयंती मनाने को लेकर एक बैठक हुसैनगज विधानसभा क्षेत्र के रंजीतपुर गांव के रहने वाले योगेंद्र पाल के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामसूरत गुरु ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अहिल्या आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष अजय गड़रिया मौजूद रहे। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अजय गड़रिया ने कहा कि माता अहिल्याबाई की 300 वीं 31 मई को बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए रणनीति तैयार किया गया है। माता अहिल्याबाई इंदौर की रानी रहीं और उन्होंने पाल, गड़रिया और बघेल समाज में शिक्षा के क्षेत्र में काम किया। तभी आज हमारा समाज हर क्षेत्र में आगे है। चाहे वह राजनीति में हो या फिर सरकारी नौकरी में लेकिन आज भी संगठित नही होने से अलग थलग पड़े हुए हैं, इसलिए हम सभी को एक बैनर के नीचे आकर काम करना होगा। उसी के तहत अहिल्या भारत एकता मिशन का गठन किया गया। अहिल्याबाई की जयंती पर हम सभी समाज के लोगों को निमंत्रण देते हैं कि कार्यक्रम में आये और जयंती को धूमधाम से मनाए क्योंकि जब हम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती और अन्य महापुरुषों की जयंती सभी समाज के लोगों के साथ मना सकता है तो फिर माता अहिल्याबाई के जयंती में भी एक साथ आकर कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि जो लोग जातिवाद मानते होंगे वह कार्यक्रम नही आयेगा और जो लोग जातिवाद से दूर होंगे वह जयंती के अवसर पर जरूर आने का काम करेंगे। राष्ट्र उदय पार्टी के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर पाल ने कहा कि हमारी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता माता अहिल्याबाई के जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए गांव गांव जाकर लोगों को कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण देने का काम अभी शुरू कर दिया है। बैठक में गुलाब पाल जिला सचिव, राष्ट्र उदय पार्टी के राजा भइया, भरत बघेल, श्यामू पाल, सचिन पाल, रिंकू पाल, युवराज पाल, शिवम पाल, सुनील पाल, कुंवर बहादुर, अंकुश पाल, विनोद पाल, रामशंकर पाल सहित संगठन के लोग मौजूद रहे।

### आग लगने से दो बीघा गेहूं की फसल जली

**बिंदकी (फतेहपुर)।** अज्ञात कारण से गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने मिलकर काफी प्रयास के बाद आग को बुझाया। तब तक लगभग दो बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चकमदा व दुईजा का पुरवा गांव के बीच रविवार की सुबह लगभग आठ बजे अज्ञात कारण से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने की घटना के बाद हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने मिलकर आग को बुझाया। तब तक दुईजा का पुरवा गांव निवासी रामनरेश यादव पुत्र नंदराम यादव की एक बीघा तथा कमल सिंह पुत्र नंदकिशोर की एक बीघा कुल दो बीघा गेहूं की फसल जल गई। मामले की सूचना पुलिस व हल्का लेखपाल को दी गई है।

### ई-रिक्शा पलटने से वृद्धा की मौत, 02 घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उधन्नापुर के समीप रविवार की सुबह अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से जहां 65 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गयी वहीं अन्य दो सवारियां चोटहिल हो गयी। जिनका चिकित्सीय उपचार के बाद घर वापस भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के एकारी गांव निवासी स्व0 राजबहादुर की पत्नी गोमती देवी अपनी रिश्तेदारी में हुसैनगंज थाने के मवई गांव आई थी। रविवार की सुबह ई-रिक्शा में बैठकर शहर आ रही थी। तभी उधन्नापुर के समीप अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य दो घायलो का चिकित्सीय उपचार के बाद घर वापस भेज दिया गया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### थलहा से टकरा बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्रास संवत के समीप षनिवार की रात डीजे बजाने के लिए घर से निकले बाइक सवार 20 वर्षीय युवक थलहा से जा टकराया। जिससे वह गंभीर रूप से घालय हो गया। कुछ ही देर बाद उसकी मौके पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार संवत गांव निवासी रमेश चन्द्र का पुत्र करन डीजे बजाता था। रात लगभग 10:30 बजे वह घर से यह कहकर निकला कि वह डीजे बजाने जा रहा है। जैसे ही वह गांव के समीप बाइक लेकर पहुंचा तभी थलहा से जा टकराया और बुरी तरह घायल हो गया। कुछ समय बीतने पर उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सुबह जब गांव के कुछ लोग बाहर निकले तभी सडक किनारे मृत अवस्था में करन को देख उसके परिजनों को जानकारी दे दी गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों की मासिक बैठक केसरी विहार में जिलाध्यक्ष अदीप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में संगठन की हुई सदस्यता, आगे आने वाले कार्यक्रमों एवं शिक्षकों की विभिन्न विभागीय समस्याओं के निस्तारण सहित अन्य विषयों पर बिन्दुवार चर्चा की गई। यह तय हुआ कि संगठन में निष्क्रिय जिला व ब्लाक के पदाधिकारियों से जिला मंत्री एवं संगठन मंत्री वार्ता कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मासिक बैठक में बढ़ती हुई गर्मी को .ष्टिगत रखते हुए विद्यालयों में समय परिवर्तन, 68500 एवं 69000 सहित विभिन्न भर्तियों से नियुक्त शिक्षकों के अवशेष वेतन भुगतान आदेश जारी करने, 600 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं के लम्बित चयन वेतनमान का आदेश जारी किए जाने सहित शिक्षकों पर हुई विभिन्न कार्यवाहियों में शिक्षकों का पक्ष जानते हुए उन सभी को निस्तारित किया जाने पर चर्चा करते हुए निर्णय हुआ कि संगठन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयास करेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष अदीप सिंह, जिला मंत्री अंकित अग्रहरि, कोषाध्यक्ष केशव अग्निहोत्री, संगठन मंत्री सत्येंद्र शुक्ल उपाध्यक्ष गौरव गौर, ब्लाक अध्यक्ष दीपक चौधरी, संगीता सचान, राहुल मिश्रा, दुर्गा दत्त, मयंक विनय प्रवीण दयाराम भी मौजूद रहे।

### लापरवाही में दो पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल जिले की कानून व्यवस्था को लेकर बेहद सक्रिय हैं। उन्होने पहले ही पुलिस कर्मियों को चेताया था कि कार्यों में लापरवाही व षिथिलता बर्दाष्त नहीं की जाएगी। इसके बावजूद कुछ पुलिस कर्मी आज भी लापरवाही बरत रहे हैं। जिसके चलते उन्होने एक उपनिरीक्षक समेत दो पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही व षिथिलता बरतने पर तत्काल प्रभाव से खागा कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक रमेष चन्द्र व इसी कोतवाली के हेड मुहर्रिर आषीश त्रिपाठी को लाइन हाजिर करते हुए पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया है।

### डीसीएम की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, छह घायल

**बिंदकी (फतेहपुर)।** डीसीएम की टक्कर से सवारी से भरा ई-रिक्शा पलट गया। दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया। लोगों ने मिलकर ई रिक्शा को खड़ा किया और घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। दुर्घटना में छह लोग घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार नगर के कुंवरपुर रोड बाईपास चौराहे में रविवार की सुबह लगभग दस बजे डीसीएम की टक्कर से सवारियों से भरा ई रिक्शा पलट गया। डायल-112 व कोतवाली बिंदकी पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटना में ई-रिक्शे में सवार दीपक निवासी जोनिहा कोतवाली बिंदकी, गिरधारी निवासी खूंटाझाल थाना जाफरगंज, ई-रिक्शा चालक आशीष निवासी हरदौली कोतवाली बिंदकी, गुजराती देवी पत्नी स्व0 रघुवीर सिंह निवासी अलियाबाद कोतवाली बिन्दकी, पूजा सिंह निवासी बिंदकी, विला देवी पत्नी विश्राम निवासी अलियाबाद घायल हो गईं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि ई रिक्शा बिंदकी कस्बे से अलियाबाद की ओर जा रहा था। जबकि डीसीएम जय गुरुदेव मंदिर से मां ज्वाला देवी मंदिर की ओर जा रही थी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मजबूर ट्रंप

किसी शासनाध्यक्ष के फैसलों की कामयाबी इस पर निर्भर करती है कि वे हकीकत से कितने जुड़े हैं, उनकी कितनी स्वीकार्यता है और उनके पीछे कितनी दूरगामी सोच है। ऐसा न हो तो फैसले सनक ही ज्यादा लगते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आजकल ऐसे ही दौर से गुजर रहे हैं। वजह उनके द्वारा शुरू टैरिफ अभियान है। शायद यह उनका मानना था कि अमेरिकी ताकत के दबाव के आगे सारे देश इसे सिर झुकाकर मानने को मजबूर होंगे लेकिन ज्यादातर अपनी-अपनी ठोस अर्थव्यवस्था वाले देशों इसे चुनौती देते हुए पलटवार कर दिया और अपनी तरफ से लगाए जाने वाले टैरिफ को भी बढ़ा दिया। चीन तो दो सौ पैंतालीस प्रतिशत के अमेरिकी टैरिफ के बाद भी काबू में आने को तैयार नहीं है। अब ट्रंप का ही कहना है कि इस मामले पर चीन के साथ समझौता जल्द होगा। उन्हें अब बाकी देशों से बातचीत के लिए राजी होना पड़ रहा है। उधर अमेरिका का संघीय न्यायालय ट्रंप प्रशासन के कई फैसलों पर रोक-स्थगन के आदेश देकर उनकी किरकिरी करता जा रहा है। वैश्विक मामलों में ट्रंप को सबसे आसानी से भुनाने वाला रूस-यूक्रेन युद्ध लगा और उन्होंने पीड़ित यूक्रेन पर अच्छा-खासा दबाव भी बनाया। यहां तक कि परंपरागत प्रतिद्वंद्वी रूस के प्रति रुख कुछ नरम भी किया लेकिन यह भी बैकफायद कर गया। रूस जहां और आक्रामक होता जा रहा है तो जेलेंस्की भी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। परमाणु कार्यक्रम को लेकर पिछले कुछ वर्षों से ईरान के साथ तनातनी शांत रहने के बाद ट्रंप ने उसे फिर हमले तक की धमकी दे डाली लेकिन सर्वोच्च ईरानी नेता खामेनेई उससे बेअसर रहे। अब विवाद दोनों के बीच बातचीत पर आकर टिक गया है। इसी तरह पश्चिम एशिया लगी खूनी आग बुझाने पर ट्रंप के कदम मजाक बनकर रह गए हैं जहां उनके दोस्त नेतन्याहू आज भी बड़े पैमाने पर फिलिस्तीनियों कत्लेआम कराना जारी रखे हैं। ट्रंप अगर 'ग्लोबल डॉन' ही बनना चाहते हैं तो बेहतर यह हो कि अच्छे-बुरे नतीजों पर गहराई से सोचकर कदम उठाएं लेकिन शायद उन्हें अमेरिका जैसे देश को चलाना चॉकलेट खरीदकर खाने जैसा ही आसान लगता है।

## टूटती सड़कें

सार्वजनिक आवश्यकताओं में सड़कों का नाम सबसे महत्वपूर्ण रूप से आता है। रोजाना हजारों-लाखों लोग और बड़ी संख्या में वाहन इन पर से होकर गुजरते हैं। इसलिए निर्माण के समय इनकी मजबूती और रखरखाव के लिए नियमित पर्यवेक्षण भी जरूरी होता है। इनके हिसाब से काम करने के लिए लाखों-करोड़ों का भारी भरकम बजट भी दिया जाता है। निर्माण के बाद सारा काम कागजों में दुरुस्त और नियमानुसार दिखा तो दिया जाता है लेकिन कुछ ही दिनों-महीनों में इसकी असलियत सामने आ जाती है। खासतौर पर बरसात के मौसम में हल्की बारिश के बाद सड़कों की गिट्टियां उखड़ने लगती हैं और उन पर आना जाना जोखिम भरा हो जाता है। लेकिन इस बार बरसात का मौसम अभी शुरू भी नहीं हुआ और जगह-जगह सड़कों पर दस दस फीट के गड्ढे होने लगे हैं। पिछले हफ्ते लखनऊ के हजरतगंज, इंदिरानगर व हीवेट रोड इलाकों में मुख्य मार्गों पर सड़कें धंसने की घटनाएं हुईं। करीब दो महीने पहले विकासनगर में भी सड़कें टूटी और धंसी थीं। गोमतीनगर और आलमबाग में भी इस तरह के मामले हाल ही में हुए हैं। कोई होता है तो एकाध जगह पर उसमें खराबी हो सकती है पर विडंबना यह है कि बार बार ऐसे मामले होने पर भी सही ढंग से सड़कें बनाने और उनके रखरखाव पर ध्यान दिया ही नहीं जाता। ऐसे में यही तो माना जाएगा कि निर्माण में कागजों पर दिखाई जाने वाली लागत से कहीं कम पैसा खर्च करके संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा ऊपरी कमाई की गुंजाइश निकाली जाती है। कोई कमी सामने आती भी है तो उसे रफा-दफा कर दिया जाता है और अगली बार निर्माण में फिर वही खेल दोहराया जाता है। सड़कों के निर्माण में इस तरह की घपलेबाजी की ओर खुद केंद्रीय सड़क व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी कई बार संकेत कर चुके हैं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**परिवारवादियों को विकास स्वीकार नहीं-योगी**
विकासवादियों ने परिवार ही नहीं बनाया है!

**मुंबई में जैन मंदिर गिराये जाने पर राजनीति गर्म**
सनातनरक्षकों को जैन मंदिरों से क्या मतलब?

**संविधान का रक्षक भारतीय सुप्रीम कोर्ट-जोसेफ**
बार बार संविधान को खतरे क्यों पैदा हो रहे हैं?

**दिल्ली में इमारत गिरने से ग्यारह लोगों की मौत**
देश की राजधानी बहुत योग्य लोगों के हवाले!

**तीर्थयात्रा की आनलाईन बुकिंग में धोखाधड़ी**
मोहमाया छोड़कर ही तीर्थयात्रा का आनंद है!

**बांग्लादेश में हिंदू नेता का अपहरण कर हत्या**
हर क्रिया की बराबर विपरीत प्रतिक्रिया होती है।

♦♦♦

# अब भटक तो नहीं रहा राजनैतिक विमर्श!

भारतीय जनता पार्टी के बड़े से लेकर छोटे नेता तक जब कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक रूप से नाम लेते हैं तो उनके नाम के साथ 'यशस्वी ' शब्द ज़रूर लगाते हैं। देश को इसके पहले लंबे समय तक शासन करने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गाँधी जैसे प्रधानमंत्री भी मिले। परन्तु



-तनवीर जाफ़री


उनके नाम के साथ 'यशस्वी' शब्द कम से कम स्थाई रूप से इसतरह चिपका हुआ नहीं देखा गया। बजाये इसके वर्तमान 'यशस्वी' प्रधानमंत्री को कांग्रेस की सरकारों विशेषकर पंडित नेहरू की विभिन्न अवसरों पर आलोचना करते हुये ज़रूर देखा गया। निश्चित रूप से अपने समर्थकों की नज़रों में नरेंद्र मोदी यशस्वी प्रतापी, महान, हिन्दू हृदय सम्राट कुछ भी हो सकते हैं। परन्तु देश का निष्पक्ष नागरिक जब 'यशस्वी' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना कांग्रेस के ही उन पूर्व प्रधान मंत्रियों से करता है जिसकी मोदी आलोचना करते हैं तो निश्चित रूप से वह पंडित नेहरू व इंदिरा गाँधी के सार्वजनिक भाषणों की भी तुलना 'यशस्वी' प्रधानमंत्री के भाषणों व उसके मुख्य मुख्य अंशों से ज़रूर करना चाहता है। और यह भी जानना चाहता है कि मात्र बहुसंख्य वोट हासिल करने के लिये क्या कभी इन पूर्व प्रधानमंत्रियों द्वारा भी ऐसी शब्दावलियों का प्रयोग किया गया जैसी कि हमारे 'यशस्वी' प्रधानमंत्री द्वारा बार बार की जाती है ? क्या इसतरह के भाषण और इस स्तर की भाषा ही हमारे प्रधानमंत्री को 'यशस्वी' प्रधानमंत्री बनाती है ?

पिछले दिनों देश के यही 'यशस्वी' प्रधानमंत्री हरियाणा के हिसार पधारे। यहाँ एक जनसभा में वक़्फ़ कानून का ज़िक्र करते करते कुछ ऐसे शब्द उनके मुंह से निकले जिससे उनका 'यश' रातोंरात चौगुना हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यहाँ भी अपनी प्रिय 'पंच लाइन' तो दोहराई ही कि कांग्रेस पार्टी वक़्फ़ को लेकर तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कह डाला कि- 'वक़्फ़ की संपत्ति का अगर ईमानदारी से उपयोग हुआ होता तो मुसलमान नौजवानों को साइकिल का पंक्चर बनाकर ज़िंदगी नहीं गुज़ारनी पड़ती।' इत्तेफ़ाक़ से जिसदिन प्रधानमंत्री अपने इस 'बेशक़ीमती वचनों' के द्वारा समुदाय विशेष के युवाओं को पंक्चर बनाने वाला युवा बता रहे थे उसी दिन संविधान निर्माता बाबासाहेब की जयंती भी थी। इस 'बेशक़ीमती वाक्य' के उनके मुंह से निकलते ही 'यशस्वी प्रधानमंत्री' को लोगों ने ख़ासकर विपक्ष ने आईना दिखाना शुरू कर दिया।

जो प्रधानमंत्री देश के युवाओं को पकौड़ा बेचने की सलाह देते थे वही पंक्चर जैसे व्यवसाय का मज़ाक़ उड़ाते दिखाई दिये? यहाँ यह याद दिलाना ज़रूरी है कि आज की मंहगाई के समय में पंक्चर बनाने का व्यवसाय शुरू करना भी आसान नहीं है। लाखों रूपये, उपयुक्त स्थान, बिजली, एयर कम्प्रेसर, भरपूर मेहनत और भी बहुत कुछ कुछ चाहिये पंक्चर का व्यवसाय शुरू करने के लिये। वैसे भी यह रोज़गार भीख मांगने या खंजरी बजाने से तो कहीं बेहतर और इज़्ज़त वाला कारोबार है साथ ही यह वाहन चालकों को बड़ी राहत पहुँचाने वाला व्यवसाय है। याद कीजिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने कुछ वर्ष पूर्व इंदौर में एक कार्यक्रम में कहा था कि 'भीख मांगना भी देश के 20 करोड़ लोगों का रोज़गार है, जिन्हें किसी ने रोज़गार नहीं दिया उन लोगों को धर्म में रोज़गार मिलता है, जिस परिवार में पांच पैसे की कमाई भी न हो उस परिवार का दिव्यांग और दूसरे सदस्य धार्मिक स्थलों में भीख मांगकर परिवार का गुज़ारा करता है, ये छोटा काम नहीं है। ज़रा सोचिये जब संघ के वरिष्ठ नेता को भीख मांगना तक भी छोटा काम नहीं लगता तो संघ प्रशिक्षित 'यशस्वी'


> *भारतीय* जनता पार्टी के बड़े से लेकर छोटे नेता तक जब कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक रूप से नाम लेते हैं तो उनके नाम के साथ 'यशस्वी ' शब्द ज़रूर लगाते हैं। देश को इसके पहले लंबे समय तक शासन करने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गाँधी जैसे प्रधानमंत्री भी मिले। परन्तु उनके नाम के साथ 'यशस्वी' शब्द कम से कम स्थाई रूप से इसतरह चिपका हुआ नहीं देखा गया। बजाये इसके वर्तमान 'यशस्वी' प्रधानमंत्री को कांग्रेस की सरकारों विशेषकर पंडित नेहरू की विभिन्न अवसरों पर आलोचना करते हुये ज़रूर देखा गया। निश्चित रूप से अपने समर्थकों की नज़रों में नरेंद्र मोदी यशस्वी प्रतापी, महान, हिन्दू हृदय सम्राट कुछ भी हो सकते हैं।

प्रधानमंत्री को पंक्चर बनाना जैसा अहम व्यवसाय तुच्छ व्यवसाय कैसे नज़र आ गया? इसी तरह संघ प्रशिक्षित व उत्तर प्रदेश के एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय के उप कुलपति राजाराम



यादव ने भी अपने एक व्याख्यान में भीख मांगने को न केवल सही ठहराया था बल्कि इसे प्रोत्साहन भी दिया था। उन्होंने बताया था कि 'अपने छात्र जीवन में जब वे ट्रेन से स्कूल जाते थे उस समय एक अंधा भिखारी डफ़ली बजा कर एक दिन में एक से दूसरे स्टेशन के बीच में 2 दिन की ज़रूरत भर की कमाई कर लेता था। आज दुनिया में भारत में बेरोज़गारी का हव्वा खड़ा करके देश को बदनाम किया जा रहा है'। उसी समय उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुये यह तक कह दिया था कि 'अगर किसी के पास डफ़ली ख़रीदने के पैसे ना हों तो उनको विश्वविद्यालय डफ़ली ख़रीद कर दे देगा। वैसे तो प्रधानमंत्री भी अपने साक्षात्कार में अपने ही लिये 25-30 वर्षों तक भीख मांगने की बात कर चुके हैं। फिर आख़िर पंक्चर बनाने जैसा परिश्रम करने वाला स्वाभिमानी व्यवसाय तुच्छ या निकृष्ट अथवा हीन व्यवसाय कैसे और क्योंकर हो गया? 'यशस्वी' प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता सिर्फ़ 'पंक्चर ज्ञान' तक ही सीमित नहीं है बल्कि कभी वे यह ज्ञान भी देते हैं कि 'उपद्रवियों की पहचान उनके कपड़ों से ही पता चल जाती है।' और कभी साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की ख़ातिर उन्हें यह कहने में भी कोई हिचक नहीं होती कि -'अगर रमज़ान में बिजली आती है तो दीवाली में भी आनी चाहिए। अगर क़ब्रिस्तान के चारों तरफ़ दीवार बनती है तो श्मशान भी वैसा ही होना चाहिए।' मुझे तो नहीं याद कि पंडित नेहरू व इंदिरा गाँधी जैसे प्रधानमंत्रियों ने भी कभी इसतरह की भाषा का प्रयोग किया हो जोकि आज के युग के 'यशस्वी' प्रधानमंत्री द्वारा की जा रही है। आख़िर विपक्षी नेताओं द्वारा क्यों आज प्रधानमंत्री को 'दो रुपये के ट्रोल्स की भाषा का प्रयोग करने वाला प्रधानमंत्री' कहा जाने लगा है ? ज़ाहिर है इसकी वजह यही है कि दुर्भाग्यवश अब राजनैतिक विमर्श का स्तर 'कपड़ों से पहचान' वाया शमशान-क़ब्रिस्तान होते हुये अब 'पंक्चर' तक पहुँच चुका है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

जल्दी-जल्दी बैलों को सानी-पानी दे दें। ईदगाह से लौटते-लौटते दोपहर हो जायेगी। तीन कोस का पैदल रास्ता, फिर सैकड़ों आदमियों से मिलना-भेंटना। दोपहर के पहले लौटना असम्भव है। लड़के सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं। किसी ने एक रोजा रखा है, वह भी दोपहर तक, किसी ने वह भी नहीं; लेकिन ईदगाह जाने की खुशी उनके हिस्से की चीज है। रोजे बड़े-बूढ़ों के लिए होंगे। इनके लिए तो ईद है। रोज़ ईद का नाम रटते थे। आज वह आ गयी। अब जल्दी पड़ी है कि लोग ईदगाह क्यों नहीं चलते। इन्हें गृहस्थी की चिंताओं से क्या प्रयोजन! सेवैयों के लिए दूध और शक्कर घर में है या नहीं, इनकी बला से, ये तो सेवैयां खायेंगे। वह क्या जानें कि अब्बाजान क्यों बदहवास चौधरी कायमअली के घर दौड़े जा रहे हैं। उन्हें क्या खबर कि चौधरी आज आंखें बदल लें, तो यह सारी ईद मुहर्रम हो जाय। उनकी अपनी जेबों में तो कुबेर का धन भरा हुआ है। बार-बार जेब से अपना खजाना निकालकर गिनते हैं और खुश होकर फिर रख लेते हैं। महमूद गिनता है, एक-दो, दस-बारह। उसके पास बारह पैसे हैं। मोहसिन के पास एक, दो, तीन, आठ, नौ, पन्द्रह पैसे हैं। इन्हीं अनगिनती पैसों में अनगिनती चीजें लायेंगे- खिलौने, मिठाइयां, बिगुल, गेंद और न जाने क्या-क्या। और सबसे ज्यादा प्रसन्न है हामिद। वह चार-पांच साल का गरीब-सूरत, दुबला-पतला लड़का, जिसका बाप गत-वर्ष हैजे की भेंट हो गया और मां न जाने क्यों पीली होती होती एक दिन मर गयी। किसी को पता न चला, क्या बीमारी है। कहती भी तो कौन सुनने वाला था। दिल पर जो कुछ बीतती थी, वह दिल में ही सहती थी और जब न सहा गया तो संसार से विदा हो गयी। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्गं समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने-अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# गंगा-यमुनी तहज़ीब की मिसाल है उर्दू भाषा!

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने यह बात कही है कि उर्दू भाषा भारत की मिट्टी की भाषा है और भारत की राजभाषा हिंदी भी उर्दू के बिना अधूरी है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भाषा को धर्म से जोड़ना ग़लत है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि सुप्रीम कोर्ट की



-सुनील कुमार महला

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने हाल ही में एक फैसला सुनाते हुए यह बात कही है कि 'भाषा किसी धर्म की नहीं, बल्कि समुदाय, क्षेत्र और लोगों की होती है। भाषा संस्कृति होती है और समाज की सभ्यतागत यात्रा का मापदंड होती है।' वास्तव में, उर्दू को मुसलमानों की भाषा मानना एक गलतफहमी है। भाषा संस्कृति होती है और समाज की सभ्यतागत यात्रा का मापदंड होती है। माननीय कोर्ट ने यह बात कही है कि 'उर्दू भाषा गंगा-जमुनी तहजीब की सबसे बढ़िया मिसाल है और इसका जन्म भारत की भूमि पर हुआ है।' कोर्ट ने उर्दू भाषा को विदेशी या केवल एक धर्म विशेष की भाषा मानने को पूरी तरह से ग़लत बताया है।कोर्ट ने यह बात कही है कि , 'हकीकत ये है कि हिंदी भाषा का दैनिक उपयोग भी उर्दू शब्दों के बिना अधूरा है। खुद 'हिंदी' शब्द भी फारसी शब्द 'हिंदवी' से आया है। वास्तव में सच तो यह है कि हिन्दी और उर्दू दोनों एक ही इंडो-आर्यन भाषा हैं और एक-दूसरे से बहुत मिलती-जुलती हैं। हिंदी और उर्दू भाषा की समानता की यदि हम यहां बात करें तो इन दोनों भाषाओं का व्याकरण और बोलने का तरीका लगभग एक जैसा है। इतना ही नहीं, दोनों ही भाषाओं में सर्वनाम और क्रियापद एक ही हैं तथा संज्ञा और विशेषण शब्दों का बहुतायत प्रयोग भी लगभग एक जैसा दिखता है। सच तो यह है कि इन दोनों भाषाओं की शब्दावली का 70-80 प्रतिशत हिस्सा लगभग एक जैसा है। पाठकों को बताता चलूं कि उर्दू भारत की शासकीय भाषाओं में से एक है तथा हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की राष्ट्रभाषा उर्दू है। यदि हम यहां भारत की बात करें तो जम्मू और कश्मीर की मुख्य प्रशासनिक भाषा उर्दू है। इतना ही नहीं,तेलंगाना, दिल्ली, बिहार और उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त शासकीय भाषा उर्दू ही है। हालांकि, यह बात अलग है कि उर्दू अरबी और फ़ारसी से प्रभावित है, जबकि हिन्दी संस्कृत से। गौरतलब है कि उर्दू को नस्तालिक लिपि में लिखा जाता है, जबकि हिन्दी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उर्दू में हिन्दी की तुलना में बहुत अधिक फ़ारसी और अरबी के शब्दों का इस्तेमाल होता है। गौरतलब यह भी कि उर्दू में तत्सम शब्दों का उपयोग कम किया जाता है। वास्तव में, यह एक कटु सत्य है कि हिंदी और उर्दू के बीच का विभाजन औपनिवेशिक काल में धर्म के आधार पर किया गया था, जो आज भी एक बड़ी गलतफहमी के रूप में मौजूद है। बहरहाल , यहां पाठकों को बताता चलूं कि हमारे देश में उर्दू और हिंदी का विकास लगभग एक ही कालखंड में हुआ है। दूसरे शब्दों में कहें तो उर्दू भाषा का जन्म भारत में हुआ और अलग-अलग इलाकों में इसका अपने तरीके से विकास हुआ और 75 फीसदी शब्द संस्कृत से लिए गए हैं।सच तो यह है कि उर्दू किसी भी अन्य भाषा की तरह एक भारतीय भाषा है। पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में क्रमशः 22 भाषाएं असमिया, बंगाली, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगू, बोडो, संथाली, मैथिली, डोगरी के अलावा उर्दू को भी शामिल किया गया है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि ज्यादातर ऐतिहासिक संदर्भ इस बात की ओर संकेत करते हैं कि उर्दू की उत्पत्ति भारत के पंजाब राज्य में हुई थी।यह स्थानीय और विदेशी भाषाओं के मेल से विकसित हुई बताते हैं।महान कवि अमीर खुसरो ने अपनी पुस्तक 'घुर्रतुल कमाल' में लिखा है कि 11वीं शताब्दी में लाहौर में पैदा हुए मसूद लाहौरी



(मसूद साद सलमान) ने हिंदवी (उर्दू) में कविता की थी। इससे पता चलता है कि उर्दू की उत्पत्ति पंजाब में हुई थी। जानकारी देना चाहूंगा कि विभाजन से पहले लाहौर वृहद पंजाब का हिस्सा था और उर्दू नाम तुर्की शब्द 'ओरदु' या 'ओर्दा' (सेना) से लिया गया है।कहा जाता है कि यह 'शिविर की भाषा' या स्थानीय लश्करी जबान के रूप में उत्पन्न हुई थी। वास्तव में उर्दू भाषा का इतिहास 12वीं शताब्दी से जुड़ा माना जाता है। मुस्लिम विजय के बाद, उत्तर-पश्चिमी भारत में क्षेत्रीय अपभ्रंश भाषाओं का इस्तेमाल होने लगा और इन्हीं अपभ्रंश भाषाओं से ही उर्दू का विकास हुआ माना जाता है।यह भी उल्लेखनीय है कि उर्दू भाषा के विकास में फ़ारसी और अरबी भाषाओं का भी अहम योगदान रहा है। इसी शताब्दी यानी कि 12 वीं शताब्दी में ही अमीर खुसरो ने 'रेख्ता बोली' लिखी थी, जो आधुनिक उर्दू का आधार बनी। यहां पाठकों को बताता चलूं कि फ़ारसी दिल्ली सल्तनत की आधिकारिक भाषा थी तथा मुगल साम्राज्य के आने के बाद हिंदुस्तानी पर फ़ारसी का प्रभाव जारी रहा। यहां यह भी गौरतलब है कि दखनी उर्दू साहित्य के प्रमुख योगदानकर्ता मीरावजी, बहाउद्दीन बहन, ख्वाजा बंदा नवाज़ गेसू दराज, मुल्ला वजही, कुली कुतुब शाह आदि थे। जानकारी मिलती है कि 16वीं शताब्दी के कवि वली दखनी की साहित्यिक परंपरा उत्तर में लोकप्रिय हुई। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मौलवी अब्दुल हक को 'उर्दू के पिता' के रूप में जाना जाता है। यहां यदि हम इस भाषा (उर्दू भाषा) की खास बातों के बारे में जानना चाहें तो यह सामने आता है कि उर्दू भाषा की शब्दावली संस्कृत-व्युत्पन्न प्राकृत और अरबी-फ़ारसी शब्दों के बीच लगभग समान रूप से विभाजित है। यह भी उल्लेखनीय है कि उर्दू भाषा पर इस्लाम की जारी परंपराओं और सदियों पहले मुस्लिम शासकों द्वारा विदेशी संस्कृति के संरक्षण का प्रभाव दिखा। वास्तव में, यह (उर्दू) शायरी, साहित्य और अकादमिक भाषा तो ये है ही, सरकारी कामकाज की भी भाषा रह चुकी है और सबसे खास बात यह कि उर्दू आम जनजीवन की भाषा रही है। हिन्दी और उर्दू का विकास भी एक-दूसरे के समानांतर होता है और इनमें तमाम समानताएं भी हैं। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि भाषा कोई मजहब नहीं होता और ना ही उर्दू किसी मजहब का प्रतिनिधित्व करती है।माननीय सुप्रीम कोर्ट ने उर्दू को 'गंगा-जमुनी तहजीब' और 'हिंदुस्तानी तहजीब' का एक शानदार नमूना बताते हुए कहा कि उर्दू भारत की मिली-जुली सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

## प्रेरक प्रसंग

### समय की पाबंदी

बात साबरमती आश्रम में गांधी जी के प्रवास के दिनों की है। एक दिन एक गांव के कुछ लोग बापू के पास आए और उनसे कहने लगे, बापू कल हमारे गांव में एक सभा हो रही है, यदि आप समय निकाल कर जनता को देश की स्थिति व स्वाधीनता के प्रति कुछ शब्द कहें तो आपकी कृपा होगी। गांधी जी ने अपना कल का कार्यक्रम देखा और गांव के लोगों के मुखिया से पूछा, सभा के कार्यक्रम का समय कब है? मुखिया ने कहा, हमने चार बजे निश्चित कर रखा है। गांधी जी ने आने की अपनी अनुमति दे दी।

मुखिया बोला, बापू मैं गाड़ी से एक व्यक्ति को भेज दूंगा, जो आपको ले आएगा आपको अधिक कष्ट नहीं होगा। गांधी जी मुस्कराते हुए बोले, अच्छी बात है, कल निश्चित समय मैं तैयार रहूंगा।

अगले दिन जब पौने चार बजे तक मुखिया का आदमी नहीं पहुंचा तो गांधी जी चिंतित हो गए। उन्होंने सोचा अगर मैं समय से नहीं पहुंचा तो लोग क्या कहेंगे। उनका समय व्यर्थ नष्ट होगा।

गांधी जी ने एक तरीक़ा सोचा और उसी के अनुसार अमल किया। कुछ समय पश्चात मुखिया गांधी जी को लेने आश्रम पहुंचा तो गांधी जी को वहां नहीं पाकर उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ। लेकिन वह क्या कर सकते थे। मुखिया सभा स्थल पर पहुंचा तो उन्हें यह देख कर और अधिक आश्चर्य हुआ कि गांधी जी भाषण दे रहे हैं और सभी लोग तन्मयता से उन्हें सुन रहे हैं। भाषण के उपरांत मुखिया गांधी जी से मिला और उनसे पूछने लगा, मैं आपको लेने आश्रम गया था लेकिन आप वहां नहीं मिले फिर आप यहों तक कैसे पहुंचे?

गांधी जी ने कहा, जब आप पौने चार बजे तक नहीं पहुंचे तो मुझे चिंता हुई कि मेरे कारण इतने लोगों का समय नष्ट हो सकता है इसलिए मैंने साइकिल उठाई और तेज़ी से चलाते हुए यहां पहुंचा।

मुखिया बहुत शर्मिंदा हुआ। गांधी जी ने कहा, समय बहुत मूल्यवान होता है। हमें प्रतिदिन समय का सदुपयोग करना चाहिए। किसी भी प्रगति में समय महत्वपूर्ण होता है।

अब उस युवक की समझ में मर्म आ चुका था।

## आपका पत्र मिला


### आस्ट्रेलिया में भी भारतवंशियों का परचम

भारतीयों का परचम विदेशों में भी लहराता है। वर्तमान परिदृश्य में आस्ट्रेलिया में 3 मई को होने वाले आम चुनाव में 45 भारतवंशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहें है। आस्ट्रेलिया के लिए रिकार्ड माना जा रहा है। इस चुनाव में भारतीय मूल के आस्ट्रेलियाई नागरिकों की भूमिका पहले से ज्यादा महत्व पूर्ण हो गई। लगभग 8 लाख आस्ट्रेलियाई मतदाता इस बार अपनें मतधिकार का प्रयोग करेंगे। कुल जनसंख्या का 3.1 प्रतिशत है। भारत वंशियो की बढ़ती संख्या और सक्रियता ने राजनेतिक दलों को खास ध्यान देने पर मजबूर किया। मीडिया में आई रिपोर्टों के अनुसार इस चुनाव में यहां भारतीय मतदाताओं का प्रभाव निर्णायक हो सकता है। भारत के लिए खुशी और गौरवशाली पल है कि भारतीय मूल के लोग आस्ट्रेलिया में भी अपना परचम लहरा रहे और लोकतंत्र के निर्माण में सहभागिता निभा रहे हैं। निश्चित ही मोदीजी की टिप्स और कार्य प्रणाली और भारतीयों के प्रति सेवाभाव, समर्पण और अनवरत विकास की नीति रीति भी मौन स्वरुप में आस्ट्रेलिया में चुनाव मैदान में उतरे 45 भारतवंशियों को कारगर रणनीति तैयार करने में और लोकतंत्र की नई दिशा दशा तय करने में मददगार साबित होंगी। विदेशों में मजबूत संबंध बनाने और राजनीति उद्बोधन भी प्रेरणा सेतु होते हैं। उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि रिकार्ड संख्या में आस्ट्रेलिया में 45 भारतवंशी देश के विकास में सकारात्मक सोच रखकर लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे। देश के विकास में योगदान देकर जीत और जश्न का परचम लहरा कर आस्ट्रेलिया की जनता जनार्दन के विकास के सपनों को साकार करेंगे।

**योगेश जोशी**
**वाया ई-मेल**


**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
***E-mail : swatantrabharat77@gmail.com***

# गर्मियों में इन जगहों पर घूमने का बना लें प्लान



तेज धूप और गर्मी में घर से निकलने का मन नहीं करता। हालांकि गर्मी का यह मौसम कुछ दिन का नहीं, बल्कि कई महीनों होता है। ऐसे में अब महीनों घर के अंदर तो नहीं बिताया जा सकता है। वहीं बाहर की गर्माहट और तपिश आपको शहर से दूर किसी ठंडी और शांत जगह पर जाने के लिए प्रेरित करती है। आप ऐसी जगह की तलाश में रहते हैं जहां आप इस मौसम में कुछ ठंडक महसूस कर सकें। चिलचिलाती धूप और पसीने का सामना न करना पड़े।
इसी सोच के साथ बड़ी संख्या में लोग गर्मियों के मौसम में हिल स्टेशनों या ठंडी जगहों की सैर पर जाते हैं।





गर्मियों में हिल स्टेशनों पर काफी भीड़ होती है। लेकिन आप इस गर्मी के मौसम में ठंडक का अहसास तो करना चाहते हैं लेकिन भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर भी रहना है तो यह खबर आपके काम की है। भारत में कई ऐसी आफबीट जगह हैं जिनके बारे में पर्यटकों को ज्यादा पता ही नहीं।

**हार्सिली हिल्स**

आंध्र प्रदेश का हार्सिली हिल्स किसी जन्नत से कम नहीं है। अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी से थक गए हैं तो यहां आकर सुकून के पल बिता सकते हैं।
यहां जॉर्बिंग, रैप्लिंग, ट्रैकिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह स्थान बेस्ट है।

**रानीखेत**

उत्तराखंड में बसा रानीखेत एक शानदार और सुंदर हिल स्टेशन है। प्रकृति के बेहद करीब इस हिल स्टेशन पर गर्मियों की छुट्टी मनाने जा सकते हैं। बजट ट्रिप के लिए रानीखेत जा सकते हैं। यहां पैराग्लाइडिंग, बाइकिंग, राफ्टिंग का लुत्फ उठाया जा सकता है। साथ ही रानीखेत में आप झूला देवी मंदिर में दर्शन के लिए जा सकते हैं।

**तीर्थन घाटी**

शिमला-मनाली हिमाचल प्रदेश के सबसे मशहूर हिल स्टेशनों में से एक है,इसलिए यहां पर्यटकों की भीड़ काफी रहती है। लेकिन आप सुकून के लिए हिमाचल के तीर्थन घाटी की सैर पर जाएं। यह स्थान हिमाचल नेशनल पार्क से तीन किमी दूरी पर स्थित है। तीर्थन घाटी ट्राउट मछली के लिए लोकप्रिय है।

**माजुली**

अगर आप कुछ हटके और नई जगह जाने की सोच रहे हैं तो मजूली की ट्रिप प्लान कर सकते हैं। माजुली असम में है, जो कि अपनी सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं के लिए लोकप्रिय है। यह स्थान साहित्य, कला और संगीत का संगम माना जाता है।

# गर्मी में दही खाने के 5 बेस्ट तरीके



गर्मी के मौसम में हर डॉक्टर भी लोगों को दही खाने की सलाह देते हैं। ऐसा माना जाता है कि दही के सेवन से व सिर्फ शरीर ठंडा रहता है, बल्कि इसके सेवन से पाचन तंत्र भी मजबूत बना रहता है। दही खाने में काफी अच्छा लगता है लेकिन इसके बावजूद कई बच्चे इसके सेवन से बचते हैं। यदि आपके घर पर भी ऐसा बच्चा है, जिसे दही खाना पसंद नहीं है तो उन्हें सिंपल दही खिलाने की जगह अलग तरह से उन्हें दही परोस सकते हैं। यहां हम आपको बच्चों को दही खिलाने के पांच अलग-अलग तरीके बताएंगे। इन तरीकों से आपका बच्चा दही पूरी तरह से चट कर जाएगा।

**मैंगो दही स्मूदी**



गर्मी के मौसम में दही के साथ-साथ आम भी मिलता है। इन दोनों का ही सेवन शरीर को काफी फायदा पहुंचाता है। इसको बनाने के लिए आपको आम को छीलकर ब्लेंड कर लेना है। उसके बाद उसमें दही मिलाकर एक झटपट स्मूदी तैयार करनी है। आखिर में इसमें थोड़ा सा शहद और काजू बादाम डालें और बस तैयार है स्वादिष्ट स्मूदी।

**दही कुल्फी**

दूध से आइसक्रीम बनाकर तो हर किसी ने खाई होगी, आप अपने बच्चे के लिए दही की आइसक्रीम तैयार करें। इसके लिए दही, थोड़ा शहद, वेनिला एसेंस और मनपसंद फल का पल्प मिलाकर मोल्ड में जमाएं। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है।



**फ्रूट योगर्ट बाउल**

फरूट योगर्ट तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी दही में लेकर उसमें अपने बच्चे से पसंदीदा फल काटकर डालें। दही में चीनी और थोड़ी सी चीनी या शहद मिक्स करें। चाहें तो इसमें चिया सीड्स डाल दें। रंग-बिरंगे फलों के कारण बच्चे इसे देखकर ही खुश हो जाते हैं। इसमें आप अंगूर, संतरा, सेब, केला या अन्य फल भी डाल सकते हैं।



**दही सैंडविच**

ये सैंडविच खाकर आपका बच्चा तो खुश हो जाएगा और वो इसे दोबारा भी मांगेगा। इसे बनाने के लिए थोड़े से दही में खीरा, टमाटर और उबले आलू मिलाकर स्प्रेड बना लें और ब्रेड पर लगाएं। इसे बनाने में आप ब्राउन ब्रेड इस्तेमाल कर सकती हैं।

**फ्लेवर योगर्ट डिप**

किसी भी पकौड़े या फ्राइज के साथ साधारण चटनी परोसने की जगह आप फ्लेवर योगर्ट डिप तैयार कर सकती हैं। इसके लिए दही में मिंट या धनिया की चटनी मिलाकर डिप बनाएं। इसे बच्चे बेहद चाव से खाएंगे।

# डायबिटीज के मरीजों के लिए प्रभावशाली योगासन



योग स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए एक असरदार क्रिया है। किसी भी रोग या शारीरिक व मानसिक समस्या के प्राकृतिक उपचार के लिए भी योगाभ्यास किया जा सकता है। कई ऐसी बीमारियां हैं, जिससे भारत में अधिकतर परिवारों के सदस्य आमतौर पर ग्रसित होते हैं। इसमें से एक सामान्य समस्या डायबिटीज की है।
रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत में लगभग 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं जो कि दुनिया भर में डायबिटीज के मरीजों की कुल संख्या का लगभग 26 फीसदी है।



लैसेंट रिपोर्ट 2022 के मुताबिक, 21.2 करोड़ वयस्क डायबिटीज से पीड़ित थे। डायबिटीज मरीजों को प्राकृतिक उपचार के लिए योग का अभ्यास नियमित तौर पर करना चाहिए, जिससे ब्लड शुगर लेवल काबू में रहता है और इंसुलिन की जरूरत भी नहीं पड़ती है।

**कपालभाति प्राणायाम**

कपालभाति प्राणायाम का अभ्यास स्वास्थ्य को कई तरह से प्रभावित करता है। इसके नियमित अभ्यास से पेट की चर्बी कम होती है और अग्न्याशय सक्रिय होता है, जिससे इंसुलिन उत्पादन सुधरता है। मधुमेह रोगियों को कपालभाति प्राणायाम का नियमित अभ्यास करना चाहिए।



**शलभासन**

शलभासन के नियमित अभ्यास से शरीर का मेटाबॉलिज्म दुरुस्त रहता है। यह आसन इंसुलिन के असर को बेहतर बनाने में सहायक है। डायबिटीज के मरीजों के लिए यह एक फायदेमंद योग है।



अगर डाक्टर की सलाह और विशेषज्ञ की देखरेख में शलभासन का अभ्यास किया जाए तो पाचन तंत्र बेहतर बनता है, जिससे ब्लड शुगर नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

**धनुरासन**

अग्न्याशय और लिवर को सक्रिय करने में धनुरासन का अभ्यास मदद करता है, जिससे ग्लूकोज का मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है।
मधुमेह रोगियों के लिए धनुरासन का अभ्यास ब्लड शुगर के स्तर को काबू में करके फायदा पहुंचा सकता है।

# नहाने के पानी में मिलाएं ये चीजें नहीं आएगी पसीने की बदबू



अप्रैल का महीना चल रहा है, ऐसे में सूरज का पारा अभी से चढ़ने लगा है। तेज धूप की वजह से लोगों की हालत खराब हो रही है। इस मौसम में हर दूसरा व्यक्ति पसीने से परेशान रहता है। बहुत से लोग तो पसीने से इस वजह से काफी परेशान हो जाते हैं, क्योंकि पसीने की वजह से शरीर से बदबू आने लगती है। इस बदबू के कारण लोग शर्मिंदगी का शिकार भी हो जाते हैं। यदि आप भी इसी समस्या से परेशान रहते हैं तो यहां आपको इस समस्या का हल बताने जा रहे हैं। दरअसल, आप कुछ चीजों को नहाने के पानी में डालकर पसीने की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन्हीं कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**नीम की पत्तियां**

यदि आप भी पसीने की बदबू से परेशान हैं, तो आपको नहाने के पानी में नीम की पत्तियों को डालकर उबालना चाहिए। इसके लिए एक पतीले में पानी लेकर उसमें नीम की पत्तियों को डालें। अब इस पानी को उबालें। जब पानी ठंडा हो जाए तो पानी को छानकर नहाने के पानी में मिक्स कर लें। अब ये पानी नहाने के लिए तैयार है।

**गुलाब जल**

यदि आपके पास गुलाब जल रखा है तो इसका इस्तेमाल पसीने की बदबू को दूर करने के लिए करें। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस नहाने के पानी में दो से तीन चम्मच गुलाब जल मिक्स करना है। अब ये पानी नहाने के लिए तैयार है। आप पानी में गुलाब जल मिक्स करके उस पानी से हर रोज नहाएं। इसके इस्तेमाल से आपको पसीने की बदबू से राहत मिलेगी।

**बेकिंग सोडा**

हर भारतीय रसोई में बेकिंग सोडा तो रखा ही रहता है, ऐसे में आप पसीने की बदबू को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए नहाने के पानी में दो चम्मच बेकिंग सोडा मिक्स करें और फिर इस पानी से नहा लें। इस पानी से नहाने से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लें, क्योंकि ये बेकिंग सोडा हर किसी को सूट नहीं करता है। इसकी वजह से आपको एलर्जी का सामना करना पड़ सकता है।

**एलोवेरा जेल**

यदि घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो नहाने के पानी में एलोवेरा जेल मिक्स करें। इस पानी से नहाने से शरीर पर जमे बैक्टिरिया को भी खत्म करता है। ये पानी स्किन को कूलिंग देगा और आपको फ्रेश फील कराएगा।

# कॉन्ट्रैक्ट मैरिज का अनोखा चलन



कॉन्ट्रैक्ट मैरिज आज के दौर में एक अनोखा और विवादास्पद कॉन्सेप्ट बन चुका है। कुछ लोगों के लिए यह समझदारी भरा फैसला होता है, तो कुछ के लिए यह सिर्फ एक सुविधा। लेकिन हर रिश्ते की नींव अगर भरोसे और ईमानदारी पर हो, तो वह ज्यादा मजबूत होता है। फिर चाहे वह कितने भी समय के लिए क्यों न हो। फिल्मों और सीरीज में होने वाली कॉन्ट्रैक्ट मैरिज अब असल जिंदगी में भी देखने को मिलती है। लेकिन इस तरह की शादी के फायदे और चुनौतियां क्या है।

**कॉन्ट्रैक्ट मैरिज क्या है?**

कॉन्ट्रैक्ट मैरिज एक ऐसा वैवाहिक समझौता होता है जिसमें शादी एक तय समय के लिए की जाती है। इसमें पति-पत्नी के बीच एक लिखित या मौखिक अनुबंध होता है, जो यह तय करता है कि वे कितने समय तक साथ रहेंगे, किन शर्तों पर रिश्ता चलेगा और तय समय के बाद क्या होगा यानी रिश्ता खत्म कर देंगे या आगे बढ़ाएंगे।

**लोग कॉन्ट्रैक्ट मैरिज क्यों करते हैं?**

**ट्रायल रिलेशनशिप**

कुछ लोग शादी से पहले एक-दूसरे को समझने और साथ रहने का अनुभव लेने के लिए यह तरीका अपनाते हैं।

**लीगल या इमिग्रेशन जरूरतें**

कई बार कॉन्ट्रैक्ट मैरिज इमिग्रेशन, नागरिकता या कानूनी फायदों के लिए भी होती है, हालांकि कई देशों में यह अवैध माना जाता है।

**सामाजिक या पारिवारिक दबाव**

कुछ कपल्स परिवार का दबाव झेलने से बचने के लिए इस तरह की शादी करते हैं, ताकि समाज को दिखा सकें कि वे शादीशुदा हैं।

**फायदे आधारित साझेदारी**

इसमें कपल व्यावसायिक पार्टनर्स की तरह होते हैं जो आपसी फायदे के लिए शादी करते हैं, जैसे आर्थिक समर्थन, मेडिकल बीमा आदि।

**सबसे ज्यादा कहां होती है कॉन्ट्रैक्ट मैरिज?**

भारत जैसे देश में शादी एक धार्मिक और सामाजिक संस्था है। यहां इसे जन्मों जन्मों का बंधन माना जाता है।इसलिए भारत में कॉन्ट्रैक्ट मैरिज फिलहास चलन में नहीं है। हालांकि कई देशों में इसे अपनाया जाने लगा है। मिडिल ईस्ट देशों (जैसे ईरान, सऊदी अरब) में मुताह निकाह या निका-ए-मुताह जैसी अस्थायी शादी की परंपरा होती है, जो कॉन्ट्रैक्ट मैरिज से मिलती-जुलती है।
पश्चिमी देशों में ट्रायल मैरिज या लीगल कॉन्ट्रैक्ट के रूप में ये ट्रेंड देखा जाता है, खासकर अमेरिका और यूरोप में। जापान और साउथ कोरिया जैसे देशों में भी कुछ खास परिस्थितियों में ऐसी शादियों का चलन बढ़ रहा है।

**कॉन्ट्रैक्ट मैरिज की चुनौतियां**

लोग आपसी फायदों के लिए इस तरह की शादी करते हैं लेकिन कॉन्ट्रैक्ट मैरिज की भी कई चुनौतियां हैं, जिसका सामना कपल को करना पड़ सकता है, जैसे
इस तरह की शादी में भावनात्मक जुड़ाव की कमी होती है। चूंकि यह शादी सिर्फ एक डील होती है, तो उसमें सच्चा प्यार या भरोसा नहीं बन पाता।
भारत जैसे पारंपरिक समाज में ऐसी शादियों को नकारात्मक नजर से देखा जाता है। कई देशों में इस तरह की शादी को समाज की स्वीकार्यता नहीं मिलती है।
अगर इस रिश्ते से बच्चे होते हैं, तो तय समय बाद रिश्ता टूटने पर उनके भविष्य पर असर पड़ सकता है।
कई देशों में ऐसी शादी को मान्यता नहीं मिलती, जिससे कानूनी विवाद हो सकते हैं।

# इस मौसम में कैसी क्रीम करें इस्तेमाल

यहां हम आपको न सिर्फ क्रीम इस्तेमाल करने के फायदे बताएंगे, बल्कि ये भी बताएंगे कि आपको कैसी क्रीम का इस्तेमाल इस मौसम में करना चाहिए। क्योंकि यदि आप गलत क्रीम का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपकी परेशानियां ही बढ़ जाएंगी।

**त्वचा रहती है हाइड्रेट**-यदि आप गर्मी के मौसम में नियमित रूप से क्रीम का इस्तेमाल चेहरे पर करते हैं, तो इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट रहती है। गर्मी के मौसम में त्वचा का हाइड्रेट रहना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि तेज धूप की किरणें त्वचा की नमी को सोख लेती हैं, जिस वजह से स्किन ड्राई होने लगती है।

**सन प्रोटेक्शन**-यदि गर्मी के मौसम में आप एसपीएफ युक्त क्रीम का इस्तेमाल चेहरे पर करेंगे तो इससे सूरज की हानिकारक किरणों का प्रभाव आपके चेहरे पर नहीं पड़ेगा। इसलिए इस मौसम में अपने लिए खास एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ये आपके चेहरे पर एक लेयर बना देगी।

**ऑयल-फ्री या जेल-बेस्ड क्रीम**

अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आपको ऑयल फ्री या फिर जेल बेस्ड क्रीम का इस्तेमाल ही करना चाहिए।

# बाजार का झंझट छोड़कर घर पर ही तैयार करें रूह अफजा

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है, ऐसे में लोगों ने अपने खान-पान में बदलाव भी कर लिया है। इस मौसम में लोग ऐसी चीजों का सेवन करते हैं, जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं और जिसके सेवन से शरीर तरोताजा महसूस करता है। इसी वजह से इस मौसम में रूह अफजा शरबत की बिक्री काफी बढ़ जाती है।
बाजार में मिलने वाले रूह अफजा शरबत का ज्यादा सेवन सेहत को नुकसान भी पहुंचाता है। ऐसे में लोग इसे पीने से पहले सोचते हैं। यदि आपको रूह अफजा शरबत पसंद है, लेकिन आप सिर्फ डर की वजह से इसे नहीं पीते तो घबराएं नहीं। यहां हम आपको घर पर ही इस शरबत को बनाने की विधि बताने जा रहे हैं, ताकि आप बिना केमिकल के इसे घर पर ही तैयार करें। जब ये घर पर तैयार होगा, तो आपको इसे पीने से पहले सोचना नहीं पड़ेगा।

**घर पर रूह अफजा बनाने का सामान**

चीनी-1 कप
पानी - ½ कप
गुलाब जल - 2 टेबलस्पून
केवड़ा जल - 1 टेबलस्पून
चंदन पाउडर- ½ टीस्पून (ऑप्शनल)
खस एसेंस - ½ टीस्पून
नींबू का रस- 1 टीस्पून
लाल फूड कलर- 2-3 बूंद ( इसकी जगह चुकंदर का रस भी ले सकते हैं)



**विधि**- रूह अफजा बनाने के लिए सबसे पहले तो एक पैन में चीनी और पानी मिक्स करके पकाएं। इसे तब तक चलाते रहें, जब तक की चीनी पूरी तरह से घुल न जाएं। जब ये चाशनी एक तार की बन जाए तो गैस बंद कर दें और इसे कमरे के तापमान पर ठंडा होने दें।
जब ये कमरे के तापमान पर आ जाए तो इसमें गुलाब जल, केवड़ा जल, खस एसेंस, चंदन पाउडर, नींबू का रस और फूड कलर डालें। सभी चीजों को एक चम्मच की मदद से अच्छी तरह से मिक्स करें। जब आपको लगे कि सभी चीजें अच्छी तरह से मिक्स हो गई हैं तो इसे मखमल के कपड़े से छान लें। छानने के बाद जो रस निकला है, उसे किसी कांच की बोतल में भर कर फ्रिज में रख लें। जब इसका इस्तेमाल करना हो तो इसे फ्रिज से निकालें और इस्तेमाल करें। ध्यान रखें कि इसे फ्रिज में ही स्टोर करके रखना है। घर पर बने रूह अफजा से आप आसान विधि के कई रेसिपी तैयार कर सकती हैं।





-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ
## सोमवार, 21 अप्रैल 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे कृष्ण पक्षे। अष्टमी तिथौ सोम वासरे 18/59/उत्तरआषाढ़ नक्षत्रे 12/38/ साध्य योग 23/00/ बालव करणे 07/00/ मकर राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- श्री शीतलाष्टमी व्रत। बासी भोजन विप्रित है। राष्ट्रीय वैशाख मासारंभ। अष्टका।

**मेष** : संतति के प्रत्यय शांत रहेंगे । सम्मान प्राप्ति होगी। शुभ संदेश प्राप्त होंगे। घरेलू असंतोष रहेंगे। में सफलता मिलेगी। घर की वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**वृष** : दूसरे के लापरवाही व निर्भरता कार्य बढ़ा देगी किसी की मध्यस्थता से समस्या समाधान होगा धन प्राप्ति होगी। उदर रोग का भय। सन्मार्ग अपनाने में रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन** : नए लोगों से संपर्क बनेगा। स्थान परिवर्तन या कुटुंब से दूर यात्रा के योग बनेंगे। स्वभाव में उत्तेजना बढ़ेगी। मत्र व सहयोगी से मनमुटाव संभव है। व्यय बढ़ेगा।

**कर्क** : श्रम संघर्ष अधिक रहेगा। शुभ अवसर प्रताप से हर्ष होगा। वृद्धि परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा। शासकीय कामों में अनुकूल प्रगति होगी। व्यापारिक कारोबार में वृद्धि होगी।

**सिंह** : स्वभाव में निराशा व चिंता बढ़ेगी। समय सामान्य रहेगा। चल अचल संपत्ति के लिए भाग दौड़ रहेगी। कारोबार में अत्यधिक लाभ प्राप्ति के संदेश रहेंगे।

**कन्या** : तयशुदा कार्यक्रमों में विलंब रहेगा। लाभकारी धन देने वाली यात्रा के योग बनेंगे। भौतिक साधनों में वृद्धि होगी। पराक्रम वृद्धि से पुरानी समस्या सुलझा देंगे।

**तुला** : प्राप्त हो रही सुविधाओं में कमी रहेगी विरोधी पात रचने में सक्रिय होंगे। कुसंगति से बचना हितकर रहेगा अन्यथा अनावश्यक विवादों में पढ़कर हानि पाएंगे। अर्थ प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक** : अधीनस्थों पर आपका प्रभाव बढ़ेगा अकस्मात की गई यात्रा बाधा देगी। संतति चिंता रहेगी। मित्र व सहयोगी मदद करेंगे। सज्जन व्यक्ति से संपर्क बढ़ेगा।

**धनु** : किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर** : आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा। व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

**कुंभ** : आर्थिक लेनदेन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन** : समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

**पण्डितपुर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण मैं कंस वध एवं उद्धव गोपी संवाद की कथा,**

**कुठौंद(जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत पंडितपुर में 2 जनवरी दिन गुरुवार से गणेश पूजन के साथ श्रीमद् श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा शुरू हुई चल रहे कार्यक्रम में सरस मधुर कथा वाचक आचार्य पंडित श्री पुनीत जी मिश्रा राधे राधे दिवियापुर के मुखारविंद से पावन कथा भगवान का मथुरा गमन,कंस वध, उद्धव गोपी संवाद एवं भगवान का रुक्मणी के साथ विवाह की कथा आए हुए भक्तों ने सुनी ।

## खबर एक नज़र

### बसपा की जिला स्तरीय बैठक सरकार पैलेस में 21 को--बृजेश जाटव


बसपा जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव

**उरई(जालौन)।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक जेलरोड स्थित सरकार पैलेस में 21 अप्रैल को दिन सोमवार 11 बजे आहूत की जायेगी। उक्त बात की जानकारी देते हुए बसपा जिलाध्यक्ष डा. बृजेश जाटव ने बताया कि बसपा की जिला स्तरीय बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बुंदेलखंड प्रभारी समसुद्दीन राइन होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रविकांत मौर्य मुख्य प्रभारी झांसी मंडल, कैलाश पाल मुख्य प्रभारी झांसी मंडल, अमित वर्मा मुख्य प्रभारी झांसी मंडल, कैलाश यादव मुख्य प्रभारी झांसी मंडल होंगे एवं मीटिंग की अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉक्टर बृजेश जाटव करेंगें। उन्होंने जिला के पदाधिकारियों, विधानसभा के पदाधिकारियों,जिला पंचायत सदस्य, सभासद एवं नगर के पदाधिकारियों, पूर्व पदाधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों से अपील की है कि समय से सरकार पैलेस में पहुंचकर मीटिंग को सफल बनाएं।

### ज्वाला भद्रसेन जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण


उरई : परीक्षाफल बांटते मुख्य अतिथि ।

**कोंच (जालौन)।** मुहल्ला गांधी नगर स्थित शैक्षणिक संस्था ज्वाला भद्रसेन जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि मनोज बादल और अधिवक्ता अमित रावत की अध्यक्षता में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया पुरस्कार पाते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे वहीं अतिथियों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया इस दौरान मुख्य अतिथि ने बोलते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में संस्कार भी आए इनको अच्छी शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम , खेलकूद में भी दक्षता रहे खेलकूद से स्वस्थ रहें इस प्रकार से विद्यालय परिवार प्रयासरत है मंच का संचालन अनुज राठौर ने किया इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य श्रीमती चित्तर सिंह, महेश, किशोर, राम मोहन सहित अन्य अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। प्रथम विराट, द्वितीय खुशी, तृतीय हिमांशु, प्रथम अंशिका, द्वितीय कशिश, तृतीय आयशा प्रथम दिव्या, द्वितीय ऋषि, तृतीय आर्यन कार्यक्रम में छात्रों के उत्साह और शिक्षकों के समर्पण ने सभी को प्रभावित किया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में ऐसे ही शैक्षणिक उत्कृष्टता के कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की।

### पुलिस ने चार बारंटियों को दबोचा



उरई : पुलिस गिरफ्त में वारंटी ।

**उरई(जालौन)।** कोतवाली माधौगढ़ पुलिस ने काफी समय से पुलिस को चकमा देकर घूम रहे चार वारण्टियों को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जिनको संबंधित धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया है। माधौगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा जिन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें रामप्रकाश शाक्यवार पुत्र मथुरी शाक्यवार निवासी कस्बा व थाना माधौगढ़,रामप्रताप सिंह पुत्र कप्तान सिंह निवासी ग्राम मिहोनी थाना माधौगढ़,मेहरवान सिंह पुत्र प्रताप सिंह,कल्यान सिंह पुत्र मेहरवान सिंह निवासी ग्राम सिरसादोगढ़ी थाना माधौगढ़ को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

### भजन संध्या व श्रद्धांजलि समारोह का हुआ भव्य आयोजन



**ललितपुर।** कैलाशवासी पं. रामस्वरूप देवलिया जी की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर एक दिव्य भजन संध्या एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रद्धा, स्मृति और संस्कृति का अनुपम संगम बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत तुवन् मंदिर के महंत श्री रामलखन दास जी के आशीर्वचनों से हुई, जिनका आशीर्वाद सभी उपस्थितजनों के लिए संबल बना। कार्यक्रम को संगीतमय बनाने में लोकप्रिय ख्याति प्राप्त सुधीर व्यास जी के भावविभोर कर देने वाले भजनों का विशेष योगदान रहा। उनके स्वर और भावनाओं से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। जनसैलाब झूम उठा और अनेक श्रद्धालु आँखों में श्रद्धा के आँसू लिए भजनों में लीन दिखे। आयोजन के दौरान सुधीर व्यास जी द्वारा गाए गए प्रमुख भजन ÷राम नाम का प्याला पिलाओ3÷, ÷तेरा मेरा साथ रहे3÷, ÷माँ का आँचल छोड़ ना पाऊँ3÷, ÷श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन3÷ इन भजनों ने सभी को भावविभोर कर दिया और कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। यह आयोजन सिर्फएक श्रद्धांजलि नहीं था, यह एक जीवनदर्शन था। पं. रामस्वरूप देवलिया जी की स्मृतियों को समर्पित यह प्रयास न केवल उनके व्यक्तित्व की महानता को रेखांकित करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक उज्ज्वल स्रोत भी बनेगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक रामरतन कुशवाहा, प्रदीप चौबे, कमलापत रिछारिया, संतोष शर्मा, निखिल तिवारी, कौस्तुभ चौबे, प्रदीप जैन आदित्य पूर्व केंद्रीय मंत्री, सुनील शर्मा, हरीशचंद्र रावत भाजपा जिलाध्यक्ष, मुक्ता सोनी, कैलाश निरंजन, हरीश कपूर टीटू, रविंद्र संज्ञा, रमेश पाठक, रमाशंकर गुब्बरेले एवं हरविंदर सलूजा आदि अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। रामलीला एवं हनुमान जयंती समिति के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में समिति के सक्रिय सदस्य बृजेश चतुर्वेदी, राजेश दुबे, अमित तिवारी, प्रबल सक्सेना व उनकी पूरी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। देवलिया परिवार की ओर से पं. प्रकाश नारायण देवलिया, रूप नारायण देवलिया, इंजी. विनय देवलिया, डॉ. विवेक देवलिया, पुनीत देवलिया, मुकेश देवलिया, दिनेश देवलिया, शुभम देवलिया, डॉ. सौरभ देवलिया समेत समस्त परिवारजनों की उपस्थिति भावुक कर देने वाली रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवलिया परिवार, सभी जनपदवासी, मित्रगण, और समिति के समस्त सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## विवेकानंद द ग्लोबल स्कूल में घोषित किये गए परीक्षा परिणाम


उरई : बच्चों को परीक्षाफल बितरण करते विधायक मूलचन्द्र निरंजन ।

**कोंच(जालौन)।** चमर्सेना नहर मार्ग पर स्थित विवेकानंद द ग्लोबल स्कूल में दिन रबिबार को परीक्षा परिणाम घोषित कर परीक्षा फल बितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि मूलचन्द्र निरंजन व विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता अतिथि सुनील कुमार दुवेदी गौरी चबोर बिकास पटेल धनोरा सहित विद्यालय के अध्यक्ष श्री प्रकाश निरंजन और हरेकृष्ण ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ववलित कर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान की घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा नर्सरी में विद्यार्थी अक्षांश पटेल 97.98 प्रतिशत आयुष वर्मा 97.9 नित्या पटेल 97.78 एल के जी में तुषित अग्रवाल रियांश और अयान ने क्रमशः 97.93 97.88 97.64 कक्षा यू के जी (ए) में पार्थ पटेल जियांशु पटेल वेदांशी ने क्रमशः 95.54-95.18-और 94.88 कक्षा यू के जी(बी) में स्वास्तिक तिवारी 99.1 कृष्णा 98.7 अभिनव 98.45 कक्षा एक मे अहाना 96.86 कक्षा 2 अन्वय चन्द्र 94.79 कक्षा 3 में अनवी छावला 85.22 कक्षा 4 श्रेयांश अरूसिया 94.88 कक्षा 5 में आर्या 95.83 कक्षा 6ए में अरुन व छावला 94.36 और बी में देवांशी 97.39 कक्षा 7 में सिमरन पटेल 97.35 कक्षा 8 में आयश पटेल 95.70 कक्षा 9ए में शिवम यागिक 94 3 बी में अर्पिता शुक्ला 96.62 व सी में आकृति गुप्ता 95.6 और डी में श्रेया अग्रवाल 94.57 कक्षा 11 में श्रष्टि अग्रवाल 82.33 प्रतिशत अंक पाकर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पाया

■ विधायक मूलचन्द्र निरंजन व पालिका अध्यक्ष प्रदीपकुमार गुप्ता ने बांटे परीक्षाफल

इस दौरान प्रिंसिपल मनीष कुमार निरंजन वाइस प्रिंसिपल विमलेश चौधरी दिव्या तिवारी आयुष सोनी दुर्गेश विंसेंट भेंगरा अक्षय तिवारी धीरज शर्मा नेहा पालीवाल राघवेंद्र अभिनेन्द्र अमन धर्मेन्द्र विवेक गीतिका पूर्वी स्नेहा कपिल अल्का ऋषभ अमरेंद्र कैफ़ी मिली बर्षा पारुल प्रिया शालिनी आदि मौजूद रहीं कार्यक्रम का सफल संचालन निशि सिद्दीकी स्वेता शर्मा और विवेक पटेल ने किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार निरंजन ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एसडीएम के नेतृत्व में अनाधिकृत होर्डिंग हटाने का चला अभियान


उरई : चौराहे पर होर्डिंग हटाने में जुटे कर्मचारी ।

**कालपी(जालौन)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारियों के द्वारा नगरीय क्षेत्र में अनाधिकृत होर्डिंग तथा साइन बोर्डो को हटाने का अभियान चलाया गया।

रविवार को नगर पालिका परिषद कालपी के प्रभारी लिपिक सरफराज खान तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारियों तथा पुलिस जवानो की संयुक्त टीम नगर के भीडभाड़ वाले फुलपावर चौराहे में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में हाइवे के अंडरपास के नीचे तथा सड़कों के किनारे लगे साइन बोर्ड व होर्डिंग्स को हटाने का अभियान चलाया गया। कई स्थानों में हल्की-फुल्की जद्दोजहद भी हुई। ऊंचाई वाले स्थानों से कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन के माध्यम से होर्डिंग को हटाकर जगह साफ कराई गई। एक दो जगह होल्डिंग हटाने के लिए कर्मचारियों को जद्दोजहद का भी सामना करना पड़ा। अभियान को देखकर कई लोगों के द्वारा अपनी अपनी होर्डिंग को स्वता हटा लिया गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सूत्रों के मुताबिक रविवार को हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 27 उरई - बारा खंड में अवैध रूप से स्थापित कालपी के मुन्ना फुल पावर पुल के नीचे की दीवार व पुल के नीचे जो भी होर्डिंग लगी थी, उसे हटाने की कार्यवाही की गई है। मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सरकारी जमीन में अनाधिकृत तरीके से किसी को भी होर्डिंग नहीं लगाने दी जायेगी।समय-समय पर अभियान चलाकर होर्डिंग को हटाया जाएगा।

## योगासन खेल में है खिलाड़ियों के लिए अपार संभावनाएं-दीप कुमार निगम


उरई : मुख्य अतिथि का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी ।

**उरई,(जालौन)।** योगासन खेल में खिलाड़ियों के लिए अपार संभावना है। यह बात जिला योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप के फाइनल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ने कही। कहा कि इससे निकलने वाले प्रतिभागी प्रदेश के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना व जिले का नाम रोशन कर सकते हैं।
शहर के जीआईसी इंटर कालेज में रविवार को जिला योगासन स्पोर्ट संगठन के तत्वावधान में चौथी जिला योगासन चैंपियनशिप फाइनल प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दीप कुमार निगम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य एवं मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी अभियान की प्रदेश अध्यक्ष दीपा श्रीवास्तव ने की। सेमीफाइनल में जिले से 36 प्रतिभागी चयनित किए गए थे। रविवार को हुई फाइनल प्रतियोगिता में बीस प्रतिभागियों ने अपनी जगह बनाई। जिलाध्यक्ष अरुणा सक्सेना ने प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सचिव शारदा मिश्रा ने माइक्रो मार्किंग के बारे में बच्चों को बताया। इस दौरान मिथिलेश सिंह, वंदना श्रीवास्तव, योगेश कुलश्रेष्ठ, आलोक खरे, हिमांशु, रजत कुलश्रेष्ठ, सुरेश उपाध्याय, दिनकर, शोभा शांडिल्य, व्यंजना सिंह, रजनी पाल, निधि मोदी, मृदुल चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

### घर के बाहर सो रहे वृद्ध पर सिरफिरे युवक ने किया बांके से हमला

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** रविवार को तड़के घर के बाहर सो रहे वृद्ध को गांव के एक सिरफिरे युवक ने पिता के साथ मिलकर बांका मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके युवक को हिरासत में लिया है। सुरौली बुजुर्ग निवासी रामविलास सिंह 64 वर्ष घर के बाहर सो रहे थे। तड़के 5 बजे पड़ोसी युवक वीरू उर्फ विकास सिंह अपने पिता अविनाश सिंह के साथ आया। विकास हाथ में बांका लिए था। जबकि अविनाश सिंह ने बरछी ले रखी थी। अविनाश सिंह के ललकारने के बाद विकास ने रामविलास सिंह पर हमला बोल दिया। बांके के प्रहार से वृद्ध घायल हो गया। वृद्ध के शोर मचाने पर पिता पुत्र मौके से भाग निकले। सूचना पर पुलिस चौकी से हेड कांस्टेबल मौके पर पहुंचे और घायल वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने रामविलास सिंह की तहरीर पर पिता पुत्र के खिलाफ बांके से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज की है।

### तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने घर के बाहर बैठे लोगों में मारी टक्कर, महिलाओं समेत आधा दर्जन गम्भीर

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुनौरी के नजदीक तेज रफ्तार भागते टैक्टर ने टक्कर मार दी। जिसमें सड़क किनारे घर के बाहर बैठे आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुनौरी में रविवार की दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रेक्टर लहराते हुए लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के जाहर 25पुत्र दिब्बू, सविता पत्नी जाहर, चॉदनी पुत्री दिब्बू, राजा पुत्र दिब्बू, राखी पुत्री दिब्बू, राहुल पुत्र दिब्बू निवासी ग्राम सुनौरी बताये गये।

## भाजपा ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर इंद्रा पैलेस में किया महिला सम्मेलन


उरई : पुलिस गिरफ्त में वारंटी ।

**उरई(जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर महिला सम्मेलन इंद्रा पैलेस उरई में आयोजित किया जिसकी मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह रही कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की मुख्य अतिथि ने बताया कि एक देश एक चुनाव का अर्थ है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक ही समय पर कराए जा सकेंगे वर्तमान में लोकसभा और विधानसभा चुनाव अलग-अलग समय पर आयोजित किए जाते हैं हम सभी की जिम्मेदारी है कि भारत के नागरिकों को एक देश एक चुनाव के बारे में जागरूक करें इससे चुनाव खर्च में कमी आ सकती है और मतदाताओं की भागीदारी बढ़ सकती है इससे भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सुधार हो सकता है मुख्य रूप से उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी सशी सोमेंद्र सिंह महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता प्रीती बंसल नेहा मित्तल रेखा वर्मा ममता स्वर्णकार अंजू सिंह अंजू अग्रवाल सीमा जादौन रजनी खरे पूजा शुक्ला आदि सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## ई-रिक्शा चालकों के खिलाफशहर में नहीं दिख रहा अभियान का असर


उरई : नाबालिगों के हाँथों में ई-रिक्शा ।

**उरई(जालौन)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अयोध्या की महिला की हत्या के बाद सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने बैठक में उसके खिलाफ अभियान चलाए जाने के निर्देश दिये थे जिसमें सरकार बिना पंजीकरण दौड़ रहे ई रिक्शा और ऑटो रिक्शा के खिलाफसख्त कार्यवाही करते हुए 30 अप्रैल तक अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए है उन्होंने कहा था कि इसमें किसी प्रकार की लापरबाही या खिलबाड़ बर्दास्त नहीं होगा जिसमें परिवहन आयुक्त ने समस्त पुलिस कमिश्नर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा था योगी ने अधिकारियों को हिदायत दी थी कि किसी भी गाड़ी की स्टेयरिंग नाबालिगों के हाँथ में न हो और इसका ध्यान रखते हुए टेम्पो व ई-रिक्शा संचालकों के सत्यापन कराया जाए जिसकी नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जाए लेकिन शहल में आये दिन नाबालिगों के हाँथों में ई-रिक्शा की स्टेयरिंग देखने को मिलती है जिनके कारण कईबार सवारियां तो चुटिहिल होती ही हैं साथ ही साथ शहर में जाम का मुख्य कारण ई-रिक्शा बने हुए है क्योंकि ई रिक्शा चालकों द्वारा मनमाने ढंग से कहीं भी रिक्शा खड़ा कर सवारियां उतारते बैठारते हैं इतना ही नहीं मुख्य बाजार में सामान ढोने के कार्य में ई-रिक्शा ही लगे हुए हैं जो दुकानों के आगे खड़े होकर सामान लादते हैं जिसके कारण आवागमन बाधित होता है वहीं ई रिक्शा घरेलू बिधुत से चार्ज किया जाता है जबकि इसका प्रयोग व्यबसायिक होता है जिससे लाखों रुपये की राजस्व की हानि सरकार को होती है नगर में ई रिक्शा चालकों के लिए कोई भी चार्जिंग प्वाइंट नहीं है और ये घरेलू बिधुत से चार्ज किये जा रहे हैं जिस पर बिधुत बिभाग को भी कार्यवाही करते हुए घरेलू बिधुत बचाये जाने का प्रयास करना होगा अब देखना है कि नगर के जिम्मेदारों द्वारा ई रिक्शा व टैम्पो चालकों के विरुद्ध कब अभियान चलाया जाता है।

■ शहर में जाम का कारण बन रहे ई-रिक्शा चालक

## दयोदय पशु संरक्षण केन्द्र में गौवंशों के शव होने की सूचना निकली भ्रामक'



**ललितपुर।** सोशल मीडिया के माध्यम से ग्राम मसौराखुर्द स्थित दयोदय पशु संरक्षण केन्द्र में करीब 200 से 300 गायो के शव होने संबंधी सूचना प्रसारित की जा रही थी, जो स्थलीय जांच में तथ्यहीन व भ्रामक पाई गई है। सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर मनीष कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 भगवान सिंह एवं उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदर डा0 संजीव कुमार सिंह की टीम बनाकर तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए, जिसके क्रम में तीन सदस्यीय टीम ने मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और गहनता से गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उक्त खबर पूरी तरह तथ्यहीन व भ्रामक पाई गई। निरीक्षण के दौरान दयोदय पशु संरक्षण केंद्र के मैनेजर मुन्ना लाल पाठक ने बताया कि दिनांक 18.04.2025 को सड़क दुर्घटना में घायल 2 गौवंश गौशाला लाये गये थे। उनकी उपचार के दौरान 19.04.2025 को सांय मृत्यु हो गई और आज दिनांक 20.04.2025 को 3 गौवंश की मृत्यु हो गई जो 10 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण वृद्ध एवं कमजोर अवस्था में थे, जिनका उपचार चल रहा था, जिसका रजिस्टर में भी अंकन है। सभी मृत गौवंश का सम्मान पूर्वक निस्तारण कर दिया गया है। 6 गौवंश घायल एवं बीमार स्थिति में पाये गये जिनका उपचार सुबह किया जा चुका है एवं उन्हे ससुरक्षित अलग शेड में रखा गया है। गोवंश आश्रय स्थल में लगभग 5 हजार कुंतल भूसा एवं 15 कुंतल चुनी उपलब्ध पायी गई।

गौशाला में साफसफाई ठीक पायी गयी एवं उपस्थित गौपालकों के द्वारा गोवंशों को ताजा पेयजल पिलाने की व्यवस्था ठीक पायी गयी। यह पंजीकृत गौशाला है, जिसका संचालन समिति द्वारा किया जा रहा है। गौशाला में संरक्षित कुल गौवंशों का 70 प्रतिशत भरण पोषण अनुदान राशि का भुगतान गौसेवा आयोग द्वारा किया जा रहा है गौवंश की गणना के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी के नेतृत्व में अलग से टीम बनायी गयी है जो मौके पर उपस्थित हो थी। गौशाला मैनेजर को टीम द्वारा निर्देश दिये गये कि सडक पर घायल गौवंशों का अलग से रजिस्टर में अंकन करके उपचार कराने के उपरान्त अलग वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाये एवं 10 वर्ष से ऊपर के गौवंश और छोटे गौवंशों को अलग अलग शेड में रखने के निर्देश दिये गये।

## पुलिस चौकी के पास स्थित जैन मंदिर से अज्ञात चोरों ने चुराई तीन जिन प्रतिमा



**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत यूपी एमपी बार्डर पर स्थित राजघाट पुलिस चौकी के पास स्थित दिगंबर जैन मंदिर को अज्ञात चोरों ने 19/20 अप्रेल 2025 की मध्य रात्रि अपना निशाना बनाया और सेंधमारी करते हुए मंदिर के दरवाजे के ताले चटका कर अंदर बेदी पर विराजमान भगवान की तीन मूर्तियां लेकर रफूचक्कर हो गए। चोरी की घटना को देखने से ऐसा लग रहा है कि मानो चोर सिर्फभगवान की तीनों मूर्तियां चुराने आए हो, क्योंकि मौके से सिर्फतीन मूर्तियां गायब हैं, जबकि वहां पर किसी अन्य सामग्री को उन्होंने हाथ नहीं लगाया, वह स्थान राखी रही। इस दौरान अज्ञात चोर मंदिर की बेदी पर विराजमान मूर्तियां लेकर रफूचक्कर हो गए।बताया गया है कि चोर आदिनाथ शांतिनाथ और पारसनाथ भगवान की प्राचीन मूर्तियां लेकर रफूचक्कर हो गए। इस घटना की जानकारी श्रद्धालुओं को 20 अप्रैल 2025 सुबह करीब 6रू00 बजे उस समय हुई, जब वह मंदिर में पूजन अर्चन करने के लिए पहुंचे थे। जब उन्होंने मंदिर का ताला टूटा देखा, तो उनके होश उड़ गए और जब वह मंदिर के अंदर प्रवेश किया, तो सामने स्थित बेदी से तीनों मूर्तियां गायब थी। जैसे ही यह समाचार जनपद के साथ साथ आसपास के इलाकों में फैला वैसे ही जैन श्रद्धालुओं में आक्रोश पनपता हुआ दिखाई दिया। इस मामले को लेकर मंदिर के प्रबंधक इंद्रप्रकाश जैन अरविंद कुमार जैन ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफकड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई है। हालांकि पुलिस मूर्ति चोरों को जल्द से जल्द खोजने का दावा भी कर रही है।

# कारागार में आयोजित हुई धार्मिक कार्यशाला

**बांदा।** जिला कारागार में गायत्री परिवार युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन साधना के सूत्रों को लेकर पंहुचा उपजोन चित्रकूट और बाँदा गायत्री परिवार ने कारागार में युगसाहित्य और पुस्तकालय हेतु आलमारी प्रेमलाल कुशवाहा भोपाल के सौजन्य से भेंट की।

गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा जेल सुधार गृह है इसका वातावरण भी ऐसा ही हो इसके लिए अखिल विश्व गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश मे उ.प्र. और म.प्र. के सभी जेलों मे गायत्री परिवार वंदी साधना कार्यक्रम चला उसे गुरुकुल साधना स्थली बनाने का प्रयत्न करता है। इसी क्रम मे यहाँ भी प्रयत्न शुरू हुआ जेल मे चिंतन साधना, एकांत जीवन का समय यदि सुधार हेतु लगे तो वंदी जीवन को पूरी तरह परिवर्तित कर निकलेंगे। भोपाल से आये इस अभियान को गति देने वाले इं



बांदा : जिला कारागार के बाहर मौजूद गायत्री परिवार के लोग ।

**हम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम**

प्रेमलाल कुशवाहा ने कहा जीवन मे विचारों का बड़ा महत्व है व्यक्ति जेल मे क्यों आता है कुविचारों के कारण आज गायत्री परिवार आपके बीच आया सुविचारो के कारण जीवन मे उत्थान और पतन सब विचारों के कारण विचार बदलते है।

साहित्य श्रेष्ठ लोगों के कारण इसी लिए गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा ने 3250 पुस्तके लिखी जो भारतीय इतिहास मे अद्वितीय है जिन्हे पढ़कर लोग जीवन बदल रहे और आज गायत्री परिवार विश्व का सबसे बड़ा परिवार 25 करोड़ लोगों का है विश्व के 100 से अधिक देशो मे कार्य कर रहा है उप जोन समन्वयक रामशंकर द्विवेदी ने कहा हम सभी परिजन मिलके वंदी साधना अभियान यहाँ चलाएंगे। मुख्य रूप से बंदी भाइयों ने मन्त्र लेखन, गायत्री मन्त्र जप तथा एक बुराई त्यागने का संकल्प किया और आगे 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ हेतु जेलर साहब ने संकल्प किया। इस अवसर पर रामचंद्र गुप्ता रवि दोसर, राजेंद्र तिवारी, नवीन निगम रामशरण शास्त्री, बृजेश त्रिपाठी, रामजानकी शुक्ला, गीता द्विवेदी, अरुण निगम, राजकुमार ओझा अनीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालत दो बुजुर्गों की मौत

**पीलीकोठी स्थित शराब की दुकान में हुई घटना**

**बांदा।** शराब के ठेके में दो बुजुर्गों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत से पहले वह शराब पी रहे थे तभी यह हादसा हो गया।

शहर के पीली कोठी देशी शराब ठेका नबंर में में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कुछ देर के बाद पता चला कि दूसरे 70 वर्षीय बुजुर्ग की देशी शराब ठेका नबंर एक के पास मौत हो गई। पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में ले लिया। ठेका नबंर में मरने वाले बुजुर्ग का नाम भोला निवासी अर्जुनाह बताया है। जब कि दूसरे का नाम अज्ञात है। ठेका नबंर दो मे मौजूद मुछु निवासी सब्जी मंडी और कुछ अन्य लोगो ने बताया कि ठेके में एक्सपायर डेट की शराब बेची जा रही है। पढा लिखा तो पाउच देख कर वापस कर देते है। अनपढ लोग वही शराब पी लेते है। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि भोला आया तखत पर बैठ गया। शराब पीते ही वह लुढक गया। सूचना पाकर आबकारी इंपेक्टर अर्पण द्विवेदी भी मौके पर पहुंच गई। उन्होंने जांच पड़ताल किया। ठेका नबंर दो में काफी गंदगी मिली। अर्पणा का कहना है कि उसकी किस वजह से हुई है उसकी जांच की जा रही है। उधर उपनिरीक्षक अरबिंद सिंह का कहना है कि दोनो भिखारी थे। एक का शव ठैका नबंर दो पर मिला और दूसरे का शव स्टेशन रोड पर मिला है। दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आएगी।

# आओ करें प्यार की बातें, पुस्तक का हुआ विमोचन



बांदा : पुस्तक का विमोचन करते अतिथि ।

**एडीशनल एसपी की मौजूदगी में आयोजित हुआ विमोचन कार्यक्रम ■ साहित्यकार आरटीओ द्वारा लिखी गई पुस्तक**

**बांदा।** साहित्यकार परिवहन अधिकारी द्वारा लिखी गई पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम एडीशनल एसपी की मौजूदगी में आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम के दौरान आओ करें प्यार की बातें पुस्तक का विमोचन किया गया। उक्त पुस्तक के साहित्यकार परिवहन अधिकारी ने कई पंक्तियां भी पढ़ी।

डॉ शंकर जी सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी की पुस्तक "आओ करें प्यार की बातें" गीतऋषि पद्मश्री गोपालदास नीरज के शताब्दी वर्ष में उन्हीं को समर्पित पुस्तक का विमोचन शहर के एक होटल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अशोक प्रजापति वरिष्ठ वैज्ञानिक (नासा), प्रो राम गोपाल गुप्त, सुरेन्द्र पाठक जिला संघ चालक (आरएसएस), शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक, द्वारिकेश मण्डेला अध्यक्ष बार एसोसिएशन, लवलेश सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सदस्य संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय कवि अर्जुन सिंह चांद, डॉ शबाना रफीक की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिव प्रकाश सिंह ने किया। दूसरे सत्र में विराट कवि सम्मेलन हुआ जिसमें लखनऊ, प्रयागराज, उन्नाव, चित्रकूट, महोबा, बांदा से आए कवियों ने खूब समा बांधा। शंकर जी सिंह कविता की चार पंक्ति आंगन-आंगन बांट दिया। पेड़ आम का काट दिया। बहुत बड़ा था ताल गांव का। किसने उसको पाट दिया। डॉ शिवप्रकाश ने बुंदेली भाषा को विकसित करने की प्रेरणा देते हुए पढ़ा-आजौ मुराहरे से झाके दातौली।

अर्जुन सिंह चाँद ने अपनी प्रसिद्ध गजल लस्कर भी तुम्हारा हैं, अखबार तुम्हारा हैं। कार्यक्रम मे मनोज कुमार मृदुल, योगेश कुमार, डॉ धनंजय, दीनदयाल सोनी, इंद्रवीर सिंह, सबल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### विभिन्न ग्राम पंचायतो में लक्ष्य कोचिंग की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई



**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** जनपद स्थित विभिन्न ग्रामों में लक्ष्य कोचिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई इसमें चयनित हुए अभ्यर्थियों को निः शुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के ज्वाइंट कमिश्नर अमरपाल सिंह लोधी की प्रेरणा एवं प्रांतीय अध्यक्ष नरेश बाबू लोधी और राष्ट्रीय कोचिंग प्रभारी देवदत्त आचार्य जी के मार्गदर्शन में लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन द्वारा रविवार को बांदा जनपद के दस गाव जिनमें कबरेपुरए खानपुरए तिन्दवारए प्रेमपुरए बरुआ कालिंजरए रेहुँचीए अतर्रापुरवाए डिंगवाहीए नौहाइए मुरवाँ आदि में निशुल्क कोचिंग हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इन कोचिंग केंद्रों के माध्यम से कक्षा तीन चार एवं पांच के बच्चों को नवोदय विद्यालयए सैनिक स्कूलए अटल आवासीय विद्यालय आदि में प्रवेश हेतु छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा। चयनित बच्चों के साथ आगले रविवार 27 अप्रैल 2025 से कोचिंग में शिक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगाए इन चयनित बच्चों को लक्ष्य द्वारा स्टेशनरी के साथ नवोदय प्रवेश परीक्षा पुस्तक भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन में लक्ष्य शिक्षा फाउंडेशन बांदा अध्यक्ष प्रमोद कुमार ए महासचिव तरुण सिंह ए कोषाध्यक्ष राम सरोज के साथ हरिओम सिंहए राजकरण सिंहए राम सिंहए शिवकुमार सिंहए बापूए विक्रम कुमारए बाबू सिंह प्रेमीए अरविंद कुमारए योगेंद्र देव सिंहए राम भजन सिंहए राजेश कुमार सिंह अवधेश कुमारए महाप्रसादए गणेश प्रसादए राममिलन सिंहए दादूराम सिंहए गोविंद प्रसादएवं प्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे ।

### खंड विकास अधिकारी डिप्टी कलेक्टर का हुआ स्थानांतरण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता बिसंडा बांदा।** विकास खण्ड बिसंडा में कार्यरत विनोद कुमार खंड विकास अधिकारी डिप्टी कलेक्टर के ट्रेनिंग में चले जाने के कारण आज दिन रविवार को विकास खण्ड बिसंडा में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्लाक प्रमुख शम्भू प्रसाद कोटार्य मंडल अध्यक्ष ओरन आशीष अनुरागी जीए रजनीश पांडेय ठब्बू सदस्यए पटल सहायक के के सिंह आवास प्रभारी ऋषि राम द्विवेदीए शशांक दीक्षित ग्राम पंचायत अधिकारीए अखिलेश सिंह ग्राम विकास अधिकारीए संजय कुशवाहा सेक्टर संयोजकए अध्यक्ष व्यापार मंडल बिसंडा हरिओम गुप्ता अंकित गौतमए वीरेंद्र सिंहए रामौतार, गणेश प्रसाद आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गड्ढे में डूबने से बालिका की मौत

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के चटचटगन गांव निवासी 7 वर्षीय खुशबू पुत्री रमइया निषाद रविवार की दोपहर घर से दो किसी दूर केन नदी मवेशी चराने गई थी। वह मवेशियो को पानी पिलाने केन नदी गई थी। इसके बाद वह नहाने लगी। तभी पैर फिसल जाने से वह मोरम के लिए खोद गए भारी भरम गडडे में समा गई। काफी देर बाद जब वह पानी से बाहर नहीं निकली तो नजदीक में खड़े चचेरे भाई मुकेश ने शोर मचाया शोर सुनकर नजदीक में मवेशी चरा रही उसकी बड़ी मां संपत भी मौके पर पहुंच गई। शोर गुल सुनकर आसपास खेतो में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद खुशबू को पानी से बाहर निकाला गया।जीवित होने की आशंका पर घरवालो ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के चचेरे भाई मदन कुमार ने बताया कि मरौली खंड पांच में मोरम माफियाओ ने बालू निकालने के लिए जेसीबी से भारी भरकम गडडे खुदवा दिए है।

# नौटंकी कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



बांदा : दीप प्रज्जवलित करते जिलाध्यक्ष ।

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने दस दिवसीय कार्यक्रम का किया उद्घाटन**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं जेके विद्या मंदिर भूरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत नौटंकी कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। 10 दिवसीय नौटंकी कार्यशाला का दीप प्रज्वलित भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता संतु वरिष्ठ समाज सेवी अमित सेठ भोलू अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष संतोष नायक बड़ोखर मंडल के मंडल अध्यक्ष श्याम बाबू पाल जिला महामंत्री लखन सिंह राजपूत, युवा मोर्चा के अनिल प्रजापति, नीलू राजपूत, प्रभात, दीपक, दिनेश मांझी, मीना पाल, विजय सिंह, उमा देवी, श्याम लाल, प्रधानाचार्य, राजकरण पाल एवं समस्त विद्यालय परिवार मुख्य प्रशिक्षक बुंदेलखंड लोक कला संस्थान पैगंबरपुर के सचिव विजय बहादुर श्रीवास्तव ने नौटंकी कार्यशाला पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में नौटंकी जैसी लुप्त प्राय लोक विधा की कार्यशालाओं के आयोजन पर भूरि-भूरि प्रशंसा की कार्यक्रम का कुशल संचालन रमेश पाल बुंदेली दीवारी लोक कलाकार के द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य राज करन पाल ने आए हुए सभी अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

**बस की टक्कर से बाइक सवारों की हुई मौत**

**बांदा।** रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साले की मौत हो गई। मौत के बाद मृतक परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने पंचनामे के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सपुरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी 35 वर्षीय श्रीपाल पुत्र पच्चू निषाद अपने बहनोई बांदा शहर के क्योटरा मुक्ति धाम निवासी 38 वर्षीय उत्तम पुत्र मंगली निषाद,फ़तेहपुर के ककोरा बारा गांव निवासी 25 वर्षीय श्रीकेशन पुत्र नंदू के साथ रविवार की दोपहर बाइक में बैठक बांदा जा रहे थे। तभी बगहा पडित बाबा देव स्थान के पास बांदा से उन्हें जा रही रोड वेज बस ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे उत्तम और उसके साले श्रीपाल की मौके पर मौत हो गई। श्रीकेशन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनो को उठाकर सीएचसी जसपुरा मे भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के उत्तम और श्रीपाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनो शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सामग्री पाकर खिले गरीबों के चेहरे

**समाजसेवियों के द्वारा मनीपुर गांव में वितरित की गई जरूरतमंद सामग्री**

**बांदा।** रविवार को रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों द्वारा मनीपुर गांव में गरीब तपके के लोगों को कपड़े, जूते सहित जरूरतमंद सामग्री वितरित की गई। सामग्री मिलने पर गांव वालों ने बेहद खुशी जताई। साथ ही पदाधिकारियों का आभार भी जताया।

रविवार को रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज, मनु बंसल के संरक्षण में रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य महेन्द्र पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान शंकरलाल वर्मा ग्राम मनीपुर ब्लॉक महुआ तहसील नरैनी की उपस्थिति, महेश कुमार पाल समाजसेवी ग्राम मनीपुर के सहयोग से कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स आदि का वितरण जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को नशामुक्ति, जल संरक्षण तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति रोटी बैंक सोसाइटी की टीम की महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े, किताबें, जूते चप्पल आदि पाकर ग्राम वासियों में अपार खुशी दिखाई दी।

कार्यक्रम में मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, इरफान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईपार, अलीमुद्दीन, शहाना खान, डॉ0 अनुरूद्ध पाल समाजसेवी आदि पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया अस्पताल का उद्घाटन

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिले में आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए कर्वी-राजापुर मार्ग पर गल्लामंडी तिराहा स्थित इलिशा हेल्थ केयर मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल का रविवार को भाजपा के निवर्तमान मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ला व भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने फीता काटकर उद्घाटन किया।



उद्घाटन अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि शहर में निजी अस्पताल खुलने से जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योग्य व प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज मिलेगा। जिसमें इलाज के अभाव में लोगों के साथ अनहोनी घटना नहीं घटेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक सुविधा से लैस यह अस्पताल बीमार लोगों को स्वस्थ्य होने के लिए कारगर साबित होगा।

हॉस्पिटल के डायरेक्टर भास्कर पांडेय ने बताया कि अस्पताल खुलने से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुलभ, सस्ता एवं बेहतर इलाज उपलब्ध कराना हॉस्पिटल की प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के ऑपरेशन डिग्रीधारी योग्य डॉक्टरों द्वारा किए जाएंगे। ओपीडी व इमरजेंसी सेवा 24 घंटे सुविधा मुहैया रहेगी। साथ ही मरीजों के लिए 24 घंटे निःशुल्क एंबुलेंस मुहैया कराई जाएगी। बताया कि नवजात शिशुओं व गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण की सुविधा मिलेगी। समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्र में योग्य डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर आम जनमानस को स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। जिसमें आम जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। अस्पताल में सभी रोग का संपूर्ण इलाज होगा। भविष्य में गरीब मरीजों के लिए आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ भी दिया जाएगा।

## मंदिर में डीजे न लगवाने पर पुजारी को दी धमकी

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** यमुना नदी किनारे बौड़ाईं में ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज की तपोस्थली की गुफा में बने पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी ने गांव के एक व्यक्ति पर गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर मामले की शिकायत पुलिस चौकी पत्योरा को सौंपी है। यमुना नदी किनारे बने पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी संत शिवदयाल दास त्यागी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि पत्योरा निवासी लल्लू डीजे वाले के पुत्र ने मंदिर से पैसे चोरी किए थे।

हनुमान जयंती पर लल्लू ने मंदिर में चल रहे कार्यक्रम में डीजे लगाने के लिए कहा। जब उसको पुत्र की करतूत से अवगत कराकर मना किया गया तो वह आग बबूला हो गया और गाली गलौज करते हुए जान माल की धमकी दे रहा है। पुजारी ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। पत्योरा पुलिस चौकी इंचार्ज भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मंदिर में डीजे लगवाने को लेकर विवाद हुआ है। सोमवार को दोनों पक्षों को चौकी बुलाया गया है। दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध पशु बाजार को स्थानीय प्रशासन अभी तक बंद नहीं कर पाया



**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** स्थानीय प्रशासन लहुरेटा गांव का अवैध पशुबाजार बन्द नही करा पाया।बीते रविवार को एसडीएम ने बाजार बन्द करा देने की बात बताई थी।हफ्ता बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से कथित ठेकेदार ने प्रशासन को चुनौती देते हुए पशुबाजार लगाकर दिनभर खरीद फ़रोख्त का धंधा किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के लहुरेटा गांव में जिला पंचायत के आदेश पर पशुबाजार लगाया जाता था।लेकिन 31 मार्च से इसकी अवधि पूरी हो चुकी है इसके बाद भी पशुबजार का दबंग ठेकेदार सम्बन्धित अधिकारियों से साठ गांठ कर पशुबाजार लगा रहा है।इस अवैध कारोबार से जिला पंचायत को महीने में लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है।जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने बीते रविवार कथित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात कही थी साथ ही जानकारी दी थी कि किसी नई पशुबाजार के संचालन का आदेश जारी नही किया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पशु बाजार में सीमावर्ती मध्यप्रदेश के इलाकों से वाहनों में मवेशियों को लाने ले जाने का काम किया जाता है।उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने बताया कि कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राममोहन राय को मौके पर जाने का निर्देशित दिया गया है।उधर नगर पंचायत अध्यक्ष मूलचंद्र सोनकर ने बताया कि नगर पंचायत की बाजार गोरेपुरवा में लगाई जा रही है लेकिन इस अवैध पशुबाजार के लगने से नगर पंचायत की बाजार में मवेशी नही पहुच पा रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

# सपा, भाजपा और कांग्रेस की नीयत में है खोट- शिवबाबू

**चित्रकूट ब्यूरो:** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के तहत चलाई जा रही श्रृंखला के तहत रविवार को बहुजन समाज पार्टी ने चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पतौड़ा गांव में गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें समाज के कमजोर एवं गरीब तबके को एकजुट रहते हुए बसपा को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिव बाबू वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी अपने अनवरत प्रयासों से यहां की जातिवादी व्यवस्था को खत्म करके समतामूलक समाज अर्थात सर्व समाज में भाईचारा बनाने के अपने मिशन में काफी हद तक सफल रही है। हालांकि सपा अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए समता मूलक मिशन को बिगड़ने में हर प्रकार से लगी हुई है। जिससे लोगों को सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस, बीजेपी की तरह सपा भी बहुजनों से खासकर दलितों को इनका संवैधानिक हक न देकर इनकी गरीबी, जातिवादी शोषण, अन्याय, अत्याचार आदि खत्म करने की इच्छा शक्ति नहीं रखती है। सपा द्वारा पूर्व में भी बीएसपी से विश्वास घात किया जा चुका है। सपा नेताओं द्वारा बसपा मुखिया एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर दो जून को जानलेवा हमला किया गया था। सपा नेताओं ने प्रमोशन में आरक्षण का बिल संसद में फाड़ा था। इसके अलावा बहुजन संतों और महापुरुषों के सम्मान में बनाए गए नए जिलों, पार्कों, शिक्षण संस्थाओं का नाम पूर्ववर्ती सपा सरकार में ही बदले गए थे। ऐसे घोर जातिवादी कृत्यों को माफ करना असंभव है। उन्होंने कहा कि सपा, भाजपा व कॉंग्रेस की नीति और नियत में खोट है। इसके चलते यह पार्टियां बहुजनों की सच्ची हितैषी नहीं हो सकती हैं, किंतु उनके वोटो के स्वार्थ के लिए लगातार छलावा करती रहेंगी। जबकि बीएसपी बहुजन समाज को शासक वर्ग बनाने के लिए समर्पित व संघर्षरत है।

इस मौके पर बांदा के मंडल प्रभारी बलदेव प्रसाद वर्मा, सोनपाल वर्मा, रावेंद्र, बृजमोहन वर्मा, शिवकरण दिनकर, राज बहादुर वर्मा, चैतुराम, लोटन वर्मा, शिव अवतार वर्मा, सियाराम, छेदीलाल, नत्थू, मुन्ना, रामगोपाल, उदय यादव, तेजराम सविता, देवीदीन, रमेश यादव, अलखराम, रावेन्द्र बौद्ध, राम सुहावन, राजेश यादव, प्रभंजन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## बगैर कागजातों के ई रिक्शा न करें संचालित : अध्यक्ष

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** यातायात नियमों से ई रिक्शा चालकों को रूबरू कराने के उद्देश्य से कस्बे के गायत्री तपोभूमि प्रांगण में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुआ। इसमें ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों से जागरूक किया गया। रविवार को गायत्री तपोभूमि प्रांगण में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने कहा कि सभी ई रिक्शा चालक रजिस्ट्रेशन, बीमा, लाइसेंस के बाद ही रिक्शा का संचालन करें। सीओ यातायात सलमान खान ने कहा कि दिव्यांग, नाबालिग ई रिक्शा न चलाएं। उन्होंने ई-रिक्शा संघ को सभी चालकों का फोटो सहित सत्यापन रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए। जिला यातायात प्रभारी ने कहा कि ई रिक्शा चालक चार सवारी से ज्यादा न बैठाएं। माल भाड़ा की ढुलाई न करें। पीटीओ चंदन शुक्ला ने कहा कि ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन महज पांच वर्ष के लिए होता है। इसलिए ई रिक्शा पांच वर्ष से ज्यादा पुराना नहीं होना चाहिए। ई रिक्शा संघ संरक्षक व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि सभी चालक शासन प्रशासन के नियमों का पालन करें। संघ के अध्यक्ष धीरू यादव ने सभी का आभार जताया। गोष्ठी में कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के ई रिक्शा चालक शामिल रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कुरारा-हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी आरोपी मुन्ना पुत्र गोरी मोहम्मद को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के खिलाफबच्चे के साथ कुकर्म करने का मुकदमा दर्ज किया गया है तथा इस मामले में वह वांछित चल रहा था।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**इकदिलए इटावा।** मानिकपुर मोड़ के ग्वालियर बाईपास पर एक धर्मकांटा के पास दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिला फ़तेहपुर थाना थरियांव के गांव ईकारी में रहने अजय मौर्या पुत्र लाल मौर्या शनिवार देर रात को बाइक से जा रहा था तभी उपरोक्त सथान पर आगे से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई जिसमें बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

## गंगा पार के भाजपा नेताओं ने राज्य शिक्षा मंत्री का किया स्वागत



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद ।** गंगा पार क्षेत्र के लोगों ने आज जिले के मे आई उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी का जिला अध्यक्ष फ्तेह चंद बर्मा समेत जमापुर चौराहे पर भव्य स्वागत करते हुए पगड़ी फूल माला पटुका आदि पहनाकर स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास कार्य के बारे में जानकारी दी और कहा है कि गंगा पार क्षेत्र में ऐसा कोई विद्यालय नहीं है जहां पर इंटरमीडिएट के बाद छात्र व छात्राओं को उच्च शिक्षा मिल सके।

लीलापुर प्रधान उदय प्रताप ने शिक्षा से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा के साथ ही चिकित्सा का भी अभाव है। गंगा पार अमृतपुर क्षेत्र के ग्रामीणों को 14 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भागना पड़ता है। यहां पर डॉक्टरों की कमी है। अगर अमृतपुर स्वास्थ्य केंद्र में अच्छे डॉक्टरो की तैनाती के साथ सुविधा उपलब्ध करा दी जाएं तो जनता को समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।साथ ही अगर डिग्री कॉलेज क्षेत्र में बन जाता है तो बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगेगी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष फ्तेहचंद वर्मा मंडल अध्यक्ष नीरज अवस्थी पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह विश्व प्रताप सिंह चीनू मनोज मिश्रा समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

## श्री परशुराम जी की शोभा यात्रा की तैयारी जोरों पर शहर में उत्साह का माहौल



**छिबरामऊ कन्नौज** भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा में दिखेगा भव्य स्वरूप सभी सनातनियों का उमड़ेगा जन शैवाल भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर निकाली जाने वाली विशाल शोभा यात्रा को भव्य बनाने हेतु सभी सनातनी संगठनों से जनसंपर्क किया जा रहा है।

आने वाली 29 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर विशाल शोभा यात्रा को भव्य बनाने हेतु विश्व सनातन शक्ति महासंघ के पदाधिकारीयों द्वारा साधु संतों विभिन्न मंदिरों के पुजारी व महंतो पुरोहितों समाजसेवियों सभी संगठनों के पदाधिकारी से निरंतर जनसंपर्क किया जा रहा है ताकि सभी का सहयोग प्राप्त हो सके हम सब एक हैं धर्म की जय हो अधर्म का विनाश हो सबका साथ सबका विकास एक रहेंगे नेक रहेंगे इन्हीं विचारों के तहत सभी के सहयोग की दृष्टि से प्रतिदिन जनसंपर्क जारी है समिति के संरक्षक अजय कुमार दुबे समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी महासंघ के कोषाध्यक्ष श्री पंकज मिश्रा विश्व सनातन शक्ति महासंघ छिबरामऊ के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी का कहना है कि विश्व सनातन शक्ति महासंघ द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की विशाल शोभा यात्रा निकालना बहाव के विपरीत तैरने जैसा है लेकिन जिन सनातनी भाइयों से संपर्क किया गया है उन सभी का अथाह सहयोग मिल रहा है तथा इस मुहिम की अलग.अलग जाति के लोग काफी सराहना कर रहे है अगर इसी प्रकार के कार्यक्रम हम सभी करते रहें तो निश्चित ही सनातनियों को संगठित होने से कोई विरोधी ताकत रोक नहीं सकती है भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव 29 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11रू00 बजे से पश्चिमी बाईपास नहर कोठी से मुख्य बाजार होते हुए मां कालिका देवी मंदिर तक तथा उसके बाद अकबरपुर स्थित भगवान परशुराम जी के मंदिर तक यात्रा पूर्ण होगी यात्रा पूर्ण होने पर सभी भक्तों को प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था की गई है सभी सनातनियों से अधिक से अधिक संख्या में विशाल शोभा यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है भगवान किसी एक जाति के नहीं है भगवान सभी के हैं भगवान को जातियों में विभाजन करना हम सभी की भूल है।

## पत्रकार के भाई की मार्ग दुर्घटना में दर्दनाक मौत



**छिबरामऊ कन्नौज ।** बाइक से अपने घर आ रहे पत्रकार के भाई को अज्ञात वाहन की टक्कर से एटा के पास हुई मौत साथी पत्रकार श्री अश्वनी पाठक के छोटे भाई वीरेंद्र उर्फवीरू का सड़क हादसे में निधन हो गया है। यह हादसा आज रविवार की सुबह करीब 4रू00 बजे एटा के पास हुआ है जो कल सुबह 8ण्30पर पार्थिक शरीर सिंगी रामपुर के लिए रवाना होगा।पार्थिक शरीर ग्रह ग्राम खानपुर कसवा पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया

## बाइकों की टक्कर से तीन घायल

**ऊसराहारए इटावा।** दो बाइको की आमने सामने भिडंत होने से तीन लोग घायल हो गए हैं घायलों मे दो का हालत नाजुक होने पर उन्हे सीएचसी सरसईनावर से रैफर किया गया है।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के भरथना ऊसराहार मार्ग पर नगरिया खनाबांध भट्ठा के समीप आमने सामने आ रही दो वाइक टकरा गई दोनो वायको पर सवार तीन लोग घायल हो गए घटना की सूचना पर 108 एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुच गई ऐबुलेस के ईएमटी आदित्य कुमार एंव पायलट ज्ञानसिंह ने वायक भिडंत मे घायल हुए रूपेश पुत्र हाकिम सिंह 28 वर्ष प्रेमानंद पुत्र टीका राम निवासी खरगुआ थाना ऊसराहार जनपद इटावा एंव आशीष कुमार पुत्र महाराज सिंह 20 वर्ष निवासी सौथना थाना ऊसराहार जनपद इटावा को सीएचसी सरसईनावर मे भर्ती कराया ईएमटी आदित्य ने बताया घायल तीन लोगो मे दो की हालत नाजुक होने पर उन्हे सैफई रैफर किया गया है।

# देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन बहुत जरूरी है-डॉ रजनी तिवारी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद ।** श्री बाबू सिंह जय सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर महिला संगोष्ठी में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा मंत्री डॉ रजनी तिवारी ने कहा भारत के लोकतंत्र के महत्वपूर्ण विषय पर यह चर्चा का अवसर है 1950 में देश की आजादी के बाद एक साथ चुनाव हुए और यह सिलसिला 1967 तक चलता रहा लेकिन तत्कालीन राजनीतिक दल की व्यक्तिगत लाभ के कारण एक साथ चुनाव का सिलसिला टूटा। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार के अस्तित्व में आने के बाद इस पर एक बार फिर चर्चा होने लगी है केंद्र की सरकार ने एक अच्छी पहल करते हुए राष्ट्र के आर्थिक संसाधनों प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं विकास की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे गंभीर विषय पर जन समर्थन हासिल करने का आवाहन किया है।

2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 33ः आरक्षण को लागू किया गया। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर हर वर्ग के बीच चर्चा शुरू हो गई है भारत के 47 राजनीतिक दलों में 80ः दल इसके समर्थन की बात कर चुके हैं लेकिन कुछ राजनीतिक दल स्वार्थवश इस मुद्दे को लेकर भ्रम फैला रहे हैं।

देश के विभिन्न राज्यों में समय.समय पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होते हैं आचार संहिता लागू होने के साथ परिणाम तक सारे प्रशासनिक कार्य और विकास की योजनाएं प्रभावित हो जाती है एक साथ चुनाव होने से भारत की आर्थिक व्यवस्था पर बोझ कम होगा जिसके कारण विकास योजनाओं को गति मिलेगी इसके लिए हर वर्ग और समाज की महिलाओं को आगे आकर इस गंभीर मुद्दे पर आवाज बुलंद करनी होगी एक स्वावलंबी और आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लेने के लिए वन नेशन वन इलेक्शन बहुत जरूरी है। विधायक डॉक्टर सुरभि ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच भारत के नवनिर्माण के लिए प्रेरित करती है

मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर सुनीता यादव ने कहा एक राष्ट्र एक चुनाव इसलिए जरूरी है क्योंकि यह भारत की प्रगति से जुड़ा हुआ मुद्दा है भारत के आर्थिक संसाधनों पर पड़ने वाला भार कम किया जा सकता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष फ्तेहचंद वर्मा ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन जैसे गंभीर मुद्दे पर देश की जनता का भारी जन समर्थन मिल रहा है

पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता कार्यक्रम संयोजक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक जीआईसी फ्तेहगढ़ प्राचार्य दीपिका राजपूत ने विचार व्यक्त कियाइस अवसर पर चेयरमैन डॉ शैलेंद्र सिंह यादव जिला महामंत्री डीएस राठौर मीरा सिंह फ्तेहगढ़ मंडल अध्यक्ष रमला राठौर प्राचार्य मुकेश राठौर स्वदेश त्रिवेदी श्वेता दुबे कृष्ण मुरारी राजपूत जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी अभिषेक बाजपेई जिला मंत्री अभिषेक बाथम यश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## बंदरों के हमले से उप निरीक्षक घायल

**फर्रूखाबाद ।**अमृतपुर क्षेत्र में बंदरों और आवारा पशुओं का आतंक इतना बढ़ चुका है कि अब आम जनता से लेकर सरकारी कर्मचारी तक सुरक्षित नहीं है। गली मोहल्ले और सड़कों पर इन आवारा पशुओं को हिंसक होते हुए देखा जा सकता है। कई बार लोग इनकी चपेट में आकर अस्पताल में इलाज कराते हुए देखे गए। कस्बा अमृतपुर में बंदरों का आतंक इतना अधिक हो चुका है की आए दिन लोग इनकी चपेट में आ जाते हैं। रविवार की शाम थाना अमृतपुर में उप निरीक्षक शिशुपाल शाम 5 बजे ड्यूटी जाने की तैयारी कर रहे थे। उसी समय अचानक बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य पुलिस जनों ने दौड़कर उन बंदरों को भगाया और उप निरीक्षक को बचाया। घायल उप निरीक्षक निजी चिकित्सक के यहां पहुंचे और उन्होंने अपना इलाज करवाया। उनका कहना था कि थाना परिसर में और उसके आसपास बंदरों की संख्या अधिक है। यह बंदर आपस में लड़ते हैं और खूंखार हो जाते हैं। जिसके कारण यह हमलावर हो जाते हैं। उनके हमले से कई लोग घायल हो चुके हैं और अधिकतर यह खूंखार बंदर कपड़े उठाकर उन्हें फाड़ भी देते हैं। कई बार कस्बा निवासियों ने इन बंदरों से निजात पाने के लिए प्रशासन से गुहार भी लगाई परंतु कोई नतीजा हासिल नहीं हुआ।

# डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने अग्नि पीड़ितों को बाटी राहत सामग्री



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** समाजवादी के प्रदेश सचिव डॉ जितेंद्र यादव ने आज से प्रभावित गांवों के लोगों को राज सामग्री बाटी और सभी को आश्वासन दिया कि आप लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार हैं

अमृतपुर के ग्राम पंचायत गुडेरा में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से लगभग दस परिवारों की गृहस्थी का सामान सहित नगदी आदि जलकर राख हो गयी थी। इस घटना में एक बेटी के विवाह के लिए घर में रखा सामान भी जलकर राख हो गया था। इसकी जानकारी होने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनका दुख.दर्द बांटा। एक.एक कर पीड़ित बोडिन रमेश अशोक रमनपाल अमरीश नन्हें घुटई धनदेवी अमरपाल रामसती सहित सभी पीड़ित परिवारों से मिले और उनका दुख दर्द जाना।

सभी पीड़ित परिवारों को खाने.पीने सामग्री की व्यवस्था डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने मौके पर करायी और बोले गंगापार के लोग अपनी हर मुसीबत में हमें अपने साथ खड़ा पाये। हम हमेशा आप सबके साथ थे और बने रहेंगे। हमारे होते हुए कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोयेगा। इस दौरान अशोक कुमार ने डा0 जितेन्द्र सिंह यादव को बताया कि मेरी पुत्री खुशबू का विवाह 14 मई होना तय है। विवाह से संबंधित सामान लेकर रखा थाए सामान के साथ.साथ 45 हजार रुपये की नगदी भी मेरी जल गयी। और चार बकरियों की जल जाने से मृत्यु हो गई तथा एक बच्चा भी झुलस गया था। जिसका उपचार होने के बाद चिकित्सक ने उसे घर भेज दिया था। यह सुनकर डा0 जितेन्द्र सिंह यादव भावुक हो उठे और आर्थिक मदद अशोक कुमार को दी और अन्य सहयोग करने का भरोसा दिया। वहीं बोडिन ने बताया कि मेरी भी 4500 रुपये की नगदी जल गयी है डाक्टर साहबए उनको भी आर्थिक सहायता दी और बोले कि हम हमेशा आपके साथ हैं। जब भी जरुरत समझे हमारे दरवाजे आप सबके लिए हमेशा खुले हैं। डा0 जितेन्द्र सिंह यादव को अपने बीच देख पीड़ित भी भावुक हो उठे और बोले कि बहुत लोग देखेए लेकिन डा0 जितेन्द्र सिंह यादव जैसा इंसान अभी तक नहीं देखा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुराग यादव सतेन्द्र यादव धर्मेन्द्र यादव निर्भान सिंह उर्फ बापू रमनपाल आदेश पाल राजेश वीर सिंह दिनेश रामनिवास अरविन्द अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी दादी रतन मोहिनी मां के समान थी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जटवाराजदीद अंगूरी बाग में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रतन मोहिनी दादी की स्मृति में संगोष्ठी का आयोजन भ्राता राम अवतार कुशवाहा प्रबंधक की अध्यक्षता में की गई जिसमें इटावा से पधारी राज योगिनी ब्रह्माकुमारी सुधा बहन ने दादी के जीवन पर प्रवचन करते हुए कहा कि दादी जी का जीवन तपोमय दयामय पर उपकार परमार्थ हेतु हुआ है उनके पद चिन्हों पर चलकर हम अपने जीवन को तपोनिष्ठ बनाए और दूसरों का भी मार्ग प्रशस्त करें जिससे संसार की विकृतियां दूर हो और मनुष्य का जीवन सुखमय बने

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा ने चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा दादी हमारी मां के समान पालन करती थी हमसे गलती हो जाने पर उसका सुधार करती थी डांटती नहीं थी दादी जी ने हम सब की बड़े प्रेम से पालन की आपने 101 वर्ष का जीवन पूर्ण कर परम तत्व को प्राप्त किया है

मेडिटेशन करना जीवन का लक्ष्य होना चाहिए ऐसा मार्गदर्शन दिया गया राम अवतार कुशवाहा ने कहा दादी का जीवन तपस्वी का था उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का हम सभी को प्रयास करना चाहिए जिससे हमारा जीवन श्रेष्ठ बनेगा

माउंट आबू से पधारे ब्रह्मा कुमार सत्यनारायण ने कहा कि सब की भलाई करने का बस सेवा करने का लक्ष्य ही हम लोगों का जीवन है सत्य की राह पर चलने वालों का जीवन कष्ट में हो सकता है लेकिन दुखदाई नहीं सत्य की नाव हिलेगी डुलेगी लेकिन डूबेगी नहीं एवं माउंट आबू से ही आए हुए प्रिय भाई अरविंद जी ने कहा अरविंद सेवा करने से दुआएं मिलती हैं सुकून मिलता है शांति मिलती है प्रेम मिलता है इसीलिए दादी जी ने अपने जीवन को इतना श्रेष्ठ बनाया जिससे हम सभी लोग उन्हें नतमस्तक करते हैं और उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते हैं परमात्मा से योग लगते हैं परम तत्व को प्राप्त करने का प्रयास करते हैं यही हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए का कार्यक्रम संगोष्ठी में सुनील भाई रवि अजय संतोष बहन हुकुम सिंह राजा एन हेमचंद एकता बहन आदि मौजूद रही

## सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री सांसद ने कार्यकर्ताओं का किया उत्साह वर्धन



**छिबरामऊ कन्नौज ।** समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष ने बीकानेर रेस्टोरेंट के उद्घाटन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को कार्ड देकर आमंत्रित किया था जिसके चलते उनका काफिला आज रुका मगर इत्तेफाक समाजवादी पार्टी के व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष बाहर होने के चलते नहीं मौके पर मौजूद थे जिसके चलते उनका काफिला वहां से चला गया ।

आगरा से लखनऊ जाते समय छिबरामऊ छी .34 पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को देख रोका अपना काफिला। सपा सुप्रीमो ने हाथ हिलाकर कार्यकर्ता का बढ़ाया हौसला। समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष प्रत्येश तोमर के बीकानेर रेस्टोरेंट के उद्घाटन के दिन किसी कारण वश नहीं आ सके थे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मगर आज जब उनका काफिला। बीकानेर रेस्टोरेंट के सामने से गुजर रहा था तभी कन्नौज समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष के मौजूद ना होने पर अखिलेश यादव कुछ पल रुकने के बाद लखनऊ के लिए हुए रवाना। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का स्वागत करने के लिए एन एच 34 पर मौजूद थे हजारों कार्यकर्ता सड़क किनारे खड़े दिखे ।

## खबर एक नज़र

### डीएम ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया औचक निरीक्षण

**.साइड न देने पर डीसीएम पर कार्रवाई के पुलिस को दिए आदेश**

**चकरनगरए इटावा।** नवागंतुक जिलाधिकारी ने रविवार दोपहर समय जन आरोग्य मेले के तहत संचालित एक पीएचसी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में डॉक्टर अनुपस्थित मिले और जन आरोग्य मेला फार्मासिस्ट के भरोसे संचालित मिला। कालेश्वर मंदिर पर दर्शन के लिए जाने के दौरान तीन किमी तक साइड न देने से नाराज एक डीसीएम पर जिलाधिकारी ने कार्रवाई के आदेश दिया।

नवागंतुक जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने रविवार दोपहर समय करीब सवा 12 बजे तहसील क्षेत्र चकरनगर के हनुमंतपुर पीएचसी पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जन आरोग्य मेले में कम मरीज और व्यवस्थित संचालन न होने से निरीक्षण अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जालौन के बॉर्डर पर स्थित पांच नदियों के संगम पचनद का जायजा लिया और कालेश्वर भगवान के दर्शन किए। इसके उपरांत जिलाधिकारी का काफिला जब पचनद से वापस लौट रहा थाए तो सहसों थाना क्षेत्र के अंतर्गत फूप चौरेला मार्ग पर पिपरौली गढ़िया के करीब से भदौरियनपुरा गांव के सामने करीब तीन किमी तक एक सीमेंट की चद्दर लाने डीसीएम चालक के द्वारा जिलाधिकारी के काफिले को साइड नहीं दी गई। इस बात से नाराज जिलाधिकारी ने सहसों थाना पुलिस को डीसीएम पर कार्रवाई के आदेश दिएए लेकिन तब तक डीसीएम गुम हो गई। पुलिस नंबर के मुताबिक डीसीएम को खोजने में जुटी है।

### गिरनार अहिंसा धर्म पद यात्रा का शहर में स्वागत

**इटावा।** रविवार को भगवान नेमिनाथ गिरनार पद यात्रा का नगर में आगमन हुआ दिल्ली से गिरनार जा रही यह पद यात्रा ज़ब इटावा पहुंची तो नगर आगमन पर जैन समाज के लोगों ने ऐतिहासिक और भव्य स्वागत करते हुए भव्य आगवानी की यात्रा में शामिल श्रद्धालु राष्ट्रीय एकताए सद्भावना और अहिंसा का संदेश दे रहे थे। यात्रा में 108 फीट लंबे राष्ट्रीय ध्वज एवं 1008 फिट लंबे पचरंगा जैन ध्वज के साथ जैन तीर्थों के संरक्षण लिखे स्लोगन की तख्तियां हाथ में लिएए जय गिरिनार के जयघोष के साथ हर्ष पूर्वक निकाली गयीए यात्रा में सांस्कृतिक मंत्री लवली जैन अपनी महिला मंडल की टीम के साथ पहुंची और विश्व जैन संगठन की संयोजिका रूचि जैन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल गिरिनार पद यात्रा का उद्देश्य जन जन तक पहुंचायाए पद यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यात्रा लालपुरा पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहाँ पहुंचकर धर्मसभा मे परिवर्तित हो गई विश्व जैन संगठन इटावा शाखा के सभी पदाधिकारियों एवं समूचे जैन समाज ने विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन समेत उनकी पूरी टीम का पगड़ी लगाकर दुपट्टा उड़ा प्रतीक चिन्ह दे भव्य स्वागत सत्कार किया। भव्य रथ में सवार नेमिनाथ भगवान के जिन बिम्ब की जैन अनुयाई ने मंगल आरती भक्ति आराधना की गई।

जैन श्रृद्धालुओं ने रखे अपने विचार विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन कहा कि दिल्ली से गिरनार पद यात्रा करते हुऐ चल रहे है विश्व जैन संगठन का विशेष सहयोग मिल रहा है 1500 किलोमीटर की दूरी चलकर नेमिनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव पर हर्षोल्लास के साथ लड्डू चढाया जायेगा। विश्व जैन सगंठन के अध्यक्ष आकाशदीप जैन ने कहा कि विश्व में शांति स्थापित करने का एक मात्र धर्म जैन धर्म है अतः हम सभी को धर्म के बताये रास्ते पर चलना चहिये। जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ने यात्रा में आये समस्त समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इटावा की यात्रा की गूज नेमिनाथ भगवान के मोक्ष स्थली गिरिनार तक पहुंचेगी। महामंत्री राजीव जैन ने यह यात्रा जैन के अस्तित्व की लड़ाई है हमें अपने अधिकारो के लिए जगना और लड़ना होगा हम सभी को एकता परिचय देते हुए गिरिनार यात्रा के मूल उद्देश्य को सफल बनाना हैं। इस दौरान भारी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुष और बच्चे भी उपस्थित रहे।

### डॉ. विवेक राज हेला समाज ने किया सम्मानित

इटावा। मेट्रो सिटी कानपुर नगर में अखिल भारतीय हेला क्षत्रिय समाज संघर्ष समिति के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक डॉण् विवेक राज हेला को अमेरिका की सीडरब्रुक यूनिवर्सिटीए यूएसए द्वारा नई दिल्ली में डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी पीएचडी मानद उपाधि से सम्मानित कियाए इस हेतु अपने समिति के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक डॉण् विवेक सिंह हेला का कानपुर नगर इकाई के पदाधिकारियों ने उन्हें फूलए मालाएंए स्मृति सील्स और चित्र देकर भव्य स्वागत और सम्मानित कियाए कार्यक्रम में समिति के ;कार्यक्रम अध्यक्षताद्ध राष्ट्रीय वरिष्ठ सलाहकार काशीराम हेला ने कहा कि डॉण् विवेक राज हेला ने पूरे देश में हेला क्षत्रिय समाज का नाम रोशन कियाए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भईया ;उत्तर प्रदेशद्धए राष्ट्रीय महामंत्री ;संगठनद्ध संतोष तिलक हेला ;पश्चिम बंगालद्ध ने कहा कि हम अपने हेला क्षत्रिय समाज के नेता के नेतृत्व में अपने समाज को पहचान दिलवा पा रहे हैंए इसके लिए हम ऋणी रहेंगेए राष्ट्रीय संगठन मंत्री अजय विमल हेला ;रायबरेलीद्ध ने बताया कि डॉण् विवेक राज ट्रस्ट इण्डिया फाउंडेशन के माध्यम से हम देश के प्रत्येक वर्ग को ट्रस्ट की हर हर रोजगार योजना के अंतर्गत रोजगार देना डॉण् विवेक राज हेला का संकल्प हैए युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत हेला ;कोलकाताद्धए कार्यक्रम संयोजकए सह.संयोजक व कानपुर नगर जिलाध्यक्ष रवि भारती हेला ने फूलए माला पहनाकर स्वागत सम्मान कियाए जिलामहामंत्री ;संगठनद्ध रविंद्र प्रताप हेला ने संचालन कियाए जिलाउपाध्यक्ष राजू राजपूत हेलाए महामंत्री अशोक भारती हेलाए कार्यकारणी सदस्य मुकेश कुमारए राजबहादुर हेला राजाए प्रदीप हेला उत्तराखंडए महानगर कार्यकारणी सदस्य कानपुर नगर जीतू हेलाए अविनाश कुमार हेलाए आर्यन भारती हेलाए अनुज प्रताप हेलाए महिला मोर्चा मधु सिंह हेलाए शालिनी हेलाए शीतल कुमारी हेलाए कंचन हेला आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 141 का हुआ उपचार

**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 141 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 53 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर सुरेश कनौजिया के देखरेख में 47मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 141मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉक्टर जीतेन्द्र कुमार यादव, फार्मासिस्ट मनोज कुमार,संजय श्रीवास्तव,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने खनन पट्टों और भण्डारण की जांच के लिए गठित की टीम

**मिर्जापुर।** विंध्याचल मण्डल के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी के निर्देश पर डीएम प्रियंका निरंजन ने खनन व्यवसायी व अहरौरा पालिका के पूर्व अध्यक्ष गुलाब दास मौर्य के खनन पट्टों और निर्धारित क्षमता से अधिक गिट्टी भण्डारण के मामलेकी जांचके लिए चार सदस्यीय टीम गठित किया है। जांच टीम में एसडीएम चुनार के अलावा एसडीएम सदर, जिला खनन अधिकारी वक्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को शामिल किया गया है। डीएम ने टीम के सदस्यों को निर्देश दिया है कि मामले की शीघ्र जांचकर रिपोर्ट सौंपी जाए। जिससे आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अहरौरा नगर के सत्यानगंज कस्बा निवासी ओम प्रकाश सिंह ने बीते एक अप्रैल को विंध्याचल मण्डल के कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी को सौंपे शिकायती पत्र में खनन व्यवसायी व पूर्व पालिकाध्यक्ष गुलाब दास मौर्य पर निर्धारित क्षमता से अधिक गिट्टी के भण्डारण, वर्ष-2010 से 2016 और वर्ष-2017 में ई-टेंडरिंग में कागज और नक्शा में हेराफेरी कर सिंधोरा के आराजी संख्या 997 खनन पट्टा ले लिया गया। इसके अलावा गिट्टी लदे ट्रकों का भी अवैध संचालन किया जाता है। कमिश्नर नेइस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम प्रियंका निरंजन को मामले की टीम गठित कर उच्च स्तरीय जांच कराने का निर्देश दे दिया। कमिश्नर के निर्देश पर डीएम ने चार सदस्यीय टीम गठित कर दी है। डीएम ने बताया कि मामले की जांच रिपोर्ट आनेपर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, साथी जख्मी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव के पास शनिवार की रात लगभग 10 बजेअज्ञात वाहन के धक्के सेबाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर रूप सेघायल हो गया। दोनों घायलों को एंबुएंलेंस सेलेजाकर प्राथमिकस्वास्थ्य केंद्र भरकवाह (सोनभद्र) में भर्ती कराया गया। जहां परीक्षण करने के बाद एक युवक को चिकित्सक नेमृत घोषित करदिया। जबकि दूसरेकी हालत गंभीर देख बेहतर उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। बाइक सवार युवक शादीका समान लेकर समीप के नदिहार बाजार सेअपनेघर वापस लौट रहे थे। तभी अज्ञात वाहन काल बनकर पहुंचा। हादसेकी खबर मिलते ही शादी की खुशियां अचानक मातम मेंबदल गई। राजगढ़ थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी 19 वर्षीय अभय उर्फ रामू और 18 वर्षीय विमलेश के पड़ोसी रमेश गोड़इत के लड़की की शादी के लिए शनिवार की रात बारात आई थी। शादी में कुछ सामान कम पड़ गया। जिसे लेने के लिए अभय और विमलेश एक ही बाइक सेनदिहार बाजार गए थे। जहां से सामान लेकर वापस लौटते समय विशनपुरा गांव के पास मिर्जापुर-सोनभद्र मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया।जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। हादसे की खबर मिलते ही मौके पर आसपास केलोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। एंबुलेंस से दोनों घायलों को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनभद्र के भरकवाह भिजवाया। जहां चिकित्सक नेजांच कर अभय उर्फरामूको मृत घोषित कर दिया। और गंभीर रूप से जख्मी विमलेश की हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिए। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजदिया। मृतक अभय दो भाइयों में छोटा था। अविवाहित था। इस संबंध में राजगढ़ थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया कि सोमवार कीरात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। सोनभद्र के करमा थाना पुलिस मृतक का पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करवा रही है।

## सिंदूर खाने से किशोरी हुई अचेत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा उपचार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी सभाजीत की 17 वर्षीय पुत्री कंचना ने घर में किसी बात से गुस्सा होकर घर का दरवाजा अंदर से बंद कर सिंदूर खा लिया। काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुलने पर बालिका के पिता सभाजीत ने किसी तरीके से दरवाजा खोलकर गंभीर स्थिति में किशोरी को बाहर निकाला। बालिका से काफी पूछताछ करने पर किशोरी ने सिंदूर खाने की बात पिता से बताया। जानकारी होते ही पिता ने 108 एंबुलेंस सेवा पर सूचना दिया सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा के चालक अरुण यादव इएमटी देवराज मौके पर पहुंचकर बालिका को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहां पर मौजूद डॉक्टर विवेक खरे व डॉक्टर रीना सिंह के द्वारा बालिका का उपचार किया जा रहा है।

## झोला छाप चिकित्सक के लापरवाही से बच्ची की मौत का आरोप

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** झोला छाप चिकित्सक के लापरवाही सेइलाज इलाज से एक वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। यह आरोपराजगढ़ थाना क्षेत्र के भावा गांव निवासी त्रिपुरारी विश्वकर्मानेपुलिस को दिए तहरीर में लगाया है। आरोप हैकि शनिवार शाम छहबजेबच्ची को लेकर पिता कथित डॉक्टर के पास उपचार के लिए लेकर गए। दवा इलाज के बच्ची को लेकर घर पहुंचे। मध्य रात्रि अचानक बच्ची की हालत बिगड़ गई। रात मेंही डॉक्टर को मोबाइल पर बच्ची की हालत खराब होने की जानकारी दी। इसपरचिकित्सक नेकहा बच्ची को सोने दो। सुबह लेकर आना, लेकिन तड़के तीन बजेबच्ची की मृत्यु हो गई। त्रिपुरारी नेराजगढ़ थानेपर तहरीर देकर चिकित्सक पर लापरवाही का लगाया आरोप लगाया है। तहरीर मिलनेके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के आरोपित पति व सास को पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी पुल के पास से पुलिस ने रविवार कि सुबह दहेज के लिए विवाहिता कि हत्या करने वाले आरोपित विवाहिता के पति व सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय मय हमराह हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर के साथ मुखबिर कि सूचना पर कुसियरा गांव निवासी सविता देवी व कमलेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपित कंही भागने के फिराक में वाहन का इंतजार कर रहे थे। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के बंजारी खुर्द गौरवा गांव निवासी इंद्रकली ने थाने में तहरीर देकर पुत्री सुनीता की दहेज में मोटर साइकिल व अंगूठी की मांग को लेकर पति कमलेश व सास, देवर, मौसा व मौसी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया




था पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितो की तलाश करने में जुट गई थी पुरे मामले की जांच सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या करने वाले आरोपित विवाहिता के पति कमलेश व सास सविता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जल्द ही अन्य आरोपितो को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।


## सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप



**बेल्थरा रोड, बलिया।** सीएमओ ने सीएचसी सीयर का किया औचक निरीक्षण, कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित। बताया जाता है कि सीएमओ डा. संजीव कुमार वर्मन ने सी एच सी सीयर का औचक निरीक्षण शनिवार को किया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए । अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का अनुपस्थित दिन का वेतन कटौती का आदेश दिया। जिससे पूरे परिसर में हड़कंप की स्थिति रही। निरीक्षण के बाद पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए सीएमओ ने कहा कि यहां मरीजों की भीड़ को देखते हुए 100 बेड का अस्पताल बनाने के लिए तथा डिजिटल एक्सरे के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजूंगा । साथ ही कहा कि यहां पैथोलॉजी में सभी जांचों की रिपोर्ट तैयार करने के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर की व्यवस्था करूंगा। डॉक्टरों की कमी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि जनपद में डॉक्टर के आते ही मैं यहां डॉक्टरों की पोस्टिंग करने का प्रयत्न करूंगा। निरीक्षण के अवसर पर सीएससी अधीक्षक डॉक्टर राकेश कुमार सिंह, डॉ विक्रम सिंह सोनकर,डा. चंद्रप्रभा यादव, डा.आर डी सिंह,फार्मासिस्ट अनिल सिंह राहुल मद्धेशिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भू-माफियाओं से परेशान वशिष्ठ मिश्र ने लगाई सीएम से सुरक्षा की गुहार

**फर्जी मुआहिदा कर जमीन हड़पना चाहते हैं भू माफिया, जान से मारने की दे रहे हैं धमकी**



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिले के फतेहपुर गांव में लगभग डेढ़ साल पहले जमीनी विवाद को लेकर हुए नरसंहार के बाद भी जिला प्रशासन भूमाफियाओं पर नकेल नही लगा पाया। प्रशासन की कमजोरी का नतीजा है कि माफिया गिरोह बनकर लोगों की कीमती जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा कर रहे हैं। ताजा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरपाती का है। जहां भूमाफियाओं फर्जी कागजात तैयार कर वशिष्ठ मिश्र की जमीन न केवल हड़पने की कोशिश में है। बल्कि विरोध करने पर वशिष्ठ मिश्र एवं उनके परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित की मानें तो इस बात की शिकायत उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से लगाएत मुख्यमंत्री तक की है। मगर अभी तक उनको कहीं से न्याय नहीं मिला है। इस मामले को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए शहर के पिपरपाती निवासी वशिष्ठ मिश्र पुत्र स्व चंद्रिका मिश्र ने कहा कि पीपरपाती गांव में स्थित आराजी नंबर 354, रकबा 0.2490 भूमि हमें वरासत में प्राप्त हुई हैं। जिसे लेकर कई वर्षो से विवाद चल रहा है। इसका मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और जमीन पर हाईकोर्ट से स्थगन आदेश भी है। मगर मुकदमे को छुपा कर कुछ दबंग किस्म के लोग भू माफियाओं के साथ मिलकर इस जमीन का मुआहिदा कर दिया और अब फर्जी तरीके से उसे कब्जा करने की तैयारी में लगे हैं। जबकि उस जमीन का मालिकाना हक उन लोगों के पास नही है। मिश्र ने यह भी कहा कि विरोध करने पर यह भूमाफिया हमारे परिवार के साथ फतेहपुर कांड दोहराने की बार-बार धमकी देते हैं। वशिष्ठ मित्र ने पत्रकारों को बताया कि कि उन्हें दीवानी के वाद संख्या 747/66 में न्यायालय से जीत भी मिली थी। मगर यह लोग कानून और न्यायालय के आदेश को दरकिनार करके हमारी जमीन को जबरिया हड़पना चाहते हैं। वशिष्ठ मिश्र ने यह भी कहा कि यह लोग काफी दबंग और गोलबंद किस्म के आदमी हैं हमारे वह हमारे परिवार के लोगों को फतेहपुर कांड की तरह जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं । इस बात को लेकर मैंने प्रशासन को अवगत भी कर दिया है। मगर प्रशासन द्वारा दबंगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिसका नतीजा है कि उन लोगों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है तथा कहा है कि अगर मेरे व मेरे परिजनों के साथ कोई अनहोनी घटना होती है तो उसका जम्मेदार जिला प्रशासन एवं यह भूमाफिया लोग ही होंगे।

## ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान द्वारा नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**आजमगढ़।** ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य शिक्षा और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवा को वंचित ग्रामीण समुदाय तक पहुंचने के लिए विकास खंड अतरौलिया की ग्राम पंचायत चनैता, मुंडेरा तथा अम्बेडकर नगर के भियांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत सीता घाट में नाक, कान तथा गला से संबंधित बीमारियों से प्रभावित लोगों का निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान के शुभचिंतक महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के ह्यसुप्रसिद्ध समाजसेवी चिकित्सक डॉ अनिल पटेल (एमएस ईएनटी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौलिया से डॉ. सुभाष मौर्य ने मरीजों की जांच एवं उपचार संबंधी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में नाक, कान और गला से संबंधित बीमारियों से परेशान व्यक्तियों को नि:शुल्क जांच और उपचार प्रदान किया गया। डॉ अनिल पटेल ने रोगियों को समय-समय पर नियमित व्यायाम करने और खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी, जिससे वे अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकें। तीनों शिविर में कुल 257 लोगों ने अपनी जांच, सलाह और उपचार की सेवा लिया, इसी के साथ ही डाबर इंडिया लिमिटेड के हेल्थ एंड न्यूट्रीशन स्पोर्ट प्रोग्राम के अंतर्गत सभी शिविरार्थियों को फ्रूट जूस किट देते हुए संस्था के जाह्नवी दत्त और ज्योति ने उचित पोषण के लिए विटामिन एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी । इस शिविर के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने और आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्राप्त करने में मदद मिली।

ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य पोषण सेवाओं को बेहतर बनाने और लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है,

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलेक्टर/उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय नर्वल कानपुर नगर

वाद सं. सन् 2023

1. राजेश कुमार तिवारी वयस्क पुत्र स्व. रामलखन तिवारी 2. श्रीमती श्यामा देवी वयस्क पत्नी स्व. रामलखन तिवारी मूल निवासी ग्राम नागापुर तहसील नर्वल, जनपद कानपुर नगर हाल निवासी वार्ड नं. 4 नवाबगंज पचियाव तहसील व जिला उन्नाव

..प्रार्थीगण/वादीगण

बनाम- 1. गया प्रसाद वयस्क पुत्र रामनाथ 5. अशोक कुमार वयस्क पुत्र चन्द्रशेखर 7. कृपाशंकर वयस्क पुत्र चन्द्रभूषण 9. राम प्रकाश वयस्क 10. विजय प्रकाश वयस्क 11. वेद प्रकाश वयस्क 12. ब्रहम प्रकाश वयस्क पुत्रगण स्व. विष्णुदत्त 13. श्रीमती रानी देवी वयस्क पत्नी स्व. विष्णुदत्त 14. प्रकाश नरायण वयस्क 15. श्री नरायण वयस्क 16. कैलाश नरायण वयस्क पुत्रगण स्व. शिवलाल 18. उदयकान्त वयस्क 19. उमाकान्त वयस्क 20. शशीकान्त वयस्क पुत्रगण अवध बिहारी 21. श्रीमती प्रेमा देवी वयस्क पत्नी स्व. अवध बिहारी 22. अरूण कुमार पुत्र ललित कुमार 23. श्रीमती पुष्पा देवी वयस्क पत्नी ललित कुमार 26. श्रीमती कुसुम लता वयस्क पत्नी स्व. रामदत्त 27. दयाराम वयस्क, ग्राम सभा नागापुर द्वारा ग्राम प्रधान नागापुर तहसील व नर्वल जनपद कानपुर नगर

..प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. रा. सं. 2006 मौजा नागापुर तहसील व नर्वल जनपद कानपुर नगर पेशी 24.04.2025 ई.

वादीगणने आपके विरूद्ध धारा 116 उ. प्र. राजस्व संहिता के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 24.04.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे नव प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए दिन है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्ष्यो को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिनपर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 03.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, अहलमद/रीडर न्यायालय सहायक कलेक्टर/उपजिलाधिकारी (न्यायिक) नर्वल कानपुर नगर।

सी.आर.-130/K-CN

## अतरौलिया में पूर्व उपमुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद का जोरदार स्वागत

**अतरौलिया आजमगढ़।** लखनऊ से गोरखपुर जाते समय अतरौलिया स्थित गदनपुर के समीप भाजपा नेता नवीन सिंह के कार्यालय पर बीजेपी नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा का जिला अध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर व नवीन सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में लगभग सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे, इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा का स्वागत किया। हालांकि मीडिया के सवालों से पुर्व उपमुख्यमंत्री बचते नजर आए। बता दें कि राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे के निधन की वजह से सीट खाली हो गई थी,उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए हुए उपचुनाव में बीजेपी ने शर्मा को प्रत्याशी बनाया था, 15 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए शर्मा नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। राज्यसभा के लिए हुए उपचुनाव में शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस मौके पर मनीष मिश्रा ब्लाक प्रमुख, चंद्रजीत तिवारी, सुनील पांडे नीरज तिवारी, गुडलक सिंह, रामचंद्र जायसवाल, हर्षित सिंह, हिमांशु पांडे, सुभाष निषाद , गणेश दत्त दुबे,संतराम निषाद सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

# श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**अतरौलिया आजमगढ़।** स्थानीय पूरब पोखरा रोड पर आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान कथा वाचक भागवता चार्य पंडित चंद्रेश दास जी महाराज, पचपेड़वा आश्रम ने कथा के दूसरे दिन धुंधकारी प्रेत का उद्धार ,महाराज परीक्षित को श्राप, श्री शुक्र देव भगवान को महाराज परीक्षित का कथा, सुक्र देव भगवान का आगमन तथा भगवान के अवतार लेने का कारण सुनाया । कथा श्रोताओं को सुनाया गया कि धुंधकारी एक ऐसा व्यक्ति था जिसने अपने जीवन में बहुत पाप किए थे, जिसके कारण मृत्यु के बाद वह प्रेत योनि में फंस गया। उसका भाई गोकर्ण ने उसके लिए विधिपूर्वक पिंडदान और श्राद्ध करवाए, लेकिन इससे उसकी मुक्ति नहीं हुई। धुंधकारी प्रेत बनकर अपने भाई के सामने विभिन्न रूपों में प्रकट हुआ और अपनी दुर्दशा बताई। गोकर्ण ने सूर्यदेव की तपस्या कर उनसे सलाह ली, तब पता चला कि धुंधकारी का उद्धार केवल



श्रीमद्भागवत कथा सुनने से ही संभव है। गोकर्ण ने भागवत कथा का आयोजन किया, जिसमें धुंधकारी ने सात दिनों तक कथा सुनी और मनन किया। सातवें दिन उसकी प्रेत योनि से मुक्ति हुई और वह दिव्य स्वरूप में प्रकट होकर भगवान श्रीकृष्ण के पार्षद बन गया। एक दिव्य विमान आया और वह उसमें बैठकर बैकुंठ धाम को चला गया।

कथा में आगे बताया गया कि राजा परीक्षित एक बार शिकार के दौरान भूखे-प्यासे ऋषि शमीक के आश्रम पहुंचे। ऋषि ध्यान में लीन थे और उन्होंने राजा की बात नहीं सुनी। क्रोधित होकर परीक्षित ने मृत सांप को उठाकर ऋषि के गले में डाल दिया। यह देखकर ऋषि शमीक के पुत्र, श्रृंगी ऋषि, को बहुत क्रोध आया और उन्होंने राजा परीक्षित को श्राप दिया कि सातवें दिन तक्षक नाग उसे डस लेगा। जब राजा को श्राप का पता चला, तो उन्होंने इसका स्वागत किया और सात दिन भागवत कथा सुनकर भगवान की भक्ति में लीन हो गए। सातवें दिन तक्षक नाग ने उन्हें डस लिया, लेकिन भागवत कथा के प्रभाव से उन्हें मोक्ष प्राप्त हुआ।

शुक्र देव भगवान का आगमन कथा के अनुसार, वे महर्षि वेद व्यास के अयोनिज पुत्र थे, जो बारह वर्ष तक माता के गर्भ में रहे। कथा में बताया गया है कि भगवान शिव पार्वती को अमर कथा सुना रहे थे, तब पार्वती के सो जाने पर वहां एक शुक (तोता) ने हुंकार भरी। शिवजी ने उसे मारने के लिए त्रिशूल छोड़ा, जिससे वह शुक तीनों लोकों में भागा और अंततः व्यास जी के आश्रम में जाकर उनकी पत्नी के गर्भ में प्रवेश कर गया।

बारह वर्ष बाद भगवान श्रीकृष्ण के आश्वासन से वह गर्भ से बाहर निकला और वेद, उपनिषद, दर्शन व पुराणों का ज्ञान लेकर बाल्यावस्था में ही तपस्या के लिए वन चला गया। श्रीमद भागवत कथा सायं 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक सुनाई जा रही है जिसमें हजारों की संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और श्री भागवत कथा का सोपान कर रहे हैं। भागवत कथा के आयोजक गणेश अग्रहरि द्वारा सनातन परंपरा को जीवंत रखने के लिए जनता जनार्दन के लिए कथा स्थल पे अच्छी व्यवस्थाएं दी गई है।

## 100 मुकदमों से संबंधित 1457 लीटर कच्ची देशी शराब कराया गया है नष्ट

**मीरजापुर।** जिले के थानों में जमा अवैध शराब की खेप को नष्ट करने की कवायद शुरू कर दी गई है। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में माल निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़िहान पुलिस द्वारा कुल 1457 लीटर 100 आबकारी अधिनियम के मुकदमों से सम्बन्धित 1457 लीटर कच्ची देशी शराब का नियमानुसार कार्यवाही करते हुए विनष्टीकरण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा माल निस्तारण के संबंध में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देश के क्रम में 20 अप्रैल 2025 को थाना मड़िहान परिसर में वर्ष-2024 आबकारी अधिनियम से संबंधित पंजीकृत कुल 100 मुकदमों में बरामद 1457 लीटर कच्ची देशी शराब को न्यायालय द्वारा विनष्टीकरण का आदेश दिए जाने के उपरान्त जनपदधिकारी द्वारा गठित टीम की उपस्थिति में उपरोक्त कच्ची देशी शराब का विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी पुत्र अर्पण कुमार का जन्म दि. 20/07/2011 को घर में ही हुआ था। जिसका कि जन्म पंजीकरण नगर पालिका परिषद, फतेहपुर में अब तक नहीं हुआ है, जन्म प्रमाण पत्र हेतु अब पंजीकरण आवेदन करना है। मनीष कुमार पुत्र बालकृष्ण नि0 रानी कॉलोनी, सिविल लाइन, अम्बेडकर स्कूल के पास - फतेहपुर।

सी.आर.-130/K-40

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96
कानपुर, सोमवार, 21 अप्रैल, 2025

# गांवों-शहरों पर रूसी निशान सड़कों के नाम भी बदले

## सीजफायर के नाम पर व्लादिमीर पुतिन की नई चाल

**कीव।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर के मौके पर तीन साल से चल रही यूक्रेन जंग में युद्धविराम का ऐलान तो कर दिया, लेकिन इस बड़ी घोषणा के बीच यूक्रेन में रूस की कथित धोखाधड़ी सामने आई है। रूस कब्जा कर चुके यूक्रेनी गांवों, शहर पर अपने निशान बना रहा है। ऐसी रिपोर्ट है कि उसने हजारों यूक्रेनियों के घरों पर कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं सड़कों के नाम भी बदले जा रहे हैं।



रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी शहर मारीउपोल में अब रूसी पहचान की छाप तेजी से दिखाई देने लगी है। शहर में रूसी प्रशासन व्यवस्थित तरीके से हजारों यूक्रेनी नागरिकों के घर जब्त कर रहा है, खासकर उन लोगों के जो 2022 की घेराबंदी के दौरान मारे गए या शहर छोड़कर भाग गए थे।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 5700 घरों की पहचान जब्ती के लिए की गई है, जबकि 3550 और घरों को संभावित जब्ती की सूची में डाला गया है। ये सभी आंकड़े रूसी-नियंत्रित मारीउपोल प्रशासन की वेबसाइट पर जुलाई 2024 के बाद से डाले गए दस्तावेज़ों पर आधारित हैं।

रूसी अधिकारी इन संपत्तियों को वैध चोरी करार देते हुए स्वीकारा कि जब्ती किए गए घर बिना मालिकों के हैं, लेकिन असलियत यह है कि इनके कानूनी मालिक यूक्रेनी नागरिक हैं, जिन्होंने रूस के कब्जे से बचने के लिए शहर छोड़ा या जिनकी मौत हो गई। कुछ मकानों के कानूनी वारिस अब भी दस्तावेजों के जरिए अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। मारीउपोल में न सिर्फ मकान जब्त किए जा रहे हैं, बल्कि सड़कों के नाम भी मास्को के निर्देशों के मुताबिक बदले जा रहे हैं। साथ ही, नए रूसी सैन्य ठिकाने भी बनाए जा रहे हैं। यह सब उस रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत यूक्रेनी शहरों को 'रूसी रंग' में रंगा जा रहा है। 2022 में रूस द्वारा किए गए 86 दिन लंबे घेराबंदी में मारीउपोल लगभग पूरी तरह बर्बाद हो गया था। मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच के अनुसार, उस दौरान कम से कम 8,000 नागरिक मारे गए थे, और करीब 93 प्रतिशत ऊंची इमारतें तबाह हो गई थीं।

### युद्धविराम की घोषणा के बावजूद हमले जारी



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने आरोप लगाया कि ईस्टर के अवसर पर युद्धविराम की घोषणा के बावजूद रूस के हमले कम नहीं हुए हैं, जबकि रूस ने ही युद्धविराम की घोषणा की है। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी आक्रमण अभियान कई सीमावर्ती क्षेत्रों में जारी है। उन्होंने कहा कि रूस के शब्दों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि मास्को कैसे हेरफेर करता है। हम किसी भी चीज के लिए तैयार हैं।

## बांग्लादेश ने शेख हसीना पर इंटरपोल से मांगी मदद

### रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का अनुरोध

**ढाका।** पिछले साल 5 अगस्त को हिंसा के बाद भारत में शरण ले चुकीं शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश ने इंटरपोल से मदद मांगी है। बांग्लादेश पुलिस के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो ने पूर्व पीएम शेख हसीना समेत 12 लोगों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का अनुरोध इंटरपोल से किया है। पुलिस मुख्यालय में सहायक महानिरीक्षक इनामुल हक सागर ने कहा कि एनसीबी अदालतों, सरकारी अभियोजकों या जांच एजेंसियों से मिली अपीलों के आधार पर इंटरपोल से ऐसे अनुरोध करती है।

ये आवेदन उन आरोपों के संबंध में दायर किए जाते हैं, जो जांच के दौरान या चल रही केस कार्यवाही के माध्यम से सामने आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश में रहने वाले भगोड़ों के ठिकानों की पहचान करने में इंटरपोल अहम भूमिका निभाता है। पिछले साल नवंबर महीने में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक कार्यालय ने पुलिस से कहा था कि वह शेख हसीना और अन्य भगोड़ों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने में इंटरपोल की सहायता ले।

# 'हमास ने आधे बंधकों को वापस करने के सौदे को किया खारिज'

### इजरायली पीएम नेतन्याहू का आरोप

**यरुशलम।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार शाम को कहा कि हमास ने युद्ध की समाप्ति और गाजा से इजरायली सैन्य वापसी की मांग करके गाजा में आधे बंधकों को वापस करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। नेतन्याहू ने एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान में कहा, अगर हम अब हमास के हुक्म के आगे झुक जाते हैं, तो युद्ध की सभी महान उपलब्धियां ... गायब हो जाएंगी। बयान में इजरायली प्रधानमंत्री ने इस विचार को भी खारिज कर दिया कि इजरायल हमास को धोखा देकर सभी बंधकों को मुक्त कर सकता है और फिर युद्ध फिर से शुरू कर सकता है, उन्होंने तर्क दिया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस तरह के कदम को स्वीकार नहीं करेगा।



इससे पहले दिन में हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक नया वीडियो जारी किया, जिसमें गाजा में एक इजरायली बंधक को दिखाया गया था। चार मिनट के वीडियो में इजरायली बंधक एल्काना बोहबोट लैंडलाइन फोन पर बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो अपने परिवार को उनकी रिहाई के लिए प्रयास जारी रखने के लिए कॉल कर रहे हैं। रिकॉर्डिंग के अंत में उन्होंने कहा, मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है। मैं मौत के लिए चिल्ला रहा हूं। कृपया, मेरे लिए यह करो। अल-क़स्साम ब्रिगेड ने बंधकों के संदर्भ में संदेश के साथ वीडियो का समापन किया, वे केवल एक क्षमता के साथ ही वापस आएंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया था।

## इजरायली हमले में गाजा की पत्रकार की मौत

### परिवार के 10 लोग भी मारे गए



**गाजा।** गाजा में युद्ध के दौरान डेढ़ सालों में अपने कैमरे से युद्ध के हर एक मंजर को दिखाने वाली 25 वर्षीय फोटो पत्रकार फातिमा हसौना की हवाई हमले में मौत हो गई। इस हमले में फातिमा के साथ-साथ उनके 10 रिश्तेदारों की भी मौत हुई है। गाजा में लगातार खतरों के बावजूद फातिमा ने अपने कैमरे में वो सबकुछ रिकॉर्ड किया जो वहां हो रहा था और दुनिया को गाजी की कहानी बताने के लिए प्रतिबद्ध रहीं। फातिमा जानती थीं कि मौत हमेशा करीब है, फिर भी वह गाजा की तस्वीरों के दुनिया के सामने लाने से पीछे नहीं हटीं। फातिमा ने एक बार सोशल मीडिया पर लिखा था, अगर मैं मरती हूं, तो मुझे एक जोरदार मौत चाहिए। मैं सिर्फ ब्रेकिंग न्यूज या किसी समूह में शामिल एक नंबर बनकर नहीं रहना चाहती हूं। मैं एक ऐसी मौत चाहती हूं जिसे दुनिया सुन सके, एक ऐसा प्रभाव जो समय के साथ बना रहे और एक ऐसी छवी जो समय या स्थान के साथ दफन न हो सके। उन्होंने तो सिर्फ ऐसी इच्छा जताई थी, लेकिन उनकी इस इच्छा का एक बेहद दर्दनाक रूप तब दिखाई दिया जब उत्तरी गाजा में उनके घर पर इजरायली हवाई हमला हुआ। कुछ ही दिनों में फातिमा की शादी भी होने वाली थी। इस हवाई हमले में फातिमा और उनके परिवार के दस लोगों की भी मौत हुई है, जिनमें उनकी गर्भवती बहन भी शामिल है।

## अब कनाडा में गुरुद्वारे पर भड़के खालिस्तानी

**वैंकुवर।** कनाडा में जस्टिन ट्रूडो के प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद भी खालिस्तानियों के हौसले बुलंद हैं। यहां वैंकूवर में एक ऐतिहासिक गुरुद्वारे पर खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने अपने नारे लिख दिए। गुरुद्वारे पर भारत विरोधी नारे भी लिखे गए। खालसा दीवान सोसइटी गुरुद्वारे को

### एंट्री बैन की तो दीवारों पर लिखे नारे

रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा के नाम से भी जानते हैं। खालिस्तानियों की इस हरकत के बाद गुरुद्वारे के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा, अलगाववादी सिखों के एक गुट ने हमारे पवित्र गुरुद्वारे की दीवारों को दूषित किया है और उनपर खालिस्तानी नारे लिख दिए हैं। गुरुद्वारे की तरफ से कहा गया कि यह खालसा साजणा दिवस के मौके पर हम एकता की सगंध खाते हैं। एक समूह द्वारा किया गया यह कृत्य निंदनीय है। कट्टरपंथी ताकतें सिखों क बांटना चाहती हैं और यह खौफ पैदा करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा, कट्टरपंथी हमारे बुजुर्गों के बलिदान को नहीं समझ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने विविधता और स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया है। हम उनकी फूट डालने की कोशिश को कामयाब नहीं होने देंगे। यह गुरुद्वारा 1906 में बनाया गया था। बीते रविवार को गुरुद्वारे में नगर कीर्तन और बैसाखी परेड का आयोजन किया गया था। इन कार्यक्रमों में खालिस्तान समर्थकों को शामिल होने से रोक दिया गया था। खालिस्तानियों ने गुरुद्वारे के अलावा सूरी और ब्रिटिश कोलंबिया में मंदिरों को भी टारगेट किया है। यहां भी खालिस्तानी नारे लिखे पाए गए।

# परमाणु समझौते पर ईरान और अमेरिका ने मिलाया सुर

**रोम।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत का दूसरा दौर शनिवार को

### बातचीत की बढ़ी उम्मीद

इटली की राजधानी रोम में संपन्न हुआ। बातचीत के बाद दोनों देशों की ओर से इस बार थोड़ी सकारात्मकता दिखाई दी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने मामले में बताया कि कुछ मुद्दों पर सिद्धांत रूप में सहमति बनी है और आगे बढ़ने की उम्मीद है। बता दें कि यह वार्ता पिछले हफ्ते ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहली बैठक के बाद हुई। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने की, जबकि ईरान की ओर से अब्बास अरागची शामिल हुए। चार घंटे चली इस बैठक के बाद अरागची ने कहा कि बातचीत में कुछ बुनियादी मुद्दों पर सहमति बन रही है। साथ ही यह भी बताया गया कि तकनीकी विशेषज्ञों की बातचीत बुधवार से शुरू होगी, जबकि तीसरे दौर की वार्ता अगले शनिवार मस्कट में होगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ओमान ने एक बार फिर मध्यस्थ की भूमिका निभाई और दोनों पक्ष सीधे आमने-सामने नहीं बैठे। बल्कि वे अलग-अलग कमरों में बैठकर ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी के जरिए बातचीत करते रहे। इस वार्ता को लेकर अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि किसी भी समझौते का मकसद मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता लाना होना चाहिए। साथ ही यह राष्टपति ट्रंप के नजरिए के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि ईरान को अपने परमाणु हथियार बनाने की किसी भी योजना को पूरी तरह बंद करना होगा। इस बीच इस्राइल ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि वह ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए किसी भी हद तक जाएगा।

## अमेरिका में विमान हादसा, चार मरे

**इलिनॉयस।** अमेरिका के इलिनोइस राज्य में खेत में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। कोल्स काउंटी के कोरोनर (अस्वाभाविक कारणों से होने वाली मृत्यु की जांच करने वाला अधिकारी) एड श्नीयर्स ने बताया कि मृतकों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। हालांकि, श्नीयर्स ने परिजनों को सूचित किए जाने तक मृतकों की पहचान उजागर करने से इनकार किया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने ईमेल के जरिए जानकारी दी कि यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे ट्रिला के पास हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 'सेसना सी80जी' विमान बिजली के तारों से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ। गवर्नर जेबी प्रिट्जकर ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा, कोल्स काउंटी से दुखद खबर मिली है।

## एक नज़र

### पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू मंत्री पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक हिंदू राज्य मंत्री पर प्रदर्शनकारियों ने हमला बोल दिया। उन्होंने नई नहरों की योजना के खिलाफ रैली निकाली थी। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सांसद खेल दास कोहिस्तानी, धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री शनिवार को थट्टा जिले से गुजर रहे थे। तभी उनके काफिले पर प्रदर्शनकारियों ने टमाटर और आलू फेंके गए। उपद्रवियों ने संघीय सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। अधिकारियों ने कहा कि हमले में कोहिस्तानी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। एजेंसी ने रेडियो पाकिस्तान के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कोहिस्तानी को फोन किया और उन्हें घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, जन प्रतिनिधियों पर हमला अस्वीकार्य है। घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी। सूचना मंत्री अत्ता तरार ने सिंध के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) गुलाम नबी मेमन से घटना का ब्योरा मांगा और संघीय आंतरिक सचिव से रिपोर्ट मांगी।

### अमेरिका ने यमन में किए 13 हवाई हमले

**काहिरा।** यमन में अमेरिकी सेना ने 13 हवाई हमले किए हैं। सेना ने यमन की राजधानी सना और हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले तटीय शहर होदेदा को निशाना बनाया। हूतियों के मीडिया कार्यालय ने शनिवार को अमेरिकी हमलों की रिपोर्ट दी। हालांकि, अमेरिकी हमलों में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। हूती विद्रोहियों ने कहा कि अमेरिकी सेना ने लाल सागर पर होदेदा में एक हवाई अड्डे और एक बंदरगाह को निशाना बनाया है। इससे पहले, अमेरिकी हमले में लाल सागर के बंदरगाह को नुकसान पहुंचा था और 70 से अधिक लोग मारे गए थे। ये हमले नवीनतम हमलों से करीब दो दिन से भी कम समय पहले किए गए थे। मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य अभियानों की देखरेख करने वाली अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने कहा कि वह यमन में हूतियों के खिलाफ हमले जारी रखे हुए है। हूती द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अमेरिकी सेना ने बृहस्पतिवार को होदेदा प्रांत के रास ईसा बंदरगाह पर हमला किया। इस हमले में 74 लोग मारे गए और 171 अन्य घायल हो गए। यह हमला ईरान समर्थित विद्रोहियों पर अमेरिका द्वारा जारी बमबारी अभियान में सबसे घातक था।

### राजस्थान में दलित लड़के के साथ कुकर्म

**सीकर।** राजस्थान के सीकर जिले में 19 साल के एक दलित लड़के पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि दलित लड़के ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसके साथ कुकर्म किया, घटना का वीडियो बनाया, उसे लोहे की रॉड से मारा और उसके ऊपर पेशाब किया। यह घटना 8 अप्रैल को हुई जो 16 अप्रैल को प्रकाश में आई, जब दलित लड़के ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दलित लड़के ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ गांव में एक शादी की बारात देख रहा था। उसी दौरान जाट समुदाय के दो आरोपियों ने उसे घेर लिया। लड़के ने अपनी शिकायत में कहा कि दोनों ने उसे जातिवादी गालियां देनी शुरू कर दीं। उन्होंने यह भी कहा कि वे उसके पिता को मारना चाहते थे, लेकिन वे मुझ पर हमला कर रहे हैं। उसके पिता देश से बाहर गए हुए हैं। दलित लड़के ने बताया कि दोनों आरोपियों ने उससे कपड़े उतारने को कहा। उसके बाद दोनों ने उसके साथ कुकर्म किया और घटना का वीडियो भी बनाया। उन्होंने उसे डंडों और लोहे की रॉड से पीटा और उसके ऊपर पेशाब भी किया।

# 'महाभियोग लाओ... ट्रंप को हटाओ'

## 15 दिन में दूसरी बार ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जनता का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। राष्ट्रव्यापी आंदोलन के दो हफ्ते बाद पूरे अमेरिका में दोबारा लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ट्रंप की नीतियों का विरोध करने में जुटे हैं। सड़क पर उतरे लोगों ने ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। डेनवर में सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी कोलोराडो राज्य कैपिटल में जुटे। उन्होंने आप्रवासियों के साथ एकजुटता व्यक्त की। लोगों ने बैनरों पर लिख रखा था कि हाथ मत लगाओ। कुछ लोगों ने अमेरिका का झंडा फहराया तो कुछ ने उसे उल्टा कर दिया, ताकि यह बताया जा सके कि देश में संकट का समय चल रहा है।



हजारों की संख्या में लोगों ने पोर्टलैंड के ओरेगन में डाउनटाइउन तक मार्च किया। उधर, सैन फ्रांसिस्को में सैकड़ों लोगों ने प्रशांत महासागर के किनारे विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। यहां लोगों ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लगाओ और हटाओ के बैनर लेकर पहुंचे। अलास्का के डाउनटाउन में भी ऐसा ही प्रदर्शन देखने को मिला। कुछ स्थानों पर टेस्ला कार डीलरशिप के सामने भी लोगों ने अपने गुस्से का इजहार किया। टेस्ला के मालिक एलन मस्क डोनाल्ड ट्रंप के करीबी हैं। ट्रंप ने उन्हें सरकारी दक्षता विभाग की जिम्मेदारी दे रखी है। मस्क के आदेश पर ही कई विभागों में छंटनी की गई। इसी वजह से अमेरिका की जनता मस्क से भी खफा है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे ट्रंप के नागरिक अधिकारों और संवैधानिक उल्लंघनों के खिलाफ हैं। न्यूयॉर्क में हाथों में तख्तियां लेकर लोगों की भीड़ मुख्य पुस्तकालय के बाहर जुटी। इन तख्तियों में अमेरिका में कोई राजा नहीं और अत्याचार का विरोध करें जैसे नारे लिखे थे। एक व्यक्ति के कार्डबोर्ड पर लिखा था कि सामंती युग समाप्त हो गया है। कॉनकॉर्ड में विरोध प्रदर्शन में शामिल बोस्टन के रहने वाले जॉर्ज ब्रायंट का कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका को एक पुलिस राज्य बना रहे हैं। उनके हाथ में एक तख्ती थी। इस पर लिखा था कि ट्रंप के फासीवादी शासन को अब जाना चाहिए।

## कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की हत्या



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की रविवार को उनके बेंगलुरु स्थित आवास पर हत्या कर दी गई। 1981 बैच के वरिष्ठ आईपीएस

### खून से लथपथ मिली ओम प्रकाश की लाश, हिरासत में पत्नी

अधिकारी रहे ओम प्रकाश का शव खून से लथपथ हालत में घर के अंदर मिला। शुरुआती जांच में पुलिस को हत्या की आशंका है और शक की सुई उनकी पत्नी पर घूम रही है। घटना के वक्त पत्नी और बेटी घर में मौजूद थीं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

इस मामले पर बोलते हुए बेंगलुरु सिटी पुलिस ने कहा, कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश, 1981 बैच के आईपीएस अधिकारी की बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट में हत्या कर दी गई। घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

ओमप्रकाश बेंगलुरु के जिस घर में रह रहे थे, वहां रविवार दोपहर को उनका शव बरामद हुआ। शुरुआती जांच में पता चला कि उस वक्त घर में उनकी पत्नी और बेटी मौजूद थीं। शव पर चोट के निशान थे, जिससे साफ है कि यह हत्या का मामला है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि पत्नी ने खुद पुलिस को फोन कर हत्या की जानकारी दी, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो उन्होंने दरवाजा खोलने से मना कर दिया।

## टैरिफ वार : चीन से बात कर रहा है अमेरिका : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका टैरिफ को लेकर चीन के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें विश्वास है कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं एक कड़वे व्यापार युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौता कर सकती हैं। ट्रंप ने कहा, हां, हम चीन से बात कर रहे हैं। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा कि मैं कहूंगा कि उन्होंने कई बार संपर्क किया है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से सीधे बात की है? तो उन्होंने इस पर कोई जवाब नहीं दिया, जबकि उन्होंने पहले भी कई संकेत दिए थे कि उन्होंने इस बारे में बात की है। शी के साथ बातचीत के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि ऐसा हुआ है या नहीं। यह उचित नहीं है। पत्रकारों की ओरसे यह पूछे जाने पर कि क्या शी ने उनसे संपर्क किया है? ट्रंप ने जवाब दिया कि आपको लगता होगा कि यह बहुत स्पष्ट है कि उन्होंने ऐसा किया है, लेकिन हम जल्द ही इस बारे में बात करेंगे। ट्रंप का प्रशासन सुपरपावर प्रतिद्वंद्वी चीन के साथ आसमान छूते पारस्परिक शुल्कों के युद्ध में उलझा हुआ है। इस लड़ाई ने विश्व बाजारों को बेचैन कर दिया है। जब इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी यूरोपीय संघ पर अमेरिकी शुल्कों को समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता के लिए अमेरिका आई थीं, तब व्हाइट हाउस में ट्रंप ने हर कहा था कि मुझे लगता है कि हम चीन के साथ बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं।

## हार्वर्ड मामले में ट्रंप प्रशासन का यू-टर्न

**वाशिंगटन।** पिछले शुक्रवार यानी 11 अप्रैल को ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को एक पत्र भेजा था। इसमें प्रवेश और पाठ्यक्रम के अलावा विश्वविद्यालय की फंडिंग को रोकने का उल्लेख था। विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के बीच ट्रंप प्रशासन ने यह फैसला लिया था। मगर एक हफ्ते बाद ही ट्रंप प्रशासन ने माना किया हार्वर्ड विश्वविद्यालय को गलती से अनधिकृत पत्र भेजा गया था। ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी ने हार्वर्ड से संपर्क किया और बताया कि यहूदी विरोध पर व्हाइट हाउस के टास्क फोर्स से मिलने वाला पत्र नहीं भेजा जाना चाहिए था। दो अन्य अधिकारियों ने बताया कि यह अनधिकृत था। तीन अन्य लोगों ने बताया कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय को यह पत्र स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के कार्यकारी महाधिवक्ता सीन केवेनी ने भेजा था।

## भारतीय और चीनी छात्रों ने ट्रंप प्रशासन पर दर्ज कराया मुकदमा

**न्यू हैंपशायर।** अमेरिका में पढ़ रहे तीन भारतीय और दो चीनी छात्रों ने अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग और अन्य इमिग्रेशन अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। छात्रों का आरोप है कि अधिकारियों ने एकतरफा और गैरकानूनी तरीके से उनका एफ-1 स्टूडेंट वीज़ा स्टेटस रद्द कर दिया, जिससे हजारों अंतरराष्ट्रीय छात्र प्रभावित हुए हैं। यह मुकदमा अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन की ओर से न्यू हैम्पशायर की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर किया गया है। याचिका में कहा गया है कि एफ-1 स्टेटस समाप्त होने के कारण छात्र न केवल अवैध प्रवासी की स्थिति में आ गए हैं, बल्कि उन्हें डिटेंशन, डिपोर्टेशन और गंभीर आर्थिक व शैक्षणिक संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। छात्रों का कहना है कि अब वे अपनी डिग्री पूरी नहीं कर सकते और ना ही ग्रेजुएशन के बाद मिलने वाले ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा ले सकते हैं।

## राज और उद्धव ठाकरे एक हों तो स्वागतयोग्य : सुप्रिया

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि अगर अलग हुए चचेरे भाई राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के हित में फिर से एक साथ हो जाते हैं तो इसका 'पूरे दिल से स्वागत' किया जाना चाहिए। सुले ने दोनों चचेरे भाइयों के बीच सुलह की संभावना के बारे में लगाई जा रही अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। सुले ने संवाददाताओं से कहा, 'राज ठाकरे ने कहा है कि महाराष्ट्र में हो रहा विवाद उनके विवाद से बड़ा है। यह मेरे लिए खुशी की खबर है.... अगर (दिवंगत शिवसेना संस्थापक) बाल ठाकरे हमारे बीच होते तो वह आज बहुत खुश होते।' उन्होंने कहा, अगर दोनों भाई महाराष्ट्र के हित के लिए फिर से एकजुट हो रहे हैं तो हमें इसका तहे दिल से स्वागत करना चाहिए।

बाजार दर्पण

AWPL
परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें
सुख और समृद्धि दोनो पायें
आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें
जय किशन यादव



फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट
पता– 6/2 कटरा माधोकुँज प्रयागराज
मो. 9935657889



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089